
सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
14.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 269 | 06 | वर्तमान भारत में डॉ अंबेडकर की स्वीकार्यता




# छविरंजन और पत्नी समेत 22 ठिकानों पर इडी का छापा

## रांची, टाटा, सिमडेगा समेत गोपालगंज और कोलकाता में एक साथ रेड

>> बड़गाई अंचलकर्मी भानू गिरफ्तार, घर से मिले जमीन से जुड़े कई अहम दस्तावेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुरुवार की सुबह रांची के पूर्व डीसी (वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के निदेशक) छवि रंजन के रांची आवास, जमशेदपुर के कदमा स्थित उनकी पत्नी लवली चौबे के आवास समेत बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल में स्थित 22 ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की। छापेमारी में इडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे। जमशेदपुर आवास से लवली चौबे के घर के कैश भी बरामद किया गया है। इडी की टीम ने रांची बड़गाई अंचल के सीआइ भानू के बरियातू और सिमडेगा स्थित घर में दबिश दी। इडी ने उसके घर से जमीन संबंधी दस्तावेज, फर्जी स्टांम्प समेत कई दस्तावेज को बरामद किया है। पुलिस ने सीआइ भानु प्रताप को गिरफ्तार कर लिया है। यह छापामारी सेना की जमीन खरीद बिक्री के मामले में तीन राज्यों में एक साथ 22 ठिकानों पर की गयी। इडी के कहर में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, जमीन कारोबारी अफसर अली, सद्दाम हुसैन, अधिवक्ता मदन कुमार, इम्तियाज अली, राजस्व कर्मी अशोक सिंह, भानु प्रताप और दीपक कुमार के घर पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इडी की टीम ने कोलकाता के आसनसोल स्थित प्रदीप बागची के यहां छापेमारी की गयी। इडी ने बिहार के गोपालगंज में जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बनतैल गांव में कुचायकोट प्रमुख बबली सिंह के भाई राजेश राय के घर भी छापा मारा और वहां से जमीन संबंधी दस्तावेज जब्त किया।

(शेष पेज 11 पर)



भानु

### भानु के यहां मिले कागजात से इडी हैरान

ईडी की टीम बड़गाई के अंचल कर्मी भानु प्रताप के बरियातू स्थित घर पहुंची थी। घर में जांच के दौरान ईडी को एक कमरा बंद मिला। उस कमरे में ताला बंद था। जब कमरे को खोल कर इडी के अफसर अंदर गये तो वे चौंक उठे। कमरे के अंदर स्टील के कई बक्से पड़े थे जिनके अंदर हजारों की संख्या में जमीन संबंधित दस्तावेज थे। पूछताछ में जानकारी मिली कि कर्मचारी सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज घर में ही रखता था, ताकि जरूरत के हिसाब से उन में हेर-फेर किया जा सके। जानकारी के मुताबिक भानु प्रताप के घर से बड़े-बड़े बक्सों में रखे गये कई महत्वपूर्ण जमीनों के कागजात इडी ने बरामद किये हैं। वहीं अफसर खान के घर हुई छापेमारी में इडी ने कोलकाता रजिस्ट्रार ऑफिस से संबंधित फर्जी स्टांप बरामद किया है। फर्जी कागजातों के जरिये जमीन का हस्तांतरण करने में महारत हासिल करने वाले अफसर अली के घर पर दो कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के फर्जी स्टांप तक बरामद किये गये हैं। अफसर के घर से कई ऐसे दस्तावेज बरामद हुए हैं जो यह साबित करते हैं कि जमीन माफिया और सीओ ऑफिस के कर्मचारियों के बीच गहरी सांठगांठ है।

### कहां- कहां हुई कार्रवाई

नामकुम सीओ विनोद प्रजापति के आवास, रांची हिंदपीढ़ी निवासी अशरफ खान उर्फ चुन्नू के आवास, बड़गाई अंचल के सीआई भानू प्रसाद के सिमडेगा स्थित पैतृक आवास पर छापा, भानू प्रसाद का पैतृक आवास सिमडेगा बस स्टैंड के समीप झूलन सिंह चौक पर स्थित घर। आइएएस छवि रंजन के रांची स्थित आवास और जमशेदपुर कदमा स्थित आवास पर छापा, कागजात, जेवरात और कैश बरामद, बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बनतैल गांव में कुचायकोट प्रखंड प्रमुख बबली सिंह के भाई राजेश राय के घर पर दबिश, कोलकाता के आसनसोल में प्रदीप बागची के घर छापा।

**टाटा आवास से बरामद कैश की गिनती :** जमशेदपुर के कदमा स्थित छवि रंजन के आवास पर इडी को भारी मात्रा में कैश मिला है। छवि रंजन के मास्टर बेडरूम के फ्लैट के अंदर स्पेशल सेफ्टी (तीन अलग-अलग दरवाजा) का इंतजाम है। इडी की टीम ने आदित्यपुर स्थित उनके रिश्तेदार को यहां बुलाकर फ्लैट को खुलवाया। रिश्तेदार फ्लैट का केयरटेकर है।

**सेना की जमीन से जुड़ा है मामला** इडी ने यह कार्रवाई करम टोली में सेना की 4.55 एकड़ जमीन को गलत तरीके से बेचने के मामले में की। इसके साथ ही कई जमीन की रजिस्ट्री, उसका म्यूटेशन भी गलत तरीके से कराने का मामला शामिल है। इसमें जिला प्रशासन की भूमिका को इडी ने संदिग्ध पाया था। जब जमीन की हेराफेरी हुई थी तो उस वक्त छवि रंजन रांची के डीसी थे। बनतैल गांव निवासी राजेश राय के पिता जगदीश राय (अब स्व.) तब झारखंड के जमशेदपुर में किसी विभाग में कार्यरत थे। इसी बीच उन्होंने एक 22 कट्ठा जमीन खरीदी थी लेकिन इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। इसी दौरान जमशेदपुर का एक व्यक्ति राजेश राय के घर पहुंचा और लीज पर जमीन की मांग की और राजेश राय ने लीज पर जमीन दे दी। इसके बाद पता चला कि ये जमीन सेना की है। मामला संज्ञान में आने के बाद इडी ने उस वक्त बिहार के तीन जगह एक साथ रेड मारा था।

# अतीक अहमद का बेटा असद मुठभेड़ में ढेर



>> 5 लाख का था इनाम, झांसी में यूपी एसटीएफ से हुई भिड़ंत, शूटर गुलाम भी मारा गया

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में यूपी एसटीएफ ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का एनकाउंटर कर दिया। इसके अलावा एक और शूटर गुलाम को भी पुलिस ने ढेर कर दिया है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड में शामिल थे। दोनों पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। गुरुवार को झांसी में डीएसपी नवेंदु और डीएसपी विमल के नेतृत्व में यूपी एसटीएफ की टीम के साथ दोनों की मुठभेड़ हो गयी। इसमें दोनों ढेर हो गये। पुलिस ने बताया कि वह भागने की फिराक में था और उसने 40 राउंड तक गोली भी चलायी लेकिन वह भागने में सफल नहीं हो सका और वहीं पर ढेर हो गया। एसटीएफ ने दोनों के पास से कई विदेशी हथियार भी बरामद किये हैं। पुत्र के मारे जाने की खबर सुन कर पिता अतीक अहमद कोर्ट में ही फूट-फूट कर रोने लगा और बेहोश हो कर गिर पड़ा। इससे पहले यूपी एसटीएफ ने प्रयागराज पुलिस के साथ उमेश पाल हत्याकांड में चार आरोपियों को एनकाउंटर में ढेर कर चुकी है। इसके बाद ये पांचवां एनकाउंटर झांसी में हुअ, जिसमें माफिया अतीक का बेटा असद मारा गया। असद, उमेश पाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी था। गुलाम भी इसी मामले में वांछित था और पांच लाख का इनामी था। उमेश पाल हत्याकांड में यूपी एसटीएफ की यह कार्रवाई बड़ी मानी जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

**5 दिन के रिमांड पर अतीक, कोर्ट में ही रोने लगा :** माफिया अतीक अहमद और उसके छोटे भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पांच दिन की कस्टडी रिमांड पुलिस को मिल गयी है। सीजेएम कोर्ट ने पुलिस को 13 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल की शाम 5 बजे तक की कस्टडी रिमांड दे दी है। माफिया अतीक अहमद को पेशी के लिए प्रयागराज कोर्ट लाया गया था। यहां उसके पुलिस रिमांड पर दिये जाने के मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। उसी बीच असद के एनकाउंटर की खबर मिली। अतीक फफक-फफक कर रोने लगा। इसके साथ ही कोर्ट में पेशी पर आया अतीक का भाई और असद के चाचा अशरफ की आंखों से भी आंसू निकलने लगे।

## न्यूज डायरी

### खूंटी: तालाब में डूबकर स्कूली छात्र की मौत

**खूंटी।** हुटूबदाग बस्ती के खेत में नगर पंचायत से खोद गये नये तालाब में गुरुवार को स्कूली छात्र की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान खूंटी के टंगराटोली निवासी मुनूरेन होरो के पुत्र सैम होरो (12) के रूप में हुई है।

### झारखंड के सात जिलों का पारा 40 के पार

**रांची।** झारखंड के सात जिलों का अधिकतम तापमान 40° तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ेगी, पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में तापमान अभी और बढ़ने की संभावना है, जिससे कई हिस्सों में लू और गर्म हवाएं तेज होने लगी है।

### बीबीसी इंडिया पर अनियमितता का केस

**नयी दिल्ली।** ईडी ने विदेशी फंडिंग में अनियमितताओं के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत बीबीसी इंडिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कदम ऐसे समय उठा है, जब आयकर विभाग ने कई कार्यालयों में आयकर ने सर्वे चलाया था।

### 17 को रांची में जुटेंगे छात्र 19 को बंद का आह्वान

**रांची।** झारखंड में नियोजन नीति को लेकर छात्रों के एक गुट के झारखंड बंद बुलाने के बाद एक बार फिर छात्र संगठनों ने 19 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। इससे पहले 17 अप्रैल को सीएम आवास घेराव की तैयारी है।

### सचिवालय घेराव : कई नाम अनुसंधानकर्ता ने जोड़े

**रांची।** सचिवालय घेराव के दौरान पत्थरबाजी और उपद्रव के मामले में जिन-जिन नेताओं के नाम छूटे थे उनके नाम पुलिस ने अपनी डायरी में जोड़ लिये। पलिस ने डायरी में पूर्व डीजीपी सह सांसद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व कई विधायकों के नाम जोड़े जो प्रदर्शन में मौजूद थे।

### नक्सलियों के बंद की घोषणा से प्रशासन अलर्ट

**रांची।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 14- 15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जायेगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,500 रु./प्रति किलो |

# तीन जिले बनाये जा रहे हैं वनोपज हब : सीएम




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपज आधारित उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर जीविका का महत्वपूर्ण स्रोत बनाया जा सकता है। वह गुरुवार को सिद्धो-कान्हो कृषि व वनोपज सहकारी लिमिटेड के निदेशक पर्षद की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने पर बल दें। सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड राज्य में कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी, फल, इमली, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, लाह, महुआ, करंज, रेशम सहित अन्य का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण तथा क्रय-विक्रय के लिये मार्केटिंग की कारगर व्यवस्था तैयार करें। (शेष पेज 11 पर)

### मास्टर प्लान के तहत बने एमएलए फ्लैट: मुख्यमंत्री

सीएम सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी के निदेशक पर्षद की बैठक हुई। जिसमें जीआरडीए अंतर्गत एचईसी क्षेत्र में 45 एकड़ भूमि पर विधायकों के लिए बनाये जाने वाले आवास निर्माण से संबंधित जानकारी सीएम के समक्ष रखी गयी। विधायकों के लिए 70 आवास बनाया जाना प्रस्तावित है। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीआरडीए) विधायकों के लिए बनाये जाने वाले आवासों में मास्टर प्लान के तहत हो। सीवरेज ड्रेनेज, सड़क एवं पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें। ससमय आवास निर्माण कार्य पूरा किया जा सके। बैठक में मुख्य सचिव समेत तमाम अधिकारी उपस्थित थे।



### देवघर एम्स में भीषण आग, जांच के आदेश

**देवघर।** निर्माणाधीन एम्स में गुरुवार को भीषण आग लग गयी। आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। अस्पताल में मौजूद सभी लोग जान बचाकर बाहर निकल आये। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। प्रथमदृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बतायी जा रही है। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि देवघर एम्स की मुख्य बिल्डिंग के पोर्टिको के बाद वाले भाग में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी जानमाल की क्षति नहीं हुई। शुरुआती जांच में पाया गया कि आग वेल्डिंग के दौरान वेस्ट मैटेरियल में लगी थी, जिसे पूर्ण रूप से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया गया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने देवघर एम्स में आग लगने की खबर पर संज्ञान लिया है। एम्स डायरेक्टर से हादसे की जानकारी ली और जांच के आदेश दिये।

## रोजगार मेला में पीएम ने 71 हजार अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

# रांची में मुंडा ने 272 युवाओं को दिया लेटर

➲ मोदी सरकार युवाओं के उत्थान को कटिबद्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे रोजगार मेला के तहत गुरुवार को पीएम मोदी ने झारखंड सहित देश भर के 71 हजार 506 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। 10 लाख युवाओं को रोजगार देने के अभियान के तहत इस चौथी रोजगार मेला में झारखंड से चयनित 272 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

राजधानी स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस सभागार में मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित हुए। पीएम के संबोधन के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड से चयनित 25 अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंप उन्हें बधाई दी।


**दरभंगा हाउस में समारोह :** इस चौथे रोजगार मेला में झारखंड से 272 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। पीएम के कार्यक्रम में रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस सभागार में झारखंड के अभ्यर्थी ऑनलाइन जुड़े थे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, कांके विधायक समरी लाल और रांची विधायक सीपी सिंह समेत कई नेता मौजूद थे।

(शेष पेज 11 पर)



### अब हर क्षेत्र में हो रहा है विकास : पीएम मोदी

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देश में स्टार्टअप के माध्यम से मिल रहे रोजगार पर खुशी जताते हुए कहा कि सरकारी नौकरी के साथ-साथ स्टार्टअप के माध्यम से बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिल रहा है। 2014 से आज की तारीख की तुलना करते हुए कहा कि देश हर क्षेत्र में विकास के रास्ते पर बढ़ा है और बड़े पैमाने पर विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं लघु उद्योग के क्षेत्र में तेजी से रोजगार सृजन हुए हैं और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। अभ्यर्थियों ने खुशी जताते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार जताया और कहा कि कड़ी परिश्रम के बाद जो सफलता मिली है उससे हम बेहद उत्साहित हैं।

# वादों की सरकार वादे पूरा करने के बजाय राज्य को खोखला कर दिया : सहिस

स्पीड न्यूज

## एक्सएलआरआइ में एचआर कॉन्क्लेव सिंक्रोनाइज का आयोजन कल



**जमशेदपुर।** अभूतपूर्व महामारी के दौरान दुनिया को वर्चुअल मोड के लिए मजबूर किया गया था, एक्सएलआरआई ने कल्पना की और एक्सओएल के माध्यम से अपनी तरह का पहला एआईसीटीई अप्रूव्ड दो वर्षीय ऑनलाइन स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम सफलतापूर्वक लॉन्च किया। एक्सएलआरआई 15 अप्रैल को सुबह 9 बजे से एक्सओएल पीजीडीएचआर हाई टेक, हाई पीपल पर एक विशेष एचआर कॉन्क्लेव सिंक्रोनी लॉन्च कर रहा है, जो विशेष रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रदान करने के लिए क्यूरेट किया गया है, और प्रख्यात पेशेवरों और तेजी से विकसित एचआर परिदृश्य के क्षेत्र में नवीनतम रुझानों की खोज करता है। विशेष रूप से क्यूरेटेड कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित उद्योग के साथ चार सेशन होंगे। मुख्य वक्ता अमित सचदेव डेटा इंटेलीजेंस : एचआर की रणनीतिक क्षमता की कुंजी पर टाटा बिजनेस के चीफ पीपुल ऑफिसर हैं। हनीदीप सिंह– सीनियर डायरेक्टर– एचआर, पांडो, योगेश कुमार शर्मा पहली पैनल पर चर्चा करेंगे। ग्लोबल लीडर टीए– ईबी, देबजीत भट्टाचार्य, हेड एचआर, पाइन लैब्स के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और तिलक दास, वाइस प्रेसिडेंट एचआर रिलायंस ट्रेंड्स वर्कप्लेस 2.0 : द न्यू नॉर्मल पर चर्चा करेंगे। दूसरे पैनल डिस्कशन में मेजर (सेवानिवृत्त) दीप्ति तिवारी, सीएचआरओ एचसीजी ग्लोबल एंटरप्राइज, शांतनु धर सीएचआरओ हिंदुस्तान पावर, नितिन नाहटा सीएचआरओ गेम्सक्राफ्ट और शांतनु दास–सीएचआरओ एमवे विविधता, समानता, समावेश और अपनेपन पर चर्चा करेंगे की कैसे सामान्य से आगे बढ़े।

## शांतिपूर्वक अदा करें जुम्मे की नमाज : बाबर खान

**जमशेदपुर।** झामुमो नेता बाबर खान ने शहर के नमाजियों से अपील की है कि जुमा की नमाज शांतिपूर्वक तरीके से अदा करें और जिला प्रशासन को सहयोग करें। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि शास्त्री नगर मस्जिद क्षेत्र से धारा 144 हटाया जाए, और 2 नंबर रोड को आवाजाही के लिए खोला जाए। ज़िला प्रशासन शास्त्री नगर मस्जिद में सीसीटीवी लगवाए। यहां जुम्मे की नमाज सीसीटीवी की निगरानी में करायी जाए।

## आजसू ने निकाला न्याय मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरुवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के नेतृत्व में आम बगान (सुभाष मैदान) से न्याय मार्च यात्रा का शुभारंभ हुआ जो जिला मुख्यालय पर पर प्रदर्शन के रूप में तब्दील हुआ और फिर वक्ताओ द्वारा अपने अपने विचार रखे गए।

बतौर अतिथि न्याय यात्रा में शामिल हुआ राज्य के पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि हमारा मकसद यहा धरना प्रदर्शन करने का नही है, हम तो आपके द्वारा किए चुनावी वादे जो सदन में और अपने चुनावी घोषणाओं में जिक्र किया है बस उन्ही को याद दिलाने आए है कि मुख्यमंत्री जी आपने जो वादे किए थे बस उन्ही को पूरा कर दीजिए। आखिर कौन सा विडंबना है कि राज्य के युवा सड़को पर अपने अधिकार को लेकर संघर्ष करते है और आप उनके बातो को सुनने के बजाय उन्ही पर लाठियां बरसा रहे हैं। इसलिए इस राज्य के युवा आपको सत्ता से उखाड़ फेंकने को तैयार है। वही जिला प्रभारी सह केंद्रीय सचिव प्रो रवि शंकर मौर्या ने बताया कि राज्य के मुखिया हिटलरशाही पर उतर गए है उन्हे इतना भी ज्ञान नहीं है की जनता द्वारा चुनी सरकार से सेवा करने का राज्य की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है लेकिन आपने तो हर क्षेत्र में लूट मचा रखी है। स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनाने में आपकी बेबसी साफ झलक रही है लेकिन प्रचार प्रसार और जनता की आवाज दबाने में आप सबसे आगे निकल गए हैं। यात्रा का नेतृत्व पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने करते हुए बताया कि सरकार के होर्डिंग में लिखा हुआ दिखता है की हेमंत है तो हिम्मत है लेकिन ये हिम्मत लूट -खसोट और युवाओं के भविष्य को छलने और धोखा देने का है। यात्रा में युवा नेता आकाश सिन्हा सैकड़ो युवाओं संग सुदेश महतो के मुखौटा लगा और हाथो में सरकार विरोधी नारों के साथ शामिल हुए।




जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते राज्य के पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, कन्हैया सिंह, प्रो रविशंकर व टीम।

### सात सूत्री मांगों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को मांग पत्र इस प्रकार है

- आजसू पार्टी राज्य में अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर रिक्त सभी सरकारी पदों को भरने की मांग पर जोर देती है। साथही रोजगार सृजन के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे बेरोजगारों में व्याप्त निराशा और हताशा दूर हो।
- जातीय जनगणना : झारखंड में जातीय जनगणना निहायत जरूरी है। पिछड़ा आरक्षण तय करने के लिए भी यह मजबूत आधार है। झारखंड में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की बहुप्रतीक्षित मांग जातीय आंकलन जनगणना में होता है।
- आजसू पार्टी पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थे, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने और सरना धर्म कोड लागू करने की मांग पर जोर देती रही है।
- संसाधनों की लूट बंद हो।

### न्याय यात्रा में उपस्थित आजसू नेतागण

न्याय मार्च यात्रा में केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह, प्रणव मजूमदार, सागें हंसदा, जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष फणिभूष्ण महतो, संजय मालाकार, बुद्धेश्वर मुर्मू, राजेश कर्मकार, संतोष सिंह, संजय सिंह, कमलेश दुबे, अप्पू तिवारी, दीपक अग्रवाल,मुन्ना सिंह, प्रमोद सिंह, सोमू भौमिक, अजय सिंह बब्बू, बुल्लू रानी सिंह सरदार, आकाश सिन्हा, अशोक मंडल, ललन झा, चंद्रेश्वर पांडेय, मानिक महतो, निरंजन महतो, देवाशीष चौधरी, शैलेंद्र सिन्हा, मृत्युंजय सिंह मनोज ठाकुर, के आलवे जिला के सभी मंडल के अध्यक्ष अपने पूरी टीम के साथ जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने पूरी टीम के साथ के साथ सभी अनूसंगी इकाई के सभी पदाधिकारी जैसे छात्र मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा महासभा, अनुसूचित जाति महासभा, अनुसूचित जन जाति महासभा, बुद्धजीवी महासभा, व्यापार एवम उद्योग महासभा, के अलावे आजसू के सभी कार्यकर्ताओं लगभग हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# पूरे राज्य में तेज गर्मी ने बढ़ाई स्कूली बच्चों की परेशानी

- धालभूमगढ़ में कक्षा तीन की छात्रा हुई बेहोश
- कुणाल षाड़ंगी ने राज्य के मुख्य सचिव से की बात
- स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड में गर्मी ने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ती गर्मी से लोगों की परेशानी अब बढ़ने लगी है। दिन-प्रतिदन बढ़ते तापमान से दोपहर के वक्त सड़कों पर सन्नाटा रहता है। वहीं, सड़क पर गर्म हवा के झोंके राहगीरों को झुलसा रहे हैं। लगातार बढ़ रही गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल के छात्र-छात्राओं को हो रही है, जब उन्हें दोपहर की चिलचिलाती धूप में अपने घर लौटना पडता है।

गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिले का अधिकत्तम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम पूवार्नुमान की माने तो अगले पांच दिन में तापमान और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में पड़ रही अधिक गर्मी के कारण कई बच्चे स्कूल में बेहोश हो रहे हैं। जिसके चलते छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग उठने लगी है। भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी से कई अभिभावकों ने फोन पर समस्याओं से अवगत कराते हुए हस्तक्षेप का आग्रह किया। जिसपर कुणाल षाड़ंगी ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से फोन पर बात करते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सुबह दस बजते ही तेज गर्मी शुरू हो जाती है। सरकारी स्कूलों के बच्चों को दोपहर की तपती धूप में पैदल घर आना होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं दोपहर 12 बजते ही सड़क पर सन्नाटा पसरने लगा है। ऐसे में बच्चों के स्कूल समय में बदलाव करने की अत्यंत आवश्यकता है। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि गुरुवार को जिले के आदर्श मध्य विद्यालय, धालभूमगढ़ के कक्षा तीन की छात्रा दिव्यांशु कुमारी का बढ़ती गर्मी व तपिश के कारण नाक से खून बहने लगी और वे बीमार पड़ गए। कुणाल ने मुख्य सचिव से बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए स्कूल खुलना भी जरूरी है, लेकिन उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। ऐसे में उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्कूल को प्रातः 6:30 बजे से प्रारम्भ कर अधिकतम 11 बजे तक करने का आग्रह किया। जिसपर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने मामले में उचित संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है।





गर्मी से नाक से खून निकलने पर परेशान छात्रा और कुणाल षाड़ंगी।

## सीतारामडेरा में तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा आज से



अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ नीतू पी चौधरी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वेलफर मिशन ऑफ इंडिया, जमशेदपुर की ओर से आगामी 14, 15 एवं 16 अप्रैल को सीतारामडेरा स्थित आदिवासी एसोसिएशन हॉल प्रांगण में तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा उठ प्रकाशमान हो का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में 14 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक महिलाओं के लिये विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला को करने का मुख्य उद्देश्य आज के परिस्थिति में मानसिक रूप से जूझ रहे प्रत्येक महिलाओं के आत्मिक जीवन को मरम्मत कर के आध्यात्मिक एवं समाजिक दिशा में प्रज्वलित करना है। साथ ही साथ प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से प्रत्येक परिवारों के लिये विशेष आत्मिक जागृति सभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में 15 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक युवाओं के लिये विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं परिवारों को आत्मिक रीति से मजबूत करने के लिए महान परमेश्वर के अभिषिक्त दासी सह अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ नीतू पी चौधरी, चंडीगढ़ से पधार रही है।

## समुदाय विशेष के खिलाफ चैट करने पर तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हाल ही में जमशेदपुर जिला अंतर्गत शास्त्री नगर, कदमा में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक घटना के बाद जमशेदपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक एवमं व्हाट्सएप ग्रुप पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही थी इस क्रम में दिनांक-12/04/23 को तकनीकी माध्यम से पुलिस को आसूचना प्राप्त हुई कि जमशेदपुर के कुछ लोगों के द्वारा एक 'हिन्दूत्वं' नाम से व्हाट्सएप ग्रुप क्रिएट कर चैटिंग के माध्यम से किसी खास समुदाय/वर्ग के लोगो के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है जिसकी निर्धारित तिथि 12/04/23 की रात्रि में रखी गई है। पुलिस को मिले तकनीकी साक्ष्य का त्वरित सत्यापन के क्रम में उपरोक्त हिंदुत्व ग्रुप के ग्रुप एडमिन 1.सुब्रतो मुखी उम्र-20 वर्ष,पे०-मुरली मुखी पता-धतकीडीह हरिजन बस्ती, थाना-बिष्टुपुर सहित धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अन्य दो उपरोक्त व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य 2. ऋषभ मुखी, उम्र-19 वर्ष, पे०-स्व० आलोक मुखी, पता-हरिजन बस्ती, धतकीडीह, थाना-बिष्टुपर 3. अंकित मुखी, उम्र-20 वर्ष, पे०-अमरनाथ मुखी, पता-राम नगर, थाना-कदमा सभी जिला-पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर की पूछताछ के दौरान धार्मिक उन्माद फैलाने में अपनी संलिप्तता की बात को स्वीकार की गई तत्पश्चात उन सभी के पास से उपरोक्त व्हाट्सएप ग्रुप से सम्बंधित मोबाइल फोन को जप्त कर उनकी गिरफ्तारी पश्चात न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

जमशेदपुर पुलिस ने पुनः सभी जमशेदपुरवासियों से आग्रह किया है कि किसी भी अफवाह में न आएं साथ कोई ऐसा कृत्य न करें जिससे विधि व्यवस्था प्रभावित हो।



गिरफ्तार युवक।

## देश-विदेश के तीन लाख लोग शामिल होंगे : सालखन

**पोटका।** आदिवासी सेंगेल अभिमान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा है कि आदिवासी गांव, समाज की स्थिति खतरे में है। उन्होंने इसके लिए तीन आदिवासी स्वशासन व्यवस्था, झामुमो और ईशाई मिशनरियों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। मुर्मू अपने सांगठनिक पदाधिकारी संग गुरुवार को हाता में प्रेसवार्ता कर कहा कि आदिवासी अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी पर हमला तेज है। इसके लिए आदिवासी सेंगेल अभियान फिलहाल सात प्रदेशों (झारखंड बंगाल बिहार ओडिशा असम अरुणाचल प्रदेश त्रिपुरा) के लगभग 300 प्रखंडों में क्रियाशील है। सेंगेल अभियान 30 जून 2023 को बिग्रेड परेड मैदान कोलकाता में सरना धर्म कोड विश्व जनसभा का आयोजन करेगी। इस जनसभा में तीन लाख लोग देश विदेश से शामिल होंगे। देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया जाएगा।





स्पीड न्यूज

## बोकारो के निदेशक प्रभारी बने सेल के चेयरमैन

**बोकारो।** भारत सरकार अंतर्गत कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के लोक उद्यम चयन बोर्ड में आज सायं कुल नौ आवेदकों के बीच बोकारो इस्पात संयंत्र के अमरेंदु प्रकाश सभी को पीछे करते हुए सेल चेयरमैन के पद पर चयनित हुए। इनके अतिरिक्त इस दौड़ में भिलाई संयंत्र के अनिरबन दासगुप्ताएसेल के वाणिज्य निदेशक वीएस चक्रवर्तीए दुगार्पुर व बर्नपुर के निदेशक प्रभारी बीपी सिंहए सेल के ईडी जगदीश अरोड़ाए अन्य संगठन के राकेश तुमानेए एण मुखर्जीए अशोक कुमार वर्मा एवं यतेंद्र कुमार शामिल रहे।

## ग्रामीणों ने अवैध लोहा लदा वाहन पकड़ा

**कतरास।** बीसीसीएल से चोरी कर स्क्रैप लोहा लेकर जा रहे टाटा 407 गाड़ी नंबर जेएच 10 जे 8570 को ग्रामीणो ने दिनदहाड़े हो रही लोहा करोबार को जोगता थाना क्षेत्र के बाघमारा एडीपीओ ऑफिस के सामने जोगता नागरिक समिति के लोगों ने गाड़ी को रोक कर सूचना दिया गया। गाड़ी को एसडीपीओ के कार्यालय ले जाया गया। जहा कानूनी कार्रवाई हेतु एसडीपीओ ने बीसीसीएल स्क्रैप लोहा लदे गाड़ी को जोगता थाना को सौप दिया।

## पीएनबी के 50 सदस्यों ने किया रक्तदान

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर चार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय ने पीएनबी के 129वें स्थापना दिवस पर बीजीएच के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सर्वप्रथम मंडल प्रमुख बोकारो सुबोध कुमार ने रक्तदान किया। शिविर में पीएनबी के 50 सदस्यों ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजन में बीजीएच के उप.मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमारए डॉ सुरेन्द्र कुमारए सिस्टर नीता सीए महेंद्र प्रसादए सुमन कुमारीए वी कुमारीए आशीष कुमार एवं कौशल कुमार की अहम भूमिका रही।

## लोयाबाद थाना में शांति समिति की बैठक

**लोयाबाद** । थाना परिसर मे गुरुवार को रमजान व ईद उल फित्र को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव की अध्यक्षता मे की गई।बैठक मे हिन्दू मुस्लिम दोनो ही वर्ग के प्रबुद्ध लोगो ने भाग लिया ।थानाध्यक्ष ने दोनो ही समाज के प्रबुद्ध लोगो से अपील की है कि ईद पर्व को मिलजूल कर भाईचारा एवं प्रेम से मनाए अफवाह से बचे अगर किसी प्रकार की अफवाह हो तो तुरन्त थाने को सूचना दे। बैठक मे ईद पर्व को शांति सोहार्दपूर्ण ,व आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक मे लोयाबाद थाना के निरंजन महतो ,प्रताप उरांव,मंगरा उरांव, रामु पासवान,के अलावा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के साथ गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

## सिंदरी थाना में शांति समिति की बैठक

**सिन्दरी।** आगामी ईद उल फितर को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर सिन्दरी थाना के सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रभार प्रभारी आदर्श कुमार ने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने समिति सदस्यों सहित आम नागरिकों को सूचित करते हुए बताया कि आखिरी जुम्मे की नमाज पर भी पुलिस अलर्ट मोड पर रहेगी। अन्य धर्मों का सम्मान करते हुए ईद को भाईचारे की तरह संपन्न करना है। किसी भी सोशल मीडिया पर जारी अफवाहों पर ध्यान नहीं देते हुए इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को देनी है।

## बोरागड़ खेल मैदान का होगा जीर्णोद्धार

**धनबाद** । पिछले दिनों 18,19,मार्च को सांसद खेल महोत्सव धनबाद 2023 के उद्घघाटन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय कार्य और संस्कृति राज्यमंत्री भारत सरकार अर्जुन मेघवाल झरिया स्थित जेलगोरा मैदान पहुंचे थे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने धनबाद जिला अंतर्गत झरिया के बोरागढ में खेल के मैदान की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# धनबादः सात सूत्री मांगों को लेकर आजसू का न्याय मार्च

### रणधीर वर्मा चौक से उपायुक्त कार्यालय तक निकाला मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** गुरुवार को आजसू पार्टी केन्द्रीय समिति के निदेशानुसार जिला अध्यक्ष मंटू महतो के नेतृत्व में शहीद रणधीर वर्मा चौक से उपायुक्त कार्यालय तक सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सात सूत्री मांगों को लेकर सामाजिक न्याय मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी ने किया। प्रवक्ता ने बताया झारखंड की जनभावना और बड़ी आबादी के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत सभी जिला मुख्यालयों में न्याय मार्च निकाली गई है। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं। इस यात्रा के जरिए पार्टी राज्य सरकार को सचेत भी करती है कि उलझनें पैदा करने की बजाय लोकहित में शीघ्र निर्णायक कदम उठाये। आजसू पार्टी राज्य में अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर रिक्त सभी सरकारी पदों को भरने की मांग पर जोर देती है। साथ ही रोजगार सृजन के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे बेरोजगारों में व्याप्त निराशा और हताशा दूर हो सके। दरअसल इन मामलों में सरकार का रवैया बेहद निराशजनक रहा है। जातीय जनगणना झारखंड में जातीय जनगणना निहायत जरूरी है। पिछड़ा आरक्षण तय करने के लिए भी यह मजबूत आधार है। झारखंड में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की बहुप्रतीक्षित मांग जातीय आबादी के दावे के साथ सालों से उठती रही हैं। इनके अलावा हर आदमी की सामाजिक, आर्थिक स्थिति का आंकलन जनगणना में होता है। पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने इस बाबत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया था। अलग-अलग मंचों से भी वे इसकी जरूरत की वकालत करते रहे हैं। लेकिन सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। आरक्षण के सवाल पर झारखंड में पिछड़ा वर्ग के साथ धोखा और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### सरना धर्म कोड की आजसू करती रही मांग

आजसू पार्टी पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थे, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने और सरना धर्म कोड लागू करने की मांग पर जोर देती रही है। सामाजिक न्याय यात्रा के साथ पार्टी एक बार फिर इस विषय पर आवाज मुखर करती है। संसाधनों की लूट बंद हो :झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण प्रदेश है। लेकिन बड़े पैमाने पर संसाधनों की लूट से इस राज्य का विकास अवरूद्ध हो रहा है और अराजकता का वातावरण है। राज्य की छवि लगातार खराब हो रही है। शासन-प्रशासन इस मामले में ईमानदार और पारदर्शी कदम उठाए।

### झारखंड आंदोलनकारियों को मिले सम्मान

अलग राज्य बने 23 साल हुए, पर झारखंड में आंदोलनकारी हाशिये पर रह गए। आजसू पार्टी सदन से लेकर सड़क तक आंदोलनकारियों के चिन्हितीकरण से लेकर मान-सम्मान, सुविधाएं, पर्याप्त पेंशन और फ्रीडम फाइटर का दर्जा देने की आवाज उठाती रही है। अतः आजसू पार्टी आपके माध्यम से सरकार से पुनः मांग करती है कि जनभावना के अनुरूप उपरोक्त सात सूत्री मांगों पर समुचित और अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित हो। सामाजिक न्याय मार्च में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने सरकार विरोधी नारा लगाया गया तथा अपने हक और अधिकार के लिये जिला उपायुक्त के नाम स्मार पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय महासचिव सन्तोष महतो, केन्द्रीय सचिव राधे श्याम गोस्वामी,पूर्व जिलाध्यक्ष गिरिधारी महतो, केन्द्रीय सदस्य कुल्लू चौधरी बीरेन्द्र निषाद, शफीक आलम, रमेश मुनि, हलधर महतो, जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी, भास्कर ओझा, महबूब आलम, हीरा लाल महतो, दयानंद महतो, वंशराज कुशवाहा,संतोष कुशवाहा, गोपाल महतो, पप्पू सिंह, जीतू पासवान,संतोष पासवान, शेखर महतो,सुभाष रवानी,आशीष तिवारी,योगेश महतो,सुमन पाण्डेय,मीना सिंह, गीता देवी,पप्पू मंडल,पप्पू सिंह, नरेश मंडल,राकेश गयाली, रेखा देवी शामिल थे।

एक नजर में

## गोड्डा सांसद के खिलाफ झामुमो का प्रदर्शन



**धनबाद।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा दिये गए बयान पर जेएमएम ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जिले के रणधीर वर्मा चौक पर सांसद का पुतला दहन किया।इस दौरान धनबाद जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।वहीं जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष मन्नू आलम ने कहा कि निशिकांत दुबे ने भाजपा के बैठक में कहा था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सपरिवार जेल में डलवा देंगे यही नही झारखंड में समय से पहले चुनाव करवा देंगे ।राहुल गांधी ने मोदी के बारे में बोला तो उन पर कोर्ट में मामला दर्ज करवा सदस्यता खत्म करवा दी ।इन्होंने पूरे सोरेन परिवार को जेल भेजने की बात कही है जो कि झारखंड के लोग बर्दाश्त नही करेंगे।झारखंड के मूलवासियों को गाली देने का काम किया गया है।जेएमएम सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी।

## युवाओं को मिला कौशल विकास का प्रशिक्षण



**कुमारधुबी।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा कौशल विकास योजना के तहत कल्याण गुरुकुल मैथन में बृहस्पतिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि शिवलीबाड़ी के जिला परिषद गुलाम कुरैशी थे। जिनके द्वारा हरी झंडी दिखाकर 15 छात्रों की टोली को विदा किया गया। इस विदाई समारोह में कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षित कुल 15 छात्रों को चेन्नई में ट्यूब प्रोडक्ट ऑफ इंडिया नामक कंपनी में नियोजित करने हेतु जिला परिषद के अलावे उनके परिजन की भारी संख्या में विदाई देने कल्याण गुरुकुल पहुंचे। गुरुकुल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि अभी तक 500 से ऊपर छात्रों को प्रशिक्षण देकर नियोजित कर चुका है। इस मौके पर जिला परिषद गुलाम कुरैशी ने सभी छात्रों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर निर्मल विश्वकर्मा, जयदेव डे, रुबाब आलम, मितेन चंद्र सहित अन्य मौजूद थे।

## मंदिरों में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता



**बोकारो।** झारखंड पीपुल्स पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष अशोक अग्रवाल आजाद ने बोकारो के डीसी व एसपी को पत्र लिखकर तुपकाडीह व आसपास के इलाके में स्थित मंदिरों में चोरी की घटनाओं पर चिन्ता जताई है। श्री आजाद ने बताया कि तुपकाडीह स्टेशन रोड दुर्गा मंदिर सहित मानगो और पिछड़ी में मंदिरों में चोरों ने आतंक मचा रखा है। हाल में दिन के समय ही मंदिरों के गेट और अंदर रखे संदूकों को तोड़कर सामग्रियों की चोरी की गई है। इस संदर्भ में स्टेशन रोड तुपकाडीह स्थित दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष राजू महतो ने पुलिस से लिखित शिकायत भी की है।

# लोयाबाद के ग्रामीणों ने की सड़क जाम

### जल संकट

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोयाबाद।** स्थानीप ग्रामीण और लोयाबाद चेम्बर ऑफ कामर्स के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धनबाद कतरास मुख्यमार्ग को जाम किया गया। रोड जाम होने से दोनो ही और देखते ही देखते गाडियो की लम्बी कतारे दिखने लगी । आन्दोलन कारियो ने माडा,और नगरनिगम के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। दरअसल ,लोयाबाद एकड़ा मे पिछले दिनों एक महिने से न हि माडा का पानी और न ही नगर निगम का पानी सुचारू ढंग से चल रहा है। पानी के नियमित जलपूर्ति को लेकर ही लोयाबाद के दुकानदार और स्थानीय ग्रामीणो ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रोड जाम किया गया। सूचना पाकर लोयाबाद के थाना प्रभारी विकास कुमार यादव जामस्थल पहुंच कर आन्दोलनकारियो को नियमित जलपूर्ति का अश्वासन दिया और कहा कि माडा और नगरनिगम के अधिकारियो से बात हुई है। लोयाबाद एकड़ा को नियमित जलपूर्ति किया जाएगा। मोटर के खराबी होने की बजह से ही नियमित जलपूर्ति नही हो पा रही थी ।थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद ही रोड जाम समाप्त हुआ।

# आंबेडकर जयंती पर आज सिंदरी में हर उम्र के लोगों की होगी दौड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के 132 वें जयंती के उपलक्ष्य पर सिन्दरी एथलीट कल्ब द्वारा 14 अप्रैल को सुबह छः बजे दौड़ का आयोजन किया गया है। कल्ब अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि इसमें हर आयु के महिला, पुरुष व वृद्ध धावक सहित आम नागरिक शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बालकों व पुरुषों की दौड़ डीएवी स्कूल मैदान से शुरू होकर जयहिंद मोड़, कुँवर सिंह चौक होते हुए रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक पर समाप्त होगी। महिलाओं व बालिकाओं के लिए यह दौड़ सिंदरी गुरुद्वारा से शुरू होकर कुँवर सिंह चौक होते हुए रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक पर समाप्त होगी। वहीं वृद्धों का विशेष ध्यान रखते हुए उनलोगों के लिए शहरपुरा के कुँवर सिंह चौक से दौड़ शुरू होकर रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक पर समाप्त होगी। इस दौड़ में सिन्दरी के सभी विद्यालयों के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया है। 14 अप्रैल शाम चार बजे रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# भाजपा अजा मोर्चा ने की महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई

### अंबेडकर जयंती को लेकर बाबा साहेब की प्रतिमा की हुई सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी के नेतृत्व में सिन्दरी में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा की गुरुवार को साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की सिन्दरी रोहड़ाबाँध स्थित अंबेडकर चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद जयहिन्द मोड़ स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा व बिरसा समिति स्थित झारखंड के पुरोधा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा की साफ सफाई व माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री नरेंद्र हरि, जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, ब्रजेश सिंह, रंजना शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री चंद्रावती देवी, सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, सिन्दरी नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीमा सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रदीप हाड़ी, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सुशांत महतो, चुमकी देवी, शिवप्रकाश, रंजीत पासवान, संजय दास उपस्थित थे।

## बोकारो में विद्यापति स्मृति पर्व कल से

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा 56वां दो.दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का आयोजन मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर में 15.16 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी एवं भावी सेल चेयरमैन अमरेन्दु प्रकाशए उद्घाटनकर्ता बोकारो विधायक बिरंची नारायणए विशिष्ट अतिथि बोकारो के एसपी चंदन झा, जबकि दूसरे दिन बीएसएल के अधिशासी निदेशक बीरेन्द्र तिवारी उद्घाटन करेंगे।

## कुमारधुबी ओपी में शांति समिति की बैठक


**कुमारधुबी।** कुमारधुबी ओपी परिसर में गुरुवार को ईद को लेकर शांति समिति की एक विशेष बैठक संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने किया। कुमारधुबी ओपी परिसर में शांति समिति की एक विशेष बैठक कर हुड़दंगईओ पर विशेषकर नकेल कसने को लेकर रणनीति भी बनाई गई है। वहीं बिजली पानी की लचर व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

## शिक्षा मंत्री की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर भूमि पूजन

**बेरमो।** चन्द्रपुरा के अलारगो स्थित बी एड कॉलेज प्रांगण में बुधवार को शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के समाधि स्थल एवं आदमकद प्रतिमा स्थापित करने को लेकर उनके पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतोए गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमारए झामुमो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझीए रमेश टुडूए सचिव जयनारायण महतोए जिला उपाध्यक्ष घुनू हांसदा मौजूद थे।

# बीएसएल में प्रबंधन प्रशिक्षु ने किया ज्वाइन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी सेंटर में नव चयनित प्रबंधन प्रशिक्षु ;तकनीकीद्ध.2023 के लिए आयोजित फंक्शनल मैनेजमेंट एवं लोकल इंडक्शन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश सहित ईडी सी आर महापात्राए एस रंगानीए ए श्रीवास्तवए जे दास गुप्ताए कार्यकारी ईडी आर धवनए सीएमओ डॉ बी बी करुणामयए सीजीएम मनीष जलोटा सहित अन्य अधिकारी एवं नए बैच के 21 प्रबंधन प्रशिक्षु;तकनीकीद्ध उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी ने प्रबंध प्रशिक्षुओं को एक कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद सेल के लिए चुने जाने पर बधाई दी और अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मंचासीन अन्य अधिकारियों ने भी बारी.बारी से प्रबंधन प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। सभी ने विश्वास जताया कि युवा अधिकारियों का यह दल सेल में नवाचार की कार्य संस्कृति को आगे ले जाएगा और संगठन को अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएगा। प्रबंध प्रशिक्षु सुश्री शशि भानु द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# सिंहपुर में लोटन सेवा के साथ भोक्ता पर्व शुरू

### शिव भक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर शिवालय में लोटन सेवा और संजोत मनाने के साथ तीन दिवसीय भोक्ता पर्व प्रारंभ हो गया। दिन में मां पार्वती के प्रतीक चिन्ह के तौर पर उनकी पाट की प्रतिमा का भ्रमण भी सिंहपुरए छतरवरए हरनादए गोरियाकुदरए खैराचातरए करमाए उदयमाराए बसरिया समेत आसपास के गांवों में किया गया। भ्रमण के दौरान घर.घर में मां पार्वती की पूजा की गई। भ्रमण के उपरांत पाट को स्थानीय सायर बांध के तट पर ले जाया गयाए जहां पाट पूजा के बाद सभी भक्तों को जनेऊ धारण कराया गया। सभी भक्तिया लोटन सेवा में शामिल हुए।लोटन सेवा के तहत सायर बांध में सैकड़ों भक्तिया एक साथ स्नान करने के बाद जमीन पर लोटन करते हुए तालाब से शिवालय मंदिर तक गए। भोक्ता झूलने वाले भक्तियाओं को घी के दीया में बांस के बेंत को गर्म कर पुजारी के द्वारा दागा जाता है। इस रस्म के बाद ही नए भक्तिया भोक्ता झूलने के योग्य बन पाते हैं।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतोए विधायक की धर्मपत्नी कौशल्या देवीए समाजसेवी सुजीत कुमारए सिंहपुर कमेटी के अध्यक्ष मृत्युंजय कपरदारए उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सावए सचिव शंकर महतोए उपसचिव देवाशीष देए कोषाध्यक्ष लखन साव आदि उपस्थित रहे।

**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सं0- ZP/GARHWA/01/2022-23 (2nd call)

1. कार्य का नाम :- **15वें वित्त आयोग मद**

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर उंटारी | ग्राम-कुम्बाखुर्द में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |

2वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :-15.04.2023
3ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 25.04.2023
4जिला परिषद कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ-पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय-26.04.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
5निविदा खोलने की तिथि एवं समय-28.04.2023 को 3:00 बजे
6निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या- मो0 नं0-7004019730
8निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटायी नहीं जायेगी।
9निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10एनेक्चर-02 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथ-पत्र देना होगा।
11प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
12भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, गढ़वा

PR 295103 (Rural Development)23-24*D

**ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2 धुर्वा, रॉची**

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/02/2023-24 दिनांक- 13/04/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नवनिर्मित झारखण्ड विधान सभा, धुर्वा रॉची स्थित 4 अदद् 600TR सेन्ट्रलाईज वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 1,42,32,052=00 | 10,000=00 | 2,85,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.04.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 26.04.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 03.05.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 04.05.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता-सह-मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

नोट :- निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 295126 Energy(23-24)#D

**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।**

*Re-Very Short Time E-Procurement Notice*

सर्वसधारण को सुचित किया जाता है कि नगर परिषद, रामगढ़ के नवनिर्मित कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर को सरकारी बैंक/सरकारी बैंक/अर्द्ध सरकारी बैंक/निबंधित फार्म/निबंधित संस्थान/यथा बैंक/एल0आई0सी0 इत्यादि को कार्यालय हेतु बन्दोबस्ती प्रक्रिया 01 वर्ष के लिए दिनांक15/04/2023 को E-Procurement Notice के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त की जानी है। उच्चतम दर वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित स्थल का नाम | आकार/क्षेत्रफल | जमानत की राशि | प्रति माह/प्रति वर्गफीट की न्यूनतम डाक बोली की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद् कार्यालय निचला तल | 4675.17 वर्गफीट | 50000/-रू0 | 12/- रू0 |

जमानत की राशि का बैंक ड्राफ्ट नगर परिषद्, रामगढ़ के नाम से देय होगा।

| प्रस्ताव प्रारंभ की तिथि | प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि | प्रस्ताव निष्पादन की तिथि |
|---|---|---|
| दिनांक 15/04/2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अप0 05.00 बजे तक | दिनांक 29/04/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक | दिनांक 02/05/2023 अपराह्न 02:00 बजे |

नोट :- बन्दोबस्ती की नियम एवं शर्तें वेबसाइड http://www.jharkhandtenders.gov.in पर एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुमण्डल पदाधिकारी
-सह-कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 295144 (District) 23-24 (D)

## शूट आउट

**यू**पी पुलिस ने अपराधी अतीक के बेटे और पॉल हत्याकांड के आरोपी असद को एक पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। एक अपराधी का काउंटर किया जाना वैसे तो कोई बहुत बड़ी बात नहीं है लेकिन यूपी के सीएम योगी ने विधानसभा में दिन दहाड़ें हुए अपराध के वारदात पर कहा कि माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा। यूपी आज की राजनीति में सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। यूपी को विरासत में माफिया और अपराधी राज ही सीएम योगी को मिला था। लेकिन जिस प्रकार कठोर पुलिस प्रशासनिक कार्रवाई करके पूरे यूपी में शांति कायम किया और संगठित अपराध को नियंत्रित किया उसमें अतीक के लोग परेशानी में थे। यूपी में लगभग 200 अपराधियों का इनकाउंटर हो चुका है। सामान्य तौर पर आम लोग इस प्रकार की कार्रवाई से खुश होते हैं क्योंकि वे इन अपराधियों के वारदात से सहमें हुए होते हैं। दूसरी ओर चूंकि यूपी में राजनीतिक दलों के मुस्लिम कार्ड, दलित कार्ड, पिछड़ा कार्ड का खेल है और अतीक सहित कई अपराधी बसपा, सपा के संरक्षण में विधायक और सांसद बनें हैं इसलिये इस शूट आउट पर राजनीतिक ब्यानबाजी भी होने लगती है। दूसरी ओर 2024 के चुनाव और यूपी में अगले माह होने वाले निकायों के चुनाव में इस मुद्दें को लहराने का की संभावना है। प्रयागराज में दो पुलिसवाले और एक वकील जो एक विधायक के हत्याकांड का गवाह थे दिन दहाड़ें मार दिया जाता है। इसको लेकर राज्य पुलिस ने जो प्रयास किया है उसको लेकर न्यायिक जांच की मांग हो रही है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि अपराधी का कद ऐसा हो जाए कि न्यायधीश उसके मामले सुनने से बचने लगे तो कड़ी कार्रवाई समय की मांग है। पुलिस भी न्याय व्यवस्था का ही अंग है और पुलिस को अपराधियों पर कार्रवाई की छूट होनी चाहिए।

## मंदी की आहट

**अं**तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नए वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण से जो वैश्विक आर्थिक तस्वीर उभर रही है वह चिंतित करने वाली है। मध्यम अवधि में वृद्धि में इतना सुधार होता नहीं दिख रहा है कि वह हाल के दशकों के स्तर तक दोबारा पहुंच सके। ताजा अनुमानों के मुताबिक 2023 में वैश्विक वृद्धि कमजोर पड़कर 2.8 फीसदी रह जाएगी जबकि 2022 में यह 3.4 फीसदी थी। अप्रैल का अनुमान जनवरी के आंकड़ों से 0.1 फीसदी कम है। आईएमएफ ने भी भारत के लिए अपने वृद्धि अनुमानों को संशोधित किया है। अब उसका अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 5.9 फीसदी होगी जो जनवरी में जताए गए अनुमान से 0.2 फीसदी कम है। उसने 2024-25 के लिए भी अनुमान को 0.5 फीसदी कम करके 6.3 फीसदी कर दिया है। निजी क्षेत्र के कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि चालू वर्ष में वृद्धि दर आईएमएफ के 5.9 फीसदी के अनुमान की तुलना में भी काफी कम रह सकती है। हालांकि आईएमएफ का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष के दौरान भारत की वृद्धि दर में सुधार होगा लेकिन फिर भी मध्यम अवधि में यह कमजोर रह सकती है क्योंकि वैश्विक आर्थिक हालात अनुकूल नहीं रहेंगे। आईएमएफ के अनुमानों के मुताबिक वैश्विक अर्थव्यवस्था के महामारी के पहले की वृद्धि दर हासिल कर पाने की आशा नहीं है। अगर 2028 तक नजर डालें तो आईएमएफ ने वै?श्विक वृद्धि के तीन फीसदी रहने का अनुमान जताया है। यह सन 1990 के बाद मध्यम अवधि का सबसे कमजोर पूवार्नुमान है। इससे पहले 2000 से 2009 और 2010 से 2019 के बीच की अवधि में वैश्विक अर्थव्यवस्था सालाना क्रमशः 3.9 फीसदी और 3.7 फीसदी की दर से बढ़ी। इसके अलावा न केवल आधारभूत वृद्धि अनुमान कम है बल्कि इससे जुड़े कई जोखिम भी हैं।

# वर्तमान भारत में डॉ अंबेडकर की स्वीकार्यता



**बाबा** साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर मात्र एक व्यक्ति ही नहीं थे, बल्कि न्याय की सदृश ज्वलंत भावना का एक प्रतीक थे। उनके द्वारा प्रस्तावित विचारों, कृत्यों और कार्यों ने हमारे अतीत को न्यायोचित बनाया है, वर्तमान को रोशन किया है और भविष्य के लिए सतत मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। आज जब, राष्ट्र पवित्र आत्मा वाले उस महान व्यक्तित्व की 132वीं जयंती मना रहा है तब यह पल उस अमर व्यक्तित्व के नैतिक बल को पहचानने का है।


यह जयंती समारोह एक विशेष अवसर है, क्योंकि यह अम्बेडकर के शोध प्रबंध द प्रॉब्लम ऑफ रुपीः इट्स ओरिजिन एण्ड इट्स सोल्यूशन का 100वां वर्ष है, जिसने 1934 में भारतीय रिजर्व बैंक की नींव रखी थी। यह वही समय था जब देश औपनिवेशिकता की बेड़ियों में बंधे अपने आवरण से छूटने की योजना बना रहा था। डॉ. अम्बेडकर बहु-आयामी तरीके से राष्ट्र-निर्माण के महत्वपूर्ण उपायों की शुरूआत करने के कार्यों का उत्साहपूर्वक समर्थन कर रहे थे। साइमन कमीशन के समक्ष, तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भागीदारी के दौरान दलित वर्ग के उत्थान संबंधी कार्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए, वायसराय की परिषद में श्रमिक सदस्य (1942-46), संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष जैसे अपने प्रत्येक कार्य में उन्होंने लक्षित लोगों के यथोचित हितों का दृढ़तापूर्वक संरक्षण किया। उन्होंने एक न्यायपूर्ण समाज के लिए संस्थाओं की स्थापना करने पर बल दिया। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए दूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने नेहरू सरकार द्वारा उठाए गए जम्मू और कश्मीर के लिए विशेष दर्जा और यूएनओ हस्तक्षेप आदि जैसे कुछ कदमों का विरोध किया। नव स्वतंत्र भारत में, अम्बेडकर जी द्वारा प्रचारित कल्याण और न्याय के विचारों की स्वीकृति से हम उनके और अधिक निकट हो सकते हैं। इस दृष्टि से देखते हुए, यह प्रश्न उचित है कि क्या हमने अम्बेडकर की विचारधारा को पूर्ण रूप से स्वीकार किया है?

इतिहास के पन्नों को पलटने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस और अन्य सरकारों के लिए अम्बेडकर के व्यक्तित्व को स्वीकार करने हेतु उन्हें मान्यता प्रदान करने की यात्रा कठिन, या यह कहें कि बाध्यकारी थी। इस बात का प्रमाण यह है कि मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न प्रदान करने और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनका आदमकद चित्र स्थापित करने के लिए 34 वर्षों का निरंतर संघर्ष करना पड़ा। विडम्बना यह थी कि केंद्रीय हॉल में डॉ. अम्बेडकर की बैठी हुई मुद्रा में लगाए गए प्रथम चित्र (9 अगस्त 1989) को हटा दिया गया था जिसे बाद में 12 अप्रैल 1990 को पुनः लगाया गया, जबकि इसकी तुलना में मोतीलाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के चित्रों को लगाने में काफी कम समय लिया गया था। ये ऐतिहासिक रूप से प्रलेखित तथ्य स्पष्टतः अम्बेडकर को समग्र रूप में स्वीकार करने की उनकी मंशा को दशार्ते हैं।

इसी तरह, नेहरू परिवार के सदस्यों के साजो-सामान और संबंधित वस्तुओं को परिरक्षित, संरक्षित किया गया और उन्हें उनके नामों पर बनाए गए स्मारकों में प्रदर्शित किया गया, जबकि बाबा साहेब द्वारा उपयोग में लाए गए साजो-सामान की सुरक्षा और संरक्षण की ओर इनके शासन काल में कोई ध्यान नहीं दिया गया। अम्बेडकर के अनुयायियों के सरोकारों के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई को करना मोदी सरकार का संवेदनशील दृष्टिकोण है। संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधानशाला, लखनऊ ने बाबा साहेब के साजो-सामान को दीर्घकालीन संरक्षण के लिए सुरक्षित रखा है। संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए गए टाइपराइटर सहित कुल 1358 वस्तुओं को संरक्षित किया गया है जिन्हें आगामी समय में नव निर्मित बाबा साहेब डॉ बी आर अंबेडकर सामाजिक-आर्थिक और संस्कृति केंद्र, चिंचोली, नागपुर में प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की झलकियों को प्रदर्शित करते हुए, यह केंद्र एक पवित्र स्थल के रूप में उभरेगा। भारतीय-थाई वास्तुकला के संयोजन पक्षों को प्रदर्शित करने वाले 11.5 एकड़ में फैले इस केंद्र में अन्य सांस्कृतिक पक्षों के साथ-साथ एक संग्रहालय, स्मारक, ध्यान-योग कक्ष और पुस्तकालय भी मौजूद है।

2014 के बाद से, मोदी सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पूर्ण रूप से डॉ अंबेडकर की विचारधारा को स्वीकार किए जाने को दशार्ती है। योजना से लेकर कार्यान्वयन स्तर तक, शासन व्यवस्था को अम्बेडकर की प्रेरणा के अनुरूप बनाने और ढालने का प्रयास किया गया है। यह सरकार के ही अथक प्रयासों का परिणाम है जिसके कारण पंच तीर्थ, डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केन्द्र का समर्पित विकास हुआ है और जीवन को सरल बनाने के लिए गरीबों की सहायता करने वाले और जन-केंद्रित नीतिगत उपायों का कार्यान्वयन ऐसे कदम हैं जो सरकार को डॉ अंबेडकर के विचारों के और करीब ले जाते हैं। कई अन्य पहलों के अलावा स्टैंड-अप, स्टार्टअप, पीएम आवास योजना, भीम, मुद्रा, और जेएएम (जैम) ट्रिनिटी आदि इस बात का प्रमाण है कि सरकार, अपने लक्ष्यों को पूरा करने तथा और संतुष्टि स्तर तक कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार के दरकिनार किए गए मुद्दों को मुख्यधारा में लानेह्य के परिवर्तन संबंधी एजेंडा ने देश की विकास संबंधी संभावनाओं को गति दी है।

मानव केन्द्रित विकसित भारत, गुलामी के सभी चिहनों से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे प्रधानमंत्री के पंच प्रण मंत्र में भी डॉ अंबेडकर का प्रतिबिंब है जिनका यह मानना था कि ह्यस्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक आदर्श और सामाजिक दर्शन, भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं जो उन्हें उनके गुरु महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं से प्राप्त हुए हैं, न कि फ्रांसीसी क्रांति से। आजादी का अमृत महोत्सव, राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले यशवंचित, गुमनाम नायकों की साहसपूर्ण गाथाओं को खोज निकालने की पहल है।



**- अर्जुनराम मेघवाल**

> मौजूदा वक़्त आंबेडकर के व्यक्तित्व के विविध पहलुओं के ईमानदार विश्लेषण का है। और आंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) उनकी विरासत को लेकर एक नया, निष्पक्ष और रचनात्मक सार्वजनिक संवाद शुरू करने का उचित अवसर है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति पर आंबेडकर की पकड़, चीन को लेकर उनकी चेतावनी, और अर्थशास्त्र में उनकी असाधारण विद्वता को मौजूदा पीढ़ी के सामने लाया जाना चाहिए।

### खास बात

## बैसाखी का त्योहार

**बैसाखी** सिख धर्म का प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। यह पर्व हर साल विक्रम संवत के प्रथम माह में पड़ता है, इस साल यह पर्व 14 अप्रैल को मनाया जायेगा। हिंदू धर्म में जिस तरह होली व दीपावली का पर्व मनाया जाता है, उसी तरह सिख लोगों के लिए बैसाखी का त्योहार खास होता है। देश के अलग-अलग जगहों पर इस पर्व को अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे बंगाल में नबा वर्ष, केरल में पूरम विशु, असम में बिहू के नाम से लोग इस पर्व को मनाते हैं। बैसाखी को सिख समुदाय के लोग नए साल के रूप में मनाते हैं। बैसाखी मुख्य रूप से कृषि का पर्व मनाया जाता है।

मेष संक्रांति पर मनाया जाता है बैसाखी

बैसाखी का पर्व हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है और इस दिन ही ग्रहों के राजा सूर्य मेष राशि में गोचर करते हैं, जिसे मेष संक्रांति कहा जाता है। भारतीय परंपराओं के अनुसार संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान के साथ जप-तप और ध्यान किया जाता है।

गुरु गोविंद सिंहजी ने की थी खालसा पंथ की स्थापना

बैसाखी के दिन सिख समुदाय के लोग गुरुद्वारों में विशेष उत्सव मनाते हैं क्योंकि इस दिन सिख धर्म के 10वें और अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंहजी ने 13 अप्रैल सन 1699 में आनंदपुर साहिब में मुगलों के अत्याचारों से मुकाबला करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। साथ ही गोविंद सिंहजी ने गुरुओं की वंशावली को समाप्त कर दिया था। इसके बाद सिख समुदाय के लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब को ही अपना मार्गदर्शन बनाया। साथ ही इस दिन सिख लोगों ने अपना सरनेम सिंह स्वीकार किया था।

गुरुद्वारे में जाकर गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ व कीर्तन करते हैं। बैसाखी के पर्व पर कई जगह मेले भी लगते हैं। पंजाबी लोग इस दिन अपना विशेष नृत्य भांगड़ा करके खुशी मनाते हैं। वैसे तो यह पर्व पूरे भारत में अलग-अलग नाम से मनाया जाता है। इस तरह गुरु नानकदेवजी ने बनाया था एकोंकार शब्द, पौराणिक कथाओं के अनुसार, बैसाखी के मौके पर गंगा में स्नान करना विशेष पुण्यदायी माना जाता है।

## सूर्योपासना

### धर्म-प्रवाह

**प्रो भगवती प्रकाश**


**ईरान** के प्राचीन 4 भव्य सूर्य मन्दिरों में वजुर्वी का सूर्य मन्दिर है, जिसे इस्लाम के प्रसार पर मस्जिद में बदल दिया गया। अनेक कक्षों से युक्त ईरानी मारागेह शहर के इस मन्दिर के बारे में ह्यमारागेह के सांस्कृतिक विरासत संगठन ने 16 मई, 2004 को ईरान दैनिक पत्र में लिखा है,इस्लाम के पूर्व यह सूर्य उपासना का स्थल था, जहां मित्र के उपासकों के अनेक धार्मिक पर्व सासानी साम्राज्य काल से मनाए जाते रहे हैं। ईरान के निवासियों में इस्लाम के प्रसार के पूर्व पारसी परम्परा में सूर्य को सूर्य, विवस्वान व मिथ्र नामों से पूजा जाता था। भारतीय पुराणों में सूर्य को यम का पिता एवं विवस्वा- कहा गया है। ईरान मे स का उच्चारण होने से पारसी धर्मग्रंथ अवेस्ता में उसे विवाहवन्त कह यिम का पिता बताया गया है। इसी उच्चारण भेदवश सप्त सिन्धु को अवेस्ता में हफ्त हिन्दु लिखा है। यम को यिम कहने से भगवान विष्णु का नाम यिमक्षायेत भी है, जिसका अपभ्रंश जमशेद है। ईरान में मध्य युग के पूर्व सौर उत्सवों की सुदीर्घ परम्परा के अंतर्गत वैदिक सूर्य का स्वरूप रूपान्तरित हुआ है और टर्की व सीरिया में सूर्य या मिथ्र का स्वरूप और बदला था। यूरोप की ग्रीको-रोमन संस्कृति में मित्र या सूर्य या अपोलो का रूप और बदल गया। यूरोप में कोई संग्रहालय ऐसा नहीं है जिसमें इस हिन्द-ईरानी देवता (मित्र) का कोई न कोई चिन्ह, धातु या पत्थर में उभरा हुआ या खुदा हुआ न हो अथवा कोई न कोई शिलालेख या चित्र या कोई न कोई देखने योग्य स्मृतिचिन्ह।

> ज्ञान, विवेक और विचार का आश्रय लेकर किये गए शुभ कर्म निश्चित ही फलीभूत होते हैं, अतः असफलता के भय को त्याग कर अहर्निश पारमार्थिक कार्यों में संलग्न रहें ..! असफलता का अर्थ प्रयास की कमी के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। आलस्य एक ऐसा सुख है, जिसका परिणाम दुःख है।
>
> **-अवधेशानंद गिरी**

### आपके ट्वीट

> **आदरणीय** श्री हेमलाल मुर्मु जी का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत और जोहार। झारखण्ड और झारखण्डियत की रक्षा तथा झारखण्डवासियों को हक-अधिकार ही हमारा संकल्प, हमारा उद्देश्य है। जय झारखण्ड! **-हेमंत सोरेन**





> **आज** दुनिया देख रही है कि कभी जिस माइक्रो-फाइनेंस के हमारे प्रयासों का कुछ लोगों ने मजाक उड़ाया, आज वो कैसे जमीनी स्तर पर इकोनॉमी की बड़ी शक्ति बनकर उभरा है।
>
> **-नरेन्द्र मोदी**

# मन की बात में झारखंड की चर्चा ने राज्य को दी बड़ी पहचान



**मनोज शर्मा**

**झारखंड** के लोगों के लिए उपलब्धि का क्षण है। संचार का एक सामान्य तथ्य है कि वह आम जन के लिये सुलभ, रूचिकर, प्रेरणादायी भी हो। जब प्रधानमंत्री स्वयं आकर किसी विषय पर जनता के बीच संदेश दें उन लोगों का नाम लें जो अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं, संघर्ष से अपना लक्ष्य प्राप्त किये हैं ,या देश समाज के लिये निः स्वार्थ काम कर रहे हैं तो इसका आम जन में तो व्यापक सकारात्मक प्रभाव होता ही है। प्रधानमंत्री ने कई एपिसोड में झारखंड में गांव कस्बों तक में बेहतरीन कार्य कर रहे लोगों, युवाओं, महिलाओं, किसानों का नाम लेकर उनके बारे में लोगों को बताया। सितंबर 2022 में जब प्रधानमंत्री ने रांची के महिला समूह के शोभा दीदी और उनके सहयोगियों के कार्य की सराहना की तो पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा।

75वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने रांची झारखंड के युवा नवीन का विशेष उल्लेख किया और देशवासियों को बताया कि युवा नवीन कैसे झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में लोगों को अवगत करा रहे हैं और बिरसा मुंडा से लेकर सिदो कान्हो व अन्य गुमनाम से स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी लाग अब जान रहे हैं तो यह झारखंड के लिये बड़ा ही उपलब्धि का क्षण था।

92वें एपिसोड में गिरिडीह के पीरटांर के मधुबन पंचायम के सिंहपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के कुपोषण के खिलाफ किये जा रहे कार्यों की दिल खोल कर सराहना की और झारखंड की यह खबर रेडियो और अन्य माध्यमों से पूरे देश में सुर्खियों में आया। दुमका के संजय कच्छप को जिन्होंने अपने प्रयास से चाइबासा समेत अन्य जिलों में 24 लायब्रेरी का निर्माण करवाया है उन्हें लायब्रेरीमैन कह कर जब पीएम ने रेडियो पर पुकारा तो यह झारखंड के लिये बड़ी उपलब्धि थी। वैसे ही गोमो रेलवे स्टेशन जिसे अब सुभाषचंद्र बोस स्टेशन नाम से जाना जाता है, उसके बारे में भी देशवासियों को पीएम ने रेडियो पर अपने कार्यक्रम के माध्यम से ही बताया कि कैसे अंग्रेजों को चकमा देकर इसी स्टेशन से रेल पर सवार होकर निकलने के बाद नेता जी अंग्रेजों के हाथ नहीं आये। उनके इस सफर को महानिष्क्रमण नाम दिया और स्टेशन का नाम गोमो से सुभाषचंद्र बोस स्टेशन रख दिया गया।

### सामयिक

कोरोना काल में 31 जनवरी 2021 के अंक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में झारखंड के दुमका के शिक्षा मॉडल की चर्चा की। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान स्कूली शिक्षा जारी रखने के लिए दुमका में किए गए अनूठे प्रयास की सराहना की ।

अभी हाल में प्रसारित 99वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 मार्च को अंग दान करने वालों की तारीफ की। अपने संबोधन में उन्होंने झारखंड के जमशेदपुर की रहने वाली स्नेह लता चौधरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्लजब अंगदान या देहदान करने वाला कोई मिल जाता है तो उसमें ईश्वर का स्वरूप ही नजर आता है। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा, झारखंड की स्नेह लता चौधरी ऐसी ही थीं। जिन्होंने ईश्वर बनकर दूसरों को जिंदगी दी। 63 साल की स्नेह लता चौधरी अपना हार्ट, किडनी, आंख और लीवर दान कर के गईं। मन की बात रेडियो पर प्रसारित एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि एक लोकतांत्रिक देश के मुखिया का अपनी जनता से सीधा जुड़ाव और संवाद है जो जनता और सरकार के बीच संवादहीनता को खत्म करने के साथ ही विश्वास का संचार करता है। बेशक इसके लिये चुना गये माध्यम 'रेडियो' का इसमें बहुत बड़ा योगदान है।

**(पत्रकारिता विभाग रांची यूनिवर्सिटी रांची सह संपादक ग्रीन रिवोल्ट पर्यावरण पत्रिका)**

### कॉर्टून वर्ल्ड

**नये युग का बरताव ...**




साभार कॉर्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडीटर

#### राजनीतिक पराभव

**अपनी** निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल के लिए साधुवाद! **- मीरा गौतम, रांची**

#### घोषणा बहादुर

**जब**-जब चुनाव का दौर शुरू होता है तब-तब पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए घोषणा पत्रों को तैयार करने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ती। सत्ता हासिल करने के बाद घोषणा पत्र को लागू करना भूल जाते हैं और केवल कागजों में ही सिमट कर रह जाते हैं। घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए तय सीमा सुनिश्चित करनी चाहिए। चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दें।

**- प्रकाश सिंह, गढ़वा**

# लोग सत्तू खाना भी भूल रहे हैं : स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**मुरलीधर**

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम के वर्तमान स्वामी स्वामी सत्यानंद जी परमहंस कहते हैं कि आधुनिकता ऐसी हो रही है कि लोग सत्तू खाना भूल गये हैं। सत्तू विशेषकर बिहार प्रदेश के लोगों का एक मुख्य आहार रहा है।

अपने सतसंग में हमारी संस्कृति बोध, हमारे चिंतन, हमारा व्यवहार, हमारी वाणी और हमारी संकीर्णता से लेकर हमारे व्यापक, सर्व व्यापक होने के सिद्धांत की अनुपम व्याख्या करते हैं। स्वामी जी बताते हैं कि सत्तु एक ऐसा आहार है जिसे बिना किसी पात्र के भी खाया जा सकता है और यह संभव होता है गमछा या किसी विपरीत स्थिति में धोती में ही सत्तू और पानी मिलाकर खाने से। अपने साथ गमछा या गमछी रखने की आदत और सत्तु को उसमें गिला कर लेना भी एक कला है। सभी यह कार्य नहीं कर पाते हैं। स्वामी जी हर साल रामनवमी के अगले दिन रांची के टिपूदाना से पहले स्थित बसारगढ़ में ब्रह्म विद्यालय आश्रम के कुटी में आते है और लगभग दस दिन का प्रवास करते हैं।

108 स्वामी सत्यानंदजी परमहंस कहते हैं कि एक बार मैं रामेश्वरम गया था और मंदिर परिसर के समीप खड़ा था। महात्मागण भी खड़ें थे। इस बीच एक व्यक्ति आया और उसने मुझसे कहा कि क्या मुझे शिव का दर्शन हो सकता है। मैंने कहा कि लाइन में लग जाये एक डेढ़ घंटे लगेंगे अवश्य हो जाएगा। वह व्यक्ति बोला मैं उस शिव की बात नहीं कर रहा महाराजजी मैं जो हमारे अंदर शिव है उससे साक्षात्कार की बात कर रहा हूं। मैं बिहार से हूं और रामेश्वर मंदिर परिसर में विगत 35 साल से मेरी दुकान है। यह सवाल सबसे महत्वपूर्ण है जो हमारे ऋषि मुनियों द्वारा साफ बताया गया है।

**राम मिलाये रुप को जो जन खोली होय।**

अमेरिका में पहले दास बिकने बाजार में आते थे। इंग्लैंड, फ्रांस सहित अरब देशों के लोग दासों को खरीदते थे। जब खरीदने वाले बिकने वालों से उनका नाम पूछते थे तब बिकने वाला दास कहता था जिस नाम से आप पुकारेंगे वही मेरा नाम होगा। क्या काम कर सकते हो पूछने पर कहता कि जो काम मालिक देंगे वहीं काम करेंगे। दास का कोई च्वाईस नहीं होता।

यही बात हमारे संस्कृति और भक्ति में सबसे उपर है और वह है दास भाव। यह दास भाव प्रेम की उचांई में प्रकट होती है। समाधि सरकार कहा करते थे कि राधा की भक्ति सर्वोत्तम है। सीता के साथ राम हैं गौरी के साथ शंकर हैं लेकिन कृष्ण के साथ राधा है। कृष्ण ने रास में सभी गोपियों को बुलाया। राधा सहित सभी पहुंची। ये विवाहित परिवारिक थीं। लेकिन उनकी प्रेम की उचांई दासत्व और समझ में एक को स्वीकार करने की समझ थी। कृष्ण को सर्वस्व अर्पण किया था। कृष्ण ने कहा कि गोकुल में मेरा समय समाप्त हो गया है आपसब अपने घर लौट जाये।

गोपियों ने कहां हमारा घर कैसा हम सब कुछ आपको समर्पण कर चुके हैं। भक्ति की यही संपूर्णता है कृष्ण ने गोपियों से कहा कि तुमलोगों ने जब मुझे सर्वस्य समर्पित कर दिया है तो तुम्हारा घर कैसा? वह मेरा घर है और तुमसब जाकर मेरा घर संभालो। हमारे आश्रम में महात्मा दर्शनानंद जी का समर्पण इसी कोटि का था। वर्तमान में हमारे महात्मा व्यासानंद जी का भाव, कर्म और कृत्य सब कुछ गुरु को समर्पित है उनका अपना कुछ नहीं है। हमारे गुरुदेव समाधि सरकार ने रापुर आश्रम बनाकर उसे अपने गुरुदेव गढ़वा घाट काशी को सपर्पित कर दिया। जो कुछ किया गुरु आदेश का ही पालन किया। राजपुर आश्रम में बोर्ड लगा है दासनुदास का। ऐसी भक्ति की उंचाई आधुनिक काल में दूसरा कोई नहीं है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक नजर में

## घाघरा जल प्रपात में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज



केरेडारी। केरेडारी प्रखण्ड के पहरा अंतर्गत घाघरा जल प्रपात में प्रत्येक वर्ष के तरह इस साल भी बैसाखी मेला का आयोजन किया जा रहा है। पहरा के ग्रामीणों के द्वारा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्टा का आयोजन भी किया जा रहा है । केरेडारी प्रखण्ड में पर्यटक स्थलों में से एक घाघरा जल प्रपात है जहाँ की खूबसुरत वादिया लोगो को मनमोह लेती है। चारो ओर पहाड़ो से घिरा घाघरा जल प्रपात बीच मे बहता सीतल जल लोगो को अपने ओर आकर्षित करते रहता है। आचार्य बनारस मिश्रा ने बताया कि 14 अप्रैल को मीन संक्रान्ति मनाई जाती है। जिसे लोगो के द्वारा कुछ क्षेत्रों में बैसाखी पर्व के नाम से तथा सतुआ संक्रान्ति भी कहते है। इसके साथ खरमास समाप्त हो जाएगा किंतु गुरु के अस्त चलने के कारण विवाह आदि शुभ कार्यो के लिए मुहूर्त शुरू नही हो पाएगा । इस पर्व में सत्तू ,गुड़ , आम खाना खिलाना एवं ऋतु फल के साथ सत्तू दान करना पुण्य फल कारक होगा।

## विहिप ने चुरचू बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**चरही।** जमशेदपुर में पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने महामहिम राज्यपाल के नाम से चुरचू बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में लिखा गया है कि एक समुदाय के लोग सनातन धर्म के संस्कृति को खंडित करने और सौहार्द वातावरण को बिगाड़ने को लेकर मंदिर के पवित्रता को भंग किया गया है।मंदिर के समीप रहने वाले सनातन धर्म के लोगों ने इस घृणित कार्य को जमकर विरोध किया है।तुष्टिकरण राजनीति करने वाली सरकार के विरोध करने वाले सनातन धर्म को मानने वाले सनातनियों के परिवार वालों को अभियुक्त बनाकर कार्रवाई की जा रही है।जो न्यायपूर्ण नहीं है।विश्व हिंदू परिषद ने इस घृणित घटना और बेकसूरों पर हो रही कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग महामहिम राज्यपाल से की गई है।ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के सतीश कुमार साहू,गौतम सोनी,निर्मल उर्फ किट्टी ठाकुर और बिनोद ठाकुर शामिल थे।

## लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने फूंका पुतला

चरही। बीते दिन सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कार्यकताओं पर लाठी चार्ज किया गया था।जिसके विरुद्ध में चरही चौक पर चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।तथा काला बिल्ला लगाकर विरोध किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मरारी सिंह,उपाध्यक्ष रोहित महतो,वरिष्ठ नेता फुलेश्वर महतो,सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार साव,विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक आरिफ अंसारी, गब्बर सिंह, गौतम सिंह, घनश्याम करमाली,उमेश ठाकुर, आनंद ठाकुर,आनंद सिंह,गुड्डू बर्णवाल,लालन शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चनारो पैक्स के अध्यक्ष बने जुगेश्वर महतो

**चरही ।** चनारो पंचायत भवन में कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स ) चनारो पैक्स का चुनाव गहमागहमी के साथ के साथ कि गई।सुबह से ही सदस्य अपने मत को प्रयोग करने के लिए जमे हुए थे।इस चुनाव में तीन प्रत्याशी जिसमें जागेश्वर महतो,जुगेश्वर महतो और नरेश यादव चुनाव मैदान में थे।मतदाताओं की संख्या 231है।इस चुनाव में जागेश्वर महतो को 91,जुगेश्वर महतो को 92 और नरेश यादव को 05 प्राप्त हुए।जिसमें 02 मत रदद् हुए।कुल 190 सदस्यों ने मतदान किया।इस पैक्स के चुनाव में जुगेश्वर महतो विजय घोषित किये गए।

## पंचायत भवन की जमीन को मुक्त कराने की मांग

कटकमसांडी। प्रखंड के लुपुंग पंचायत के मुखिया दीलीप पासवान ने प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदवती कुमारी अंचल अधिकारी अनील कुमार और थाना प्रभारी आनंद आजाद को आवेदन देकर लुपुंग गांव के सिकंदर राणा पर पंचायत भवन के उत्तर दिशा की खाली जमीन पर मनरेगा योजना के तहत पेड़ लगाया गया था। लेकिन सिकंदर राणा के द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर चारदीवारी किया जा रहा है। पंचायत के मुखिया दीलीप पासवान ने अवगत कराते हुए डीसी महोदय को आवेदन देकर सरकारी जमीन को मुक्त कराने की मांग किया है।

## मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**दारू ।** दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत की मुखिया रीना देवी अपने पति राजेश कुमार के साथ गुरुवार को ग्राम गाड़ीसाडम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया । केंद्र में बच्चों की उपस्थिति कम देख कर सेविका विन्दा देवी से उपस्थिति पंजीकरण रजिस्टर मांगा गया तथा कितने बच्चों को पोशाक वितरण किया गया इसकी भी रजिस्टर सूची मांगी गई तो सेविका ने केंद में रजिस्टर उपलब्ध नही होने की बात कही और बताया कि रजिस्टर दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र में है । मुखिया रीना देवी ने बताया की इस केंद्र की शिकायत ग्रामीणों द्वारा बार बार की जाती थी इसके पहले भी केंद्र की जांच के दौरान केंद्र संचालन में अनिमियता बरती जा रही थी।

## बड़कागांव में निकाली गयी शोभायात्रा



बड़कागांव।ए संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की रथ यात्रा निकाली गई। अधिकांश युवक ब्लू वेशभूषा में रथ के साथ अपने-अपने मोटरसाइकिल से प्रखंड के 23 पंचायतों में जागरूकता के लिए शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा बड़कागांव चौक स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा स्थल से शुरू की गई।14 अप्रैल को आदमकद प्रतिमा स्थल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी।रथ यात्रा एवं शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव लखींद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष कृष्णा राम आर्ट,मनोरंजन मंत्री अजीत कुमार रवि,अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार,पूर्व पंसस राजीव रंजन,रामेश्वर राम,चंदन गुरु,संजय कुमार रवि ,सुरेंद्र राम ,रवि कुमार, जीत कुमार,रोशन मेहरा,निरंजन राम,जीतू राम,संतोष राम,वीरेंद्र कुमार दास,चिरंजीवी शेखर ,शंभू रविदास, धर्मेंद्र रविदास ,रामचंद्र राम ,छोटू राम ,राजू कुमार, जितेंद्र कुमार रवि समेत अन्य लोग शामिल हुए।

## मोटरसाइकिल डिक्की से 10,000 की चोरी

बड़कागांव। बड़कागांव झारखंड ग्रामीण बैंक के पास खड़ा मोटरसाइकिल से 10,000 नगद, बैंक पासबुक, चेक बुक, आधार कार्ड सहित अन्य कागजात की चोरी की गई। भुक्तभोगी बड़कागांव प्रखंड के सोनबरसा गांव निवासी निर्मल साव द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकासी कर झारखंड ग्रामीण बैंक के पास पैसा सहित सभी कागजात स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के डिक्की में रख कर डेली मार्केट में सब्जी खरीदने पति-पत्नी गए। सब्जी खरीद कर जब वापस आए तो डिक्की खुला हुआ देख खोजबीन करने लगे तो देखा गया कि डिक्की से पैसा एवं अन्य कागजात गायब है।

## राधा गोविंद विवि में लगा रक्तदान शिविर

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में ब्लड डोनेशन शिविर प्राइम हॉस्पिटल के तत्वाधान में लगा । सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि हम सभी को स्वस्थ्य समाज के परिकल्पना को साकार करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम को समय-समय पर आयोजित करते रहना चाहिए जिससे हमारा समाज स्वस्थ्य और सुरक्षित रहे । वहीं, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा की आए दिन न जाने कितने ही लोग रक्त की कमी जैसी परेशानी से जूझते हैं । यह परेशानी दुर्घटना और प्रसव के दौरान अधिक देखने को मिलती है ।

# शिलान्यास पट्ट पर नाम नहीं होने से जनप्रतिनिधियों में रोष

**केरेडारी प्रखड के 16 पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा कराया जा रहा सड़क निर्माण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**केरेडारी।** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखड में 16 पंचायतों में जिले के विभिन्न विभागों के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। मगर, शिलान्यास पट्ट स्थानीय जनप्रतिनिधियो के नाम नहीं होने से विवाद खड़ा हो गया है।

दरअसल, सड़क निर्माण का शिलान्यास स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद द्वारा कि जा रही है। अब जनप्रतिनिधियो का आरोप है की इस शिलान्यास कार्यक्रम समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जानकारी तक नहीं देते है। विधायक शिलान्यास कर चली जाती है। बताते चलें की शिलान्यास पट्ट में विधायक अम्बा प्रसाद ,सांसद जयंत सिन्हा, जिला परिषद का नाम केवल अंकित रहता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य का नाम नही अंकित रहता है।जनप्रतिनिधियों का यह भी आरोप है की शिलान्यास पट्ट उद्घघाटन के कार्यक्रम में केवल विधायक अम्बा प्रसाद और उनके सहयोगी होते है बाकी जनप्रतिनिधियों का पता ही नही चलता है। शिलापट्ट पर नाम नहीं होने को लेकर कई बार जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री तक शिकायत की गयी है मगर इस बात को जिला प्रशासन व राज्य सरकार द्वारा कोई तवज्जो नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण प्रखंड के मुखिया, प्रमुख व वार्ड सदस्यों में नाराजगी देखी जा रही है। केरेडारी प्रखंड के कई पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि ने कड़ी आपत्ति दर्ज करायी है। उन्होंने कहा है कि यह प्रोटोकॉल के खिलाफ है। शिलान्यास पट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम भी होना चाहिए । यह दुर्भाग्य है कि दरकिनार कर शिलान्यास किया जा रहा है।

**क्या कहती है केरेडारी प्रखण्ड प्रमुख:** केरेडारी प्रमुख सुनिता देवी ने कहा कि स्थानीय विभाग से मांग करते है कि लगे हुए शिलान्यास पट्ट को हटाकर नया शिलान्यास पट्ट लगाई जाए। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम अंकित हो। फिर से शिलान्यास कार्यक्रम किया जाए। विधायक अपना छवि बचाने को लेकर उपायुक्त महोदय के पास ज्ञापन सौंपे है। जब जनप्रतिनिधियों के बारे में इतना ही ख्याल था तो वर्षों से कहा थे पिता,माता,बेटी।





## विस्थापितों ने भुरकुंडा पीओ को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित गांव बलकुदरा में विकास कार्य कराने को ले गुरूवार को विस्थापित सह झामुमो नेता योगेंद्र यादव ने भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र में योगेंद्र यादव ने कहा है कि सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत बलकुदरा खदान से विगत कई वर्षों से कोयला का आउटसोर्सिंग का कार्य बड़े पैमाने में किया जा रहा है। वर्षों से उक्त जमीन में कोयला उत्खनन कर राष्ट्रहित, उद्योगहित में कार्य कर प्रत्येक वर्ष सरकार को करोड़ों रूपये का मुनाफा हो रहा है। लेकिन दुर्भाग्य है कि यहां के स्थानीय विस्थापितों के सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण के बावजूद न तो यहां कोई विकास का कार्य हुआ है।

# पूंजीपतियों के हाथों में है देश की बागडोर : अकेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुड़ियों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दूल मनान वारसी की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित हुए। उन्होंने लोकतंत्र खतरे में बताते हुए कहा कि संविधान द्वारा दिये गए मौलिक अधिकारों को हनन करने की साजिश किया जा रहा है।जिसमे अभिव्यक्ति के अधिकार को केंद्र द्वारा कुत्सित तरीके से समाप्त कर दिया जायेगा।देश की बागडोर पूंजीपतियों ने अपने अधिकार में लेकर सरकार को मात्र कठपुतली की तरह प्रयोग करने की कोशिश की जा रही है।देश की सरकारी कंपनियों को निजी कंपनियों के हाथों मोदी सरकार बेचने के लिए मजबूर दिखाई दे रही है।जनहित मुद्दों को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा सवालों के पूछे जाने पर राहुल गांधी की सदस्यता मोदी सरकार ने साजिश के तहत सदस्यता रद्द करवा दी। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम कर रहा है। कहा कि देश को पूंजीपतियों को सौंपने की तैयारी हो रही है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, जागेश्वर यादव, संजय कुमार, मेघलाल महतो, रामेश्वर पांडे, रमजान जी, बाबू लाल यादव, बैजनाथ यादव, प्रकाश यादव, रामचंद्र यादव, बहादुर पासवान, रामानंद यादव, सुनील पांडे आदि उपस्थित रहे।

**गुड़ियो में जय भारत सत्याग्रह में शामिल हुए विधायक**



## आजसू ने निकाला न्याय मार्च, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़।** आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में गुरूवार को कोठार ओवर ब्रिज से उपायुक्त कार्यालय तक न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में रामगढ़ ज़िले से सैकड़ों आजसू पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित सभा में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी , रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए।

पार्टी का प्रतिनिधि मंडल ने खतियान आधारित नियोजन नीति,सरना धर्म कोड लागू करना,जातीय जनगणना करवाना, आंदोलनकारियों को उचित सम्मान देना,पूर्व मे शामिल शामिल अनुसूचित जनजाति को पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, बेरोजगारों को रोजगार देना, संसाधनों की लूट बंद करना संबंधी सात सूत्री ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
कोनार नहर प्रमण्डल,डुमरी (गिरिडीह)

ई0 प्रोक्युरमेंट नोटिस

निविदा प्रसंग सं0 ज0 सं0 वि0/को0 न0 प्र0 डुमरी/ IFB-03/2023-24 दिनांक :- 08.04.23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Fixation of Boundary Pillar and Plantation of trees Within demarcation line of Bagodar Branch Canal from k.m 11.15 to 41.15 का निर्माण कार्य । |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रूपये 1942996.06 ( रू0 उन्नीस लाख बेयालीस हजार नौ सौ छेयानबे एवं पैसे छः ) मात्र |
| 3. | परिमाण विपत्र का मूल्य | रूपये 5000.00 (रूपये पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | अग्रधन की राशि | रूपये 39000.00 मात्र |
| 5. | कार्य समाप्ति की अवधि | 1 वर्ष |
| 6. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.04.2023, पूर्वाह्न 11:00 |
| 7. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023, अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 8. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवम अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने का स्थान। | कार्यपालक अभियन्ता, कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी (गिरिडीह) |
| 9. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवम अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने की अंतिम तिथि | 09.05.2023, अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 10. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.05.2023, अपराह्न 2:00 बजे तक |
| 11. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी (गिरिडीह) |
| 12. | ई. पदाधिकारी का संपर्क सं. | 9661727177 |
| 13. | ई. प्रोक्यूरमेंट कोषांग का हेल्पलाईन नं0 | 06546-267462 |

नोट :- केवल ई. निविदाएं ही स्वीकार्य होंगी।
समुचित जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता,
कोनार नहर प्रमण्डल,डुमरी
(गिरिडीह)

PR 295096 (Water Resource) 23-24 (D)

# सदर विधायक का बेलरगड्डा में स्वागत



कटकमसाडी।हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने दैनिक दिनचर्या के कार्य और सेवा कार्यालय में जनसमस्याओं से रूबरू होने के अलावे लगातर जनता के बीच उनकी समस्या जानने और समस्याओं के निराकरण के प्रयास के लिए बने रहते हैं। गुरुवार को अहले सुबह से देर दोपहर तक विधायक मनीष जायसवाल ने अपने सेवा कार्यालय में लोगों की समस्याओं से मुखातिब होने के बाद शाम को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कंडसार पंचायत स्थित ग्राम बेलरगड्डा पहुंचे। यहां पहुंचते ही विधायक मनीष जायसवाल के लिए पहले से एकजुट संपूर्ण ग्राम वासियों ने गाजे-बाजे के साथ विधायक मनीष जायसवाल का फूल- माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया। ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक मनीष जायसवाल ने यहां नवनिर्मित हनुमान मंदिर का निरीक्षण किया और नवनिर्मित मंदिर के जीर्णोद्धार में हर संभव सहयोग का भरोसा ग्रामीणों को दिया ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जनसेवा के साथ क्षेत्र का विकास और अपने धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करना ही हमारे जीवन का मकसद है। मंदिर सनातन संस्कृति का आधार है और जब तक आस्था का प्रतीक मंदिरों का सुदृढ़ीकरण नहीं होगा तब तक हम अपनी संस्कृति का विकास नहीं कर सकते। मनुष्य जीवन में अध्यात्म, एकाग्रता और आत्मचिंतन का मंदिर से बड़ा मध्यम ओर कुछ भी नहीं हो सकता। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि मंदिर के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार में यथाशक्ति अपना सहयोग अवश्य सुनिश्चित करता हूं और ईश्वर की कृपा रही तो आगे भी इस परंपरा को बरकरार रखूंगा।

## दो हाई स्कूल का निर्माण कार्य भाजपाइयों ने रोका

**बिष्णुगढ़ ।** 5 करोड़ के लागत से बन रहे +2 हाई स्कूल के निर्माण कार्य को भाजपाईयों ने रोका दिया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में बालू व इट घटिया किस्म के लगाए जा रहे हैं। वही पिलर की ढलाई में बांधे जा रहे रिंग की भी दूरी अधिक है। भाजपा मंडल अध्यक्ष केवी मंडल व डोमन गुप्ता ने कहा कि कार्य को तब तक बंद रखा जायेगा जब तक की गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं किया जाएगा।.वहीं नियम संगत कार्य करने के पूर्व लोगों के बीच ऐस्टीमेट दिखाना होगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष केबी मंडल ने कहा कि स्थल पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बात करने पर श्रमिकों ने बताया कि ईट जुड़ाई के लिए 1:5 का मसाला तैयार किया जाता है । ढलाई के लिए 1:2 : 3 का मसाला तैयार किया जाता है जिससे निर्माण कार्य होता है।

कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

पत्रांकः.......................... दिनांक.......................

शुद्धि-पत्र

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा GNP/RFP-01/2022-23 2nd Call (Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR No.293771 Urban Development (22-23)#D है। उक्त ई-निविदा को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा

PR 295089 Urban Development (23-24)_D

## पहली बार दिखा ब्लैक हेडेड आइबिस

**रजरप्पा।** ब्लैक हेडेड आइबिस वेडिंग चिड़िया पहली बार बीआईटी मेसरा रांची के समीप एक खेत में देखी गईं है। यह चिड़िया आइबिस परिवार से आते है। जब इसकी ब्रीडिंग का समय आता है तो इनके टेल फेधर सफेद से काले हो जाते है। ये ईस्ट और साउथ इस्ट एशिया में पाए जाते है। ये समुंदर के आस-पास, झीलें या जहाँ पानी हो वहाँ रहना पसंद करते है। लेकिन पिछले कुछ सालो में इनकी संख्या में काफी गिरावट आयी है।

# धोबघट में सड़क निर्माण की उम्मीद बंधी

**बरही।** आजादी के दशकों वर्ष बीत जाने के बावजूद प्रखंड के रानीचुवां पंचायत के धोबघट में विकास की कोई किरण पहुँच पाने पर असमर्थ है।अभी भी पहाड़ की चोटी पर निवास कर रहे ग्रामीण महिलाओं को प्रसव के लिए खटिया द्वारा मुख्य सड़क पर लाया जाता है।

जिसके समाधान हेतु बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रानीचुंवा पंचायत के धोबघट में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों का दशकों से चीरप्रतीक्षित मांगो में से एक सड़क निर्माण की समस्या के समाधान को लेकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला संबंधित पदाधिकारियों के साथ गांव पहुंचे। जहां विधायक उमाशंकर अकेला की अध्यक्षता में ग्रामसभा आयोजित हुआ। जिसमे वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार, फोरेस्टर आनंद सिंह, दीपक कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर।

ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
जल संसाधन विभाग/कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर/आई.एफ.बी. 02/2023-24 दिनांक 13/04/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Resectioning of Baraghat Distributory from K.M. 1.20 to K.M. 2.5 and Construction of 8 No's Outlets Under Konar Canal Divison, Bagodar. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 66,52,831.41( रुपये छियासठ लाख बावन हजार आठ सौ एकतीस पैसे एकतालीस)मात्र। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रू0 10000.00 ( रुपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि ) |
| 4 | अग्रधन की राशि | रू0 1,34,000.00 मात्र |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 365 ( तीन सौ पैंसठ ) दिन। |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.04.2023 को 11.00 AM बजे |
| 7 | बीड समर्पित करने का अंतिम तिथि एवं समय | 02.05.2023 को 05.00 PM बजे |
| 8 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात जमा करने का स्थान(कार्यालय) | 1. कार्यपालक अभियंता कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर। 2. अधीक्षण अभियंता तेनुघाट बाँध अंचल, तेनुघाट। 3. मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, हजारीबाग। |
| 9 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात जमा करने की अंतिम तिथि | 04.05.2023 को 05.00 PM बजे तक क्रमांक 8 पर वर्णित किसी भी कार्यालय में। |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | 09.05.2023 को 02.00 PM बजे |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर। (गिरिडीह) पिनकोड 825322 |
| 12 | ई-प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल नं0 | 8340285398 |
| 13 | ई-प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546-267462 |


नोटः (1) प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।
(2) केवल ई - निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(3) किसी भी विशेश जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर
(गिरिडीह)।

PR 295064 (Water Resource) 23-24 (D)

# ओड़िशा में जेएसपी लगायेगा रेल मिल

**अंगुल में लगेगी नयी मिल 12 एमटीपीए होगी क्षमता**



बासल (रामगढ़)। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में निरंतर योगदान करने के अपने प्रयासों के तहत ओडिशा स्थित अपने अंगुल स्टील परिसर में 12 एमटीपीए की रेल और हेवी स्ट्रक्चर मिल लगाएगी। अंगुल में नई रेल मिल चालू होने के बाद जेएसपी की कुल रेल निर्माण क्षमता 22 एमटीपीए हो जाएगी। छत्तीसगढ़ स्थित रायगढ़ स्टील प्लांट में 1 एमटीपीए (प्रतिवर्ष 10 लाख टन) क्षमता की रेल मिल से जेएसपी ने 1175 एचटी, आर 350 एचटी, एसिमेट्रिक रेल और खासकर मेट्रो-मोनो ट्रेन जैसी तेज गति की गाड़ियों के लिए 1080 एचएच रेल भी विकसित की है। जेएसपी की इस पहल से राष्ट्र गर्वान्वित हुआ है। क्योंकि ये उत्पाद आयात के विकल्प हैं और 25 एमटी से अधिक के भारी-भरकम एक्सेल लोड के लिए आवश्यक भी हैं। इससे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हम एक कदम आगे बढ़े हैं। इन रेलों का उपयोग मुख्य रूप से मेट्रो, बुलेट ट्रेन समेत तेज गति से चलने वाली ट्रेनों के सुचारु संचालन में किया जाता है। रायगढ़ रेल मिल नियमित रूप से भारतीय रेलवे, डीएफसीसी और राष्ट्रीय महत्व की अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को 260 मीटर रेल की आपूर्ति कर रही है। न्यूनतम वेल्डिंग वाली ऐसी लंबी रेलें ट्रैक सुरक्षा और आरामदायक यात्रा प्रदान करने में उपयोगी हैं। जेएसपी की 1080 एचएच ग्रेड की खास रेल का उपयोग देश की लगभग सभी मेट्रो और आरआरटीएस सिस्टम में किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला
(गुमशुदा की तलाश)



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि **अपहृता सुमती कुमारी उर्फ अनिता कुमारी उम्र करीब 32 वर्ष पिता स्व0 धनु उराँव ग्राम लपसर थाना घाघरा जिला गुमला** जिसका कद 4 फीट 6 इंच, रंग सांवला, चेहरा चौड़ा, बाल काला, पहनावा सुट सलवार, शरीर सामान्य, ऑख- दाया ऑख खराब, भाषा सादरी, कुडुक एवं हिन्दी बोलती है। लापता की तिथि वर्ष 2013 में पीड़िता के द्वारा भेजे गये चिट्ठी में वर्णित पता- सन्त नगर, पालिका बाजार के पास, थाना आर्यानगर जिला रोहतक, राज्य हरियाणा है। इस लापता लड़की के संबंध में अगर किसी प्रकार की जानकारी/पहचान होने पर नीचे लिखे अंकित मो0 नं0 पर सम्पर्क कर सूचित कर सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक, गुमला - 9431706376
2. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला - 8789559911
2. थाना प्रभारी, अहतु - 6200383896

पुलिस अधीक्षक,
गुमला।

PR 295142 Police(23-24)#D

# कुदाल से मारकर ग्रामीण की हत्या

## आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के डुमरी ग्राम निवासी 35 वर्षीय राजेश्वर भगत की कुदाल से मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार शाम की है। वहीं गुरूवार को दूसरे दिन हत्या से आक्रोशित डुमरडाड़ के ग्रामीणों ने पांच लाख रूपये मुआवजे की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। साथ ही हत्यारे को गिरफ्तारी कर कठोर सजा देने की मांग कर रहे थे। वहीं ने पुलिस सूझ बूझ का परिचय देते हुए ग्रामीणों से सड़क जाम समाप्त कराया। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी मनीषा ठीठिओ ने बताया कि उसका पति बुधवार की सुबह दोनों बच्चे को लेकर बैल चराने गया था। दोपहर को बेल लेकर वापस लौटा तो उसी समय टांगरडीह गांव से फोन आया था। फोन में मेरे पति द्वारा कहा गया



हत्या के विरोध में सड़क जाम किये लोग।

कि ईंट बनाने का काम खत्म हो गया है। मुझे नया काम मिला है। उसके लिए 4000 एडवांस मिला है। उसके बाद मेरे पति पैसा लेने के लिए गए और उधर से हड़िया पीकर साइकिल से घर पहुंचे और मुझे 2000 दिया। जिसके बाद फिर फोन आया फोन करने वाले ने बोला कि बेलटोली भेज दो यहां पर काम हैं। मैंने बोली कि वह नशे की हालत में है वह काम करने नहीं जा सकता है। मेरा पति आंगन में सो गया था। तब मैं घर का दरवाजा बाहर से बंद करके सब्जी बारी चली गई। उसके कुछ देर बाद घर आई तो देखा कि घर का आंगन में खून से लथपथ मेरे पति का शव पड़ा हुआ था। कुदाल से सिर और चेहरे पर गंभीर जख्म के निशान थे। मृतक को कंबल से ढंक दिया गया था। वहीं लाश को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# पोकलेन मशीन दलदल में फंसी, कोई हताहत नही



दलदल में फंसी पोकलेन मशीन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा–लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित कंडरा कोयल नदी में करोड़ो की लागत से चेकडैम निर्माण कार्य पीएचडी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि नलजल योजना के तहत बुटी पंचायत सहित अन्य पंचायत में जलमीनार भी निर्माण कराया गया है। जहाँ पानी की सप्लाई कंडरा कोयल नदी से किया जाएगा। जिसको लेकर चेकडैम निर्माण कार्य प्रगति पर है। परंतु निर्माण के दौरान ट्रेंच कटिंग के क्रम में पोप्लेन मशीन दलदल में फंस गया। जिसे कोई खतरा नही हुआ। बताया जाता है कि ट्रेंच कटिंग कर मशीन निकाल ने के दौरान मिट्टी गिरने से दलदल हो गया था। और मशीन का चैन उतरने से दलदल में फस गया।

## सात सूत्री मांग को लेकर आजसू पार्टी ने निकाला न्याय मार्च, डीसी को सौंपा ज्ञापन

# सरकार लोकहित में शीघ्र निर्णायक कदम उठाये : दिलीप

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सात सूत्री मांग को लेकर गुरूवार को आजसू पार्टी गुमला के द्वारा शहर में न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च पालकोट रोड स्थित जिला कार्यालय से आरंभ होकर टावर चौक, मेन रोड, जशपुर रोड, कचहरी रोड होते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। जहां उपायुक्त गुमला के नाम 7 सूत्री मांगों पर पार्टी के पदाधिकारियों ने सौंपा।

मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहु ने कहा कि झारखंड की जनभावना और बड़ी आबादी के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत सभी जिला मुख्यालयों में न्याय मार्च निकाली गई है। जिसमें



न्याय मार्च में शामिल आजसू कार्यकर्ता।

बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं। इस यात्रा के जरिये पार्टी राज्य सरकार को सचेत भी करती है कि उलझनें पैदा करने की बजाय लोकहित में शीघ्र निर्णायक कदम उठाये। आजसू पार्टी राज्य में अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर रिक्त सभी सरकारी पदों को भरने की मांग पर जोर देती है। साथ ही रोजगार सृजन के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिससे बेरोजगारों में व्याप्त निराशा और हताशा दूर हो सके। दरअसल इन मामलों में सरकार का रवैया बेहद निराशजनक रहा है।

झारखंड में जातीय जनगणना निहायत जरूरी है। पिछड़ा आरक्षण तय करने के लिए भी यह मजबूत आधार है। पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में था। उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने और सरना धर्म कोड लागू करने की मांग करती है। न्यायमार्च में पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीपनाथ साहु, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केन्द्रीय सदस्य दुर्गा साहु, प्रधान सचिव आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष तुलसी साहु, विकास अग्रवाल, फगुआ साहु, महिला अध्यक्ष किरण सिंह, दीपक छोटु साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष उत्तम साहु, पंकज साहु, शानु कुमार, पवन साहु, धीरज साहु, मनिंदर साहु, रवि राम, रामु गोप, मोनिका देवी, सोनी कुमारी, पवन बड़ाईक, दिनेश साहू, भागवत साहु, अनूप साहू, बाबूलाल साहु, सानु राम, तुलसी साहु, अनीस पूरी, सुमित गोप, अजय भगत, धरती उरांव, संदीप केसरी, अजय भगत मोती, सूरजभान सिंह, घुरणी देवी, अनिता देवी, शाकुन्तल देवी, शोभा देवी, मिना देवी, अलका मनोरमा देवी एवम तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गरीब कन्याओं के विवाह के लिए आयोजित लाटरी ड्रा की तिथि में परिवर्तन

**गुमला।** गरीब कन्याओं के विवाह, समाज के गरीब बच्चों के शिक्षा को लेकर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लाटरी ड्रा का आयोजन किया गया है। इस संबंध में गुरूवार को पालकोट रोड स्थित सिंह ढाबा में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश ने कहा कि 14 अप्रैल 2023 को लाटरी ड्रा की तिथि निर्धारित थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से ड्रा की तिथि को परिवर्तित कर आगामी 29 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को ड्रा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लॉटरी का कूपन राज्य के सभी जिलों में स्थापित (कार्यरत) तेली समाज के संगठन को वितरण किया गया है। समयाभाव के कारण वितरित सभी कूपनों का एकत्रिकरण नहीं हो पाया और कुछ कूपन शेष यथावत रह जाने के कारण प्रस्तावित लॉटरी ड्रॉ की तिथि को समिति के पदाधिकारियों के बीच विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से परिवर्तन किया गया है। ताकि यह कार्य पूर्ण संपुष्ट होकर समाज के गरीब परिवारों की सशक्तिकरण का माध्यम बन सके।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान : उरांव



बच्चो को पुरस्कृत करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के मसमानो गांव स्थित करपात्री सेवन स्टार एकेडमी स्कूल में गुरुवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सौ मीटर, बैलून रेस, थ्री लेग रेस, हार्डल रेस व अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सह विद्यालय के निदेशक बिंदेश्वर उरांव रहे।

मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की सौ मीटर रेस को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत नामांकन की अनिवार्यता को लागू करने की मांग

**गुमला।** मिशन बदलाव के सदस्यों ने गुरूवार को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार कानून का उल्लंघन करने का मामला उठाया। मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन एवं नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि गुमला जिला एवं शहर के निजी स्कूलों में शिक्षा अधिकार कानून का हनन किया जा रहा है। किसी भी निजी स्कूल में एसटी, एससी व ओबोसी के गरीब बच्चों का नामांकन नहीं लिया जाता है। जबकि निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत गरीब बच्चों का नामांकन करना अनिवार्य है। लेकिन कोई भी निजी स्कूल सरकार के नियम कानून का फालो नहीं कर रहा है। जिससे गरीब वंचित बच्चे अच्छे स्कूलों में पढ़ने वंचित हो जाते हैं। मिशन बदलाव के सदस्यों ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान की और इसे अनुच्छेद 21-ए के तहत मौलिक अधिकार के रूप में लागू किया जाय।

# धरधरिया जलप्रपात का बीडीओ ने दौरा कर लिया जायजा



निरीक्षण करने जाते बीडीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित धरधरिया जलप्रपात स्थल का भ्रमण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जायजा लिया। जानकारी के अनुसार बता दें कि धरधरिया जलप्रपात सुंदरीकरण कार्य पूर्व से विशेष प्रमंडल के माध्यम से संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। उसके बाबजूद धरधरिया जलप्रपात स्थल में और भी बेहतर सुंदरीकरण को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर स्थल का जांच किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में धरधरिया जलप्रपात चर्चित स्थल है। जहां लोग दर्शन के लिए लोग दूर दूर से आते जाते रहते है।

# पीएम आवास योजना : संपन्न लोगों के लिए वरदान व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए बना अभिशाप

संदीप गुप्ता

**भंडरा।** सभी परिवार को पक्का छत का आवास देने का प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन प्रखंड क्षेत्र में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का मिश्रित प्रभाव क्षेत्र में देखा जा रहा है। जहां एक और आर्थिक रूप से थोड़े संपन्न लोगों के लिए यह योजना पक्का मकान बनाने का एक अवसर साबित हो रहा है। वही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए यह योजना एक मुश्किल काम बन गया है। आर्थिक रूप से संपन्न लोग इस योजना में और भी राशि मिलाकर अच्छे आवास का निर्माण कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण स्तर पर भी लोगों को पक्का मकान बनाने का सपना पूरा होने लगा है। ग्रामीण क्षेत्र में भी अब पक्के मकान अब दिखने लगे हैं। परंतु गरीब तबका के लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक अभिशाप के रूप में सामने आ रहा है। गरीबों का कहना है कि सरकार द्वारा प्राप्त राशि पक्का आवास निर्माण के लिए पर्याप्त नहीं है। सभी भवन निर्माण सामग्रियों का कीमत आसमान छू रहा है।

वही प्रधानमंत्री आवास हेतु बनाया गया प्राक्कलन बरसों पुराना है। सामग्रीयो के कीमत बढ़ने के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि की भी बढ़ोतरी होनी चाहिए थी। परंतु सामग्रियों की कीमत बढ़ गया और राशि की बढ़ोतरी नहीं हुई। जिसके कारण कई लाभुक आवास बनाने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। वर्ष 2021-22 में प्रखंड क्षेत्र में 1827 जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत की गई थी। जिसमें 2 वर्ष बीतने के बाद भी 367 प्रधानमंत्री आवास नहीं बन पाए। जबकि प्रखंड कार्यालय के द्वारा 77 लाभुकों के द्वारा राशि लेकर आवास निर्माण नहीं करने वाले लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस किया गया है। ऐसे लाभुको से राशि वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना बस 2022, 23 में प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृति किसी लाभुक को नहीं दी गई थी।

# बुनियादी शिक्षा को आंगनबाड़ी केंद्र में करें मजबूत : उपायुक्त

## आकांक्षी योजना के तहत चयनित डुमरी प्रखंड के विकास को लेकर डीसी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता







बैठक में निर्देश देते उपायुक्त, कार्यालय का निरीक्षण करते डीडीसी व ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त।

**गुमला।** देश भर में आकांक्षी जिला योजना अंर्तगत 500 जिलों का चुनाव किया गया। जिसमें से गुमला जिले के डुमरी प्रखंड को भी चुना गया है। जिसको लेकर गुरूवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने डुमरी प्रखंड की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए आगामी एक वर्ष में डुमरी प्रखंड में किये जाने वाले कार्य योजनाओं से संबंधित चर्चा की। उपायुक्त ने इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु डुमरी में युद्ध स्तर पर सभी संबंधित पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। डुमरी में शिक्षा के स्तर को मजबूत करने हेतु उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा बुनियादी शिक्षा के स्तर को आंगनवाड़ी केंद्रों में ही बेहतर बनाया जा सकता है। जिसके लिए पढ़ाई की नई पद्धति जिसमें गाने एवं एक्शन करते हुए बच्चों को पढ़ाने की बात की। उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र मुख्यतः जो आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत भी आते हैं में प्राथमिक सुविधाएं दुरुस्त करने, अच्छी पेंटिंग , खिलौने , शौचालय एवं पेय जल की सुविधा को दुरुस्त करने के निर्देश दिया। डुमरी के सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर क्लास एवं स्मार्ट क्लास को एक्टिव करने का निर्देश दिया। साथ ही कौशल विकास के भी कोर्स को प्रारंभ करने की बात कही। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपायुक्त ने पुनः एक बार अभियान चलाते हुए एनीमिया एवं कुपोषण के बच्चों का डोर टू डोर सर्वे करवाने का निर्देश दिया। टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश से से टांगीनाथ धाम, सिरसिता धाम , सदनी वाटरफॉल,आदि स्थलों के सौंदर्यकरण करने पर भी प्लान तैयार करने की बात कही। वहीं मत्स्य उत्पादन हेतु भी इन वाटर फॉल्स एवं डैम का उपयोग करने की बात कही। कृषि के क्षेत्र में सभी किसानों को रागी मिशन से जोड़ने के साथ साथ कृषि पद्धति के अन्य खेती के लिए भी प्रशिक्षण देने के साथ साथ कृषि संबंधित सरकारी योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया। इसके साथ साथ उन्होंने 30 जून से पहले किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड एवं खेती से संबंधित इंफॉर्मेशन कार्ड का वितरण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाने, एकलव्य विद्यालय के कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ करने, डुमरी कॉलेज की आवश्यक मरम्मती एवं 50 बेड के हॉस्टल निर्माण करने का प्रस्ताव बनाने, 15 मई तक डुमरी के सभी पशुओं का टीकाकरण करने , सभी घरों में जल जीवन मिशन से शत प्रतिशत घरों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी हेमंत सती, एलआरडीसी सुषमा नीलम सोरेंग, डीटीओ विजय सिंह बिरूवा, सिविल सर्जन राजू कच्छप, डीएसई वसीम अहमद, जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा, बीडीओ एकता वर्मा, मुखिया एवं कर्मियों उपस्थित थे।

## रेफरल अस्पताल सिसई में रक्तदान शिविर का आयोजन

**सिसई।** रेफरल अस्पताल सिसई में गुरूवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 23 लोगों ने पंजीकरण कराया। जिसमें कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सौकत अंसारी, रोहित कुमार शर्मा,शिखा कुमारी और महिला प्रसार पदाधिकारी सुषमा तिर्की के द्वारा किया गया। वहीं स्वास्थ्य सहिया दीदी जौरी देवी, नमिता देवी, स्वास्थ्य विभाग के विकास उरांव, होमगार्ड राजेश गोप ने भी रक्तदान किया। जबकि अंचल कार्यालय से हल्का कर्मचारी दिलीप सिंह, मरियानुस टोप्पो और कार्यालय कर्मी नारायण, अभिषेक, सुजीत, पंचायत स्वयं सेवक ओज कुमार जायसवाल सहित सिसई प्रखंड के अशफाक आलम, इमरोज अंसारी, बिनुलाल, निलांबर सेनापति, अंकित कुमार, अमित कुमार दूबे ने विशेष रूप से उपस्थित होकर रक्तदान किया।

## एक नजर में

### 1339 छात्र-छात्राओं ने दी आठवीं बोर्ड की परीक्षा

**सेन्हा–लोहरदगा।** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड का वार्षिक परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मध्य विद्यालय में अध्ययनरत 1361 छात्र छात्राओं में से प्रखंड क्षेत्र के तीन परीक्षा केन्द्र में 1339 छात्र छात्राओ ने परीक्षा दिया। वही 22 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 531 छात्र छात्राओं में 9 छात्र अनुपस्थित थे। नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 534 छात्र छात्रओं 12 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। और बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा में 296 विद्यार्थी में 1 छात्र अनुपस्थित रहा। वही केन्द्राधिक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा,अभिषेक गौरव और रेणु मिश्रा ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त रहा। मौके पर सभी शिक्ष शिक्षिकाएँ मौजूद थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती आज, तैयारी पूरी

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय के रविदास मुहल्ला आंगनबाड़ी के समीप आज संविधान निमार्ता भारत रत्न से सुशोभित डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए आयोजक समिति के अध्यक्ष संदीप रविदास ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण कर अन्य कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आम व खास लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### बाबा साहेब का चित्र भेंट किया गया

**कैरो।** कैरो अम्बेडकर जयंती समारोह समिति प्रतिनिधि मंडल के द्वारा गुरुवार को अंचल कार्यालय, कैरो हाई स्कूल, मिडिल स्कूल एवं कैरो थाना में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का चित्र भेट किया गया। साथ ही 14 अप्रैल शुक्रवार को रविदास मुहल्ला में भव्य रूप से मनाई जाने वाली अम्बेडकर जयंती समारोह में भाग लेना का आमंत्रण भी दिया। जयंती समारोह में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने के लिए नीव खोदाई कार्य का भी सुभारंभ किया जाएगा।

### आज कलश यात्रा के साथ शुरू होगी श्री पंच कुंडात्मक शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ

**भंडरा।** प्रखंड के भौरों गांव मे 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित भव्य श्री पंच कुण्डात्मक, शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ सह शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पुरी कर ली गई है। शुक्रवार को यज्ञ का शुभारम्भ 1 हजार कलाश यात्रा के होगा । यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामवृक्ष साहू ने बताया की 14 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू होगी । ततपहचात 15 अप्रैल को पीठ निर्माण वेदी पूजन, 16 अप्रैल को अग्नि स्थापना कर्म कुटी हवन प्रारंभ, 17 अप्रैल को जलाधिवास, महाभिषेक, नगर भ्रमण, 18 अप्रैल को न्यास शिव स्थापना, 19 अप्रैल को हवन व 20 अप्रैल को पूणाहुति, प्रसाद वितरण सह भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बनारस से आचार्य श्रीश्री 108 दिगंबर अवधेशानंद गिरी नागा बाबा, अष्ट कौशल महंत राजपुरी नागा बाबा, शिवपुरी शास्त्री महाराज सहित कई आचार्य भौंरो पहुंच गए है। पूरे क्षेत्र मे भव्य यज्ञ को लेकर हिन्दु समाज मे उत्साह का माहौल है।

### भूमि की मापी व समतलीकरण करने का निर्णय

**गुमला।** सदर प्रखंड गुमला के पनसो गांव में नउवा गढ़ा के समीप ग्राम प्रधान नारायण भगत की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि की माफी, भूमि समतलीकरण के बाद मंदिर के लिए लेआउट करने का निर्णय लिया गया। साथ ही चंदा रसीद छपाई पर भी चर्चा हुआ। मौके पर मंदिर के निर्माण के लिए हर घर से 10000 सहायेग राशि आपसी सहयोग करने पर सहमति बनी।

### अनाथ बच्चों को पहली प्राथमिकता : बीडीओ

**घाघरा।** घाघरा प्रखण्ड कार्यालय परिसर के सभागार में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन फॉर्म के स्क्रूटनी को लेकर गुरुवार को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने कहा कि कस्तूरबा में नामांकन के लिए प्रथम प्राथमिकता वैसे बच्चियों को देना है जिनके माता-पिता दोनों नहीं है। द्वितीय प्राथमिकता जिसके पिता या माता नहीं है। तृतीय प्राथमिकता जो आदिमजनजाति से आते हैं। इसके साथी कई ऐसे बच्चियां जिनके माता-पिता अत्यंत गरीब है और वह अपने बच्चियों की पढ़ाई नहीं करा पा रहे हैं।

### 9वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आज

**गुमला।** श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर अंबेराडीह का 9वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 14 अप्रैल को सुबह में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। वहीं अपराह्न में कलश स्थापन किया जाएगा और उसके बाद अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। वहीं 15 अप्रैल को हवन-पूजन के साथ कलश का विसर्जन किया जाएगा। साथ ही नगर भ्रमण का भी कार्यक्रम रखा गया है। वहीं 15 अप्रैल की संध्या को नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन है।

### जंगल से भटक कर खरतंगा गांव पहुंचा हिरन

**गुमला।** भरनो प्रखंड के मारासिली पंचायत अंतर्गत खरतंगा गांव में सुबह ग्रामीणों को एक हिरण भटकते हुए जाली में फंसा हुआ मिला। जिसको ग्रामीणों के द्वारा पकड़कर स्कूल में रस्सी में बांधकर रखा गया। जिसके बाद हिरण के मिलने की सूचना वन विभाग को ग्रामीणों के द्वारा दिया गया। सूचना मिलने पर वन विभाग के वनरक्षी राकेश कुमार मिश्रा खरतंगा गांव पहुंचे और ग्रामीणों के द्वारा पकड़ कर रखें हिरण को जंगल में ले जाकर ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस संबंध में वनरक्षी राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उन्हें सूचना दिया गया कि खरतंगा गांव में एक हिरण कहीं से भटक कर आकर एक जाली में फंस गया है। जिसे ग्रामीणों द्वारा जाली से छुड़ाकर बांधकर रख दिया गया था।

### ऑटो चालक हुआ फरार, जांच में जुटी पुलिस

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के सीसीकरमटोली पंचायत के श्रीनगर निवासी ऑटो चालक के द्वारा श्रीनगर जंगल के समीप एक नबालिक लड़की के साथ जंगल में छेड़छाड़ करते हुए बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि श्रीनगर जंगल के समीप ऑटो चालक ने जबरदस्ती एक नाबालिक से जंगल में ले जाकर बलात्कार का प्रयास किया। इसी बीच रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर पड़ी तो इसकी सूचना नजदीकी थाना को दी गई। सूचना पाकर पुअनि देवानन्द राणा अपने दल बल के साथ श्रीनगर जंगल के पास पहुँचे और नाबालिक को अपने साथ मेडिकल चेकअप के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गए। साथ ही थाना में नाबालिक लड़की के बयान पर केस दर्ज किया गया है।

### धक्के से दंपति घायल, टूटा दोनों का पैर

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के टोटो संतोषी मंदिर के पास पिकअप वाहन के धक्के से टीवीएस वाहन सवार डेवीडीह निवासी 62 वर्षीय मिठु लोहरा व उसकी पत्नी जमुना लोहराईन गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना में दोनों पति पत्नी का पैर टूट गया है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दंपति की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया।

### बीमा कंपनी को बीमा राशि के भुगतान का निर्देश

**गुमला।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने गुरूवार को दो मामलों की सुनवाई करते हुए बीमा कंपनियों को 60 दिनों के अंदर बीमा राशि का भुगतान करने का आदेश पारित किया है। आयोग के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय ने फलिन्द्र साहू के शिकायत पर सुनवाई के बाद बजाज एलियांज जेनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सर्कुलर रोड रांची को शिकायतकर्ता के पक्ष में कुल 67000 रुपए बीमा राशि का भुगतान करने का आदेश पारित किया है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को मानसिक एवं शारीरिक परेशानी के लिए अलग से 5000 तथा वाद खर्च के रूप में 5000 रुपए कुल सतहतर हजार रूपए का भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

स्पीड न्यूज

## हत्या का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करवापहाड़ निवासी मुस्तकीम अंसारी की 26 वर्षीया पत्नी मजरून बीबी की मौत पर मृतक के परिजनों ने थाना में आवेदन देकर ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। इसी मामले में पुलिस ने नामजद अभियुक्त मुस्तकीम अंसारी पिता जहूर अंसारी को कांड संख्या 39/023 को धारा 304/बी भादवी 34 को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## गांव-गांव घूमकर मंत्री ने जाना जनता का दुख-दर्द

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गांव-गांव घूमकर जनता की दुख दर्द को जाना। मंत्री बुधवार की रात्रि मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों का भ्रमण कर जनता से रूबरू हुए। मंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना एवं त्वरित निष्पादन भी कराया। ग्रामीणों ने पेयजल, पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं से अवगत होने के बाद मंत्री ने ऑन स्पॉट संबंधित पदाधिकारियों को फोन कर समस्या का त्वरित निदान करने का निर्देश दिया। अगले दिन गुरुवार को चापाकल की मरम्मति, पेंशन की स्वीकृति आदि करा दी गई।

## सिंदूर भरने के आरोप में युवक को तीन साल का कारावास

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी एक युवक को गांव की नाबालिग लड़की के साथ ही छेड़खानी व उसकी मांग में जबरन सिंदूर देने के आरोप में तीन वर्ष की सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह घटना 13 महीना पहले की है। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला की पोक्सो विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है।

## सरकारी नाला क्षतिग्रस्त, सड़क पर बह रहा है नाली का पानी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर मुख्य बाजार में सरकारी नाला क्षतिग्रस्त होने से नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्य बाजार के पश्चिम दिशा में राकेश चंद्रवंशी के घर के पास मलु साह द्वारा कबाड़ा दुकान चलाया जाता है। जिसमें ओवरलोड वाहनों को पार किया जाता है। जिस कारण उक्त सरकारी नाला क्षतिग्रस्त हो गया। घरों से निकलने वाली गंदा पानी नाली से ओवर फ्लो होकर सड़क पर बह रहा है। जिससे उक्त रास्तों से गुजरने वालो को पानी व दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है। इससे बेखबर प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधि मुकदर्शक बने हुए है। वही आने-जाने वाले छात्र छात्राएं भी खासे परेशान है। बीडीसी चंदन ठाकुर ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो से बात कर नाली बनवाने की मांग की है।

## आठवीं बोर्ड की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

**केतार।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा ली जाने वाली आठवीं बोर्ड की परीक्षा केतार प्रखंड में चार सेंटरों पर ली गई। जिसमें एमएस केतार में 357 विद्यार्थियों में से 352 विद्यार्थी उपस्थित हुए। जबकि पांच विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परसोडीह स्त्रोनत उच्च विद्यालय में कुल 452 विद्यार्थियों में 440 उपस्थित हुए। जबकि 12 अनुपस्थित रहे। उत्क्रमित उच्च विद्यालय छाताकुंड में 168 विद्यार्थी में 164 उपस्थित हुए जबकि 4 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं पाचाडुमार मध्य विद्यालय में 126 विद्यार्थी में 124 विद्यार्थी उपस्थित हुए।

## 40 किलो जावा महुआ नष्ट

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया पंचायत के रेलवे कॉलोनी में छापामारी अभियान चलाकर महुआ शराब बनाने का उपकरण व 40 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया। जबकि घर के सदस्य मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। थाना प्रभारी रामेश्वर उपायाय ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से बनाये जा रहे महुआ शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। छापामारी दल में एसआई सहदेव साह और पुलिस जवान शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी घायल, रांची रेफर



सदर अस्पताल में इलाजरत सत्येंद्र नाथ तिवारी, पूर्व विधायक का हालचाल लेते मंत्री मिथिलेश ठाकुर व सदर अस्पताल के समीप लगी जाम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। साथ ही उनका अंगरक्षक दिलीप सिंह घायल हुआ है। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सदर अस्पताल पहुंचकर पूर्व विाायक का हाल-चाल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री तिवारी गुरुवार को डाल्टेनगंज से अपने स्कर्पियो से गढ़वा आ रहे थे। इस दौरान झुरा गांव स्थित पेट्रोलपंप के समीप सामने से आ रही एक पिकअप वैन को बचाने में उनकी गाड़ी असंतुलित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। उसके बाद गाड़ी खेत में उतर गई। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि गाड़ी का एयर बैग फट जाने से उनके पेट एवं सीने में गंभीर चोट लगी है। सदर अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह एवं उनकी टीम ने पूर्व विधायक का इलाज किया। उसके बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। रास्ते में उनकी देखभाल के लिए एंबुलेंस में एक चिकित्सक को भी भेजा गया है। जांच के दौरान श्री तिवारी का हिमोग्लोबिन कम पाया गया। तत्काल उनके लिए दो यूनिट रक्त की व्यवस्था की गई। श्री तिवारी का अल्ट्रासाउंड भी कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। अस्पताल में पूर्व विधायक से मुलाकात नहीं होने के बाद मंत्री ने अल्ट्रासाउंड सेंटर पहुंच कर पूर्व विधायक से मुलाकात कर हाल चाल लिया। पूर्व विधायक के घायल होने की खबर मिलते ही सदर अस्पताल में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों की काफी भीड़ लग गई। इस दौरान घंटों सड़क जाम रहा। सदर अस्पताल से लेकर सड़क तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर मुख्य रूप से कामेश्वर बैठा, विकास दुबे, तनवीर आलम, मदनी खान, अनीता दत्त, संतोष केशरी, चंदन पासवान सहित काफी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे थे।

एक नजर में

## डीडीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों के साथ की गई। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में आंतरिक समन्वय स्थापित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी से विभिन्न योजनाओं यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, नल - जल योजना, फसल राहत योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी ली गई। इसके पश्चात बैठक में मौजूद प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों एवं पदाधिकारियों से विभिन्न प्रखण्डों में विकास हेतु उन मुद्दों को रखने की बात कही जिनपर कार्य किया जाना है। जानकारी लेने के उपरांत उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश देते हुए आपसी समन्वय स्थापित कर सभी क्रियान्वित योजनाओं को पूर्ण करने की बात कही। उक्त बैठक में निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय झा, पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनि कुमारी समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## उप सचिव ने किया मध्य विद्यालय केतार का निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान उप सचिव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** झारखंड सरकार के शिक्षा उप सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने मध्य विद्यालय केतार का निरीक्षण किया। जिसमें शांतिपूर्ण माहौल में बच्चे कदाचार मुक्त परीक्षा देते नजर आए। इसके पश्चात विद्यालय की विधि व्यवस्था, रखरखाव व बागवानी देख शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय की विधि व्यवस्था और पठन-पाठन को और बेहतर बनाने के लिए सभी शिक्षकों को उत्साहित किया। साथ कहा कि आपके विद्यालय में मैं पुनः आऊंगा। मौके पर अंग्रेजी ट्रेनर शिक्षक गणेश ठाकुर, राजनाथ राम, राजकुमार पाठक, दिलीप जायसवाल, संतोष कुमार, अजय कुमार, धनंजय कुमार, राजू सिंह, प्रेमकुमार गुप्ता, अनिल प्रजापति, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी, अध्यक्ष उपेंद्र बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने किया आपदा प्रबंधन प्राधिकार एवं वन अग्नि निवारण की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने गुरूवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पदाधिकारियों के साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार एवं वन अग्नि निवारण से संबंधित बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की।

बैठक में मुख्य मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, प्राकृतिक आपदा, वज्रपात से मृत पशु के प्रभावितों को सहायता, प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत एवं पुनर्स्थापन समेत अन्य को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने सभी अचंल अधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी को कहा कि मुआवजा राशि के लिए प्राप्त आवेदनों की अच्छे से जांच कर लाभुकों को अविलंब मुआवजा भुगतान करें। उप समाहर्ता निलेश मुर्मू ने बताया कि सड़क दुर्घटना, नदी, डोभा में डूबने एवं वज्रपात से मृत व्यक्तियों से संबंाित कुल 19 मामलों में मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि का लाभ दिया गया है। प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त



बैठक करते डीसी।

मकानों की मरम्मत एवं पुनर्स्थापन के 10 अभिलेख प्राप्त हुए हैं। साथ ही वज्रपात से मृत पशु के प्रभावितों को सहायता के लिए 34 अभिलेख प्राप्त हुए है।

डीसी ने प्राप्त हो रहे अभिलेखों की ससमय जांच कर मुआवजा राशि भुगतान का निर्देश दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गढ़वा जिले के कुल 548 गांव वन क्षेत्र से जुड़े है, जिनमें काफी संख्या में पेड़ पौधे हैं। प्रायः यह देखा जाता है कि फरवरी से जून के माह के बीच जंगलों में आगजनी की काफी घटनाएं होती। इसे रोकने के उद्देश्य से यह बैठक आहूत की गई हैं। बैठक में उपस्थित बीडीओ समेत अन्य पदाधिकारियों को प्रखंड व पंचायत स्तर के बैठकों आदि में एवं ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों को इससे जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी वन प्रमंडल दिलीप कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी वन प्रमंडल शशि कुमार, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी, रंका एवं श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ, गढ़वा सीएस, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## दीवार गिराकर चोरी करने का लगाया गया है आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के शिवाला चौक निवासी विनोद चौरसिया ने थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा को आवेदन देकर अपना घर गिराए जाने तथा चोरी करने की शिकायत की है।

विनोद चौरसिया का आरोप है कि हर दिन की भांति गुरुवार को दुकान खोलने गया। दुकान का साफ सफाई करने के बाद दुकान के पिछे स्टोर रूम का साफ सफाई करने गया तो देखा मंजु देवी पति लक्ष्मण चौरसिया के घर की तरफ वाला दीवार टूटा हुआ है। वही स्टोर रूम से समान भी गायब है। मंजु देवी, सुरेंद्र चौरसिया, गोपाल चौरसिया, आजाद चौरसिया, करन चौरसिया, और सुरेश दांगी द्वारा दीवार गिराकर सामान की चोरी कर ली गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले उक्त लोगों द्वारा धमकी दी गई थी।

## जांच में चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित बैंक अफ इंडिया के समीप मोटरसाईकिल वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर का एक मोटरसाईकिल को पकड़ा है। मोटरसाइकिल चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तथा कागजात की जांच की गई। जानकारी के बाद पता चला कि यह गाड़ी चोरी की है। वहीं चालक मो मिस्टर आलम को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ के बाद पता चला कि इसमें दो-तीन लोग और हैं।

## एकदिवसीय शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड के गाड़ीलौंग पंचायत में एसबीआई टंडवा शाखा द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक रामगढ़ रणधीर कुमार मिश्रा उपस्तिथ हुये।इनकी निर्देशन में भारी संख्या में ग्रामीण,सीएसपी संचालक, एसबीआई शाखा प्रबंधक, उप प्रबंधक शिविर में भाग लिया। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक रणधीर कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों से कहा कि जिस प्रकार से आपके घरों में राशन कार्ड, बैंक पासबुक है, उसी प्रकार से सुरक्षा बीमा योजना का भी कार्ड होनी चाहिये, बैंक से संबंधित ग्रामीणों को कई समस्याओं के बारे में निदान हेतु विशेष जानकारी दिया। तथा शाखा प्रबंधक व उप प्रबंधकों,सीएसपी संचालको को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस मौके पर मुखिया सबिदा खातुन, आरवीओ रामगढ़ के उप प्रबंधक अजित प्रसाद, जेडएमएफ जिला कोर्डिनेटर रौशन कुमार राणा,सीएसपी संचालक प्रकाश ठाकुर, शैलेश कुमार अभिषेक, सुबोध कुमार शर्मा कयूम अंसारी, जेएसएलपीएस शंभू कुमार, बैंक सखी कासियाडीह मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान महिला की मौत, दो बच्चे हुए अनाथ

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना के निकट स्थित कांति मेडिकल हॉल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। वहीं मृतका की पहचान चंदवारा थाना क्षेत्र के आरागारो निवासी 35 वर्षीय रीना देवी पति मनोज सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महिला को खांसी-जुकाम व बुखार था, जिसके इलाज के लिए वह कांति मेडिकल हाल में इलाज के लिए आयी थी। जहां इलाज के दौरान महिला को क्लीनिक संचालक कांति कुमारी के द्वारा सुई दिया गया, जिसके बाद ही महिला की तबीयत गंभीर होने के बाद संचालक ने वहां से इलाज के लिए दूसरे अस्पताल भेज दिया, जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना जारी

## दोषी पुलिस कर्मियों को बचाने में लगा हुआ है पूरा सिस्टम : राजकुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले विभिन्न विभिन्न मांगों को लेकर बीते 10 अप्रैल से समाहरणालय के समक्ष आयोजित अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को माले नेता और राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव धरना स्थल पर पहुंचे और अपना समर्थन देते हुए कहा कि मृतक अर्जुन साव के परिजन पिछले एक वर्ष से इंसाफ मांगने के लिए दर दर भटक रहे है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नही हो



रहा है, पूरा सिस्टम अर्जुन साव के मौत मामले के आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। उन्होंने स्थानीय विधायक और सांसद के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मृतक अर्जुन साव के परिजन न्याय पाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ पिछले चार दिनों से धरना पर बैठे हुए है, मगर अभी तक न तो जिला और पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि यहां पहुंचे और न ही स्थानीय विधायक और सांसद ने ईनकी सुध ली, मगर हमारी पार्टी इनके साथ खड़ी है, इंसाफ के लिए हमारी पार्टी इनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरुवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण कर जायजा लिया। जहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, डीसीएससी, एसएनसीयू, ब्लड बैंक, पैथोलजी, अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, फिजियोथैरेपी व अन्य वार्डों का निरीक्षण कर सिविल सर्जन व मौजूद चिकित्सकों को कई दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की कमी को लेकर अभी हम लोगों ने 173 चिकित्सकों व 257 सीएचओ को नियुक्ति पत्र दिया है। मेडिकल कलेज में सीनियर चिकित्सकों के बहाली, चिकित्सकों की वेतन बढ़ोतरी व उनके उम्र सीमा में भी बढ़ोतरी किया है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में गुरुवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। हमें अपने जीवन को संविधान की मर्यादा के अनुरूप जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात कर उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है।

## बच्चों ने बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

गुमो बचपन प्ले स्कूल झुमरीतिलैया में अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बाबा साहब डां भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्र्यापण कर पुष्प अर्पित किया। इसके साथ ही संयोजक, संयोजिकाओं सहित समस्त षिक्षक षिक्षिकाओं तथा बच्चों ने भी बाबा साहब डां भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

## झुमरीतिलैया में हुई जय भारत सत्याग्रह जनसभा

# भाजपा के लोग संविधान की हत्या करना चाहते हैं : बन्ना गुप्ता

### देश संकट के दौर से गुजर रहा : अविनाश

### आपको कमर कसना होगा, उनकी खामियों को उजागर करना होगा : प्रदीप

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** हमारा देश संकट के दौर से गुजर रहा है और जब कोई भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और नफरत को लेकर सवाल खड़े करता है तो उसे प्रताड़ित किया जाता है। गुरुवार को झुमरीतिलैया में जय भारत सत्याग्रह जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि गोडसे की विचारधारा के लोगों ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कराई पर आने वाला दिन कांग्रेस का होगा और 2024 में भाजपा को सत्ता छोड़ना होगा। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी जी ने 4 हजार किलोमीटर पदयात्रा के जरिए आम लोगों के मुद्दों की लड़ाई शुरू की तो उन्हें प्रताड़ित किया गया। उनके मकान को खाली करने को कहा गया, हम लोगों ने हर जिले शहर में जाकर गांव के अंतिम व्यक्ति को बताने का प्रयास किया कि आर्थिक असमानता कैसे बढ़ रही है, हर जगह लोगों ने स्वागत किया और



आने वाला दिन कांग्रेस का होगा। वहीं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान की हत्या करना चाहते हैं। आपकी गाढ़ी कमाई का पैसा अडानी के पकेट में चला गया और जब जब इन बातों पर सवाल उठाए गए तो हमारे पार्टी के नेताओं को प्रताड़ित किए जाने का काम शुरू किया गया। वहीं विधायक प्रदीप यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपको कमर कसना होगा, उनकी खामियों को उजागर करना होगा, आज देश की अखंडता, एकता को कमजोर करने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है और निश्चित तौर पर कार्यकर्ताओं को आगे आकर जनता के हित की लड़ाई लड़नी होगी। मौके पर कांग्रेस नेता शहजादा अनवर, ईश्वर आनंद, भागीरथ पासवान, मंजू कुमारी, अभिजीत राज, मनोज सहाय, नारायण वर्णवाल, रविशंकर, उपेंद्र सिंह, निर्मल कुमार ओझा, अर्चना सिंह, उमेश साव, उपेंद्र सिंह एवं अन्य कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पहले कांग्रेस नेताओं के कोडरमा पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए।

# स्पीड न्यूज

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के जुंगूर पंचायत अंतर्गत स्थित लाली गांव के मोड़ के समीप दिन गुरुवार को 22 वर्षीय युवक विमलेश उरांव ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना के बाद परिजनों ने मामले की जानकारी मनिका थाना को दिया जिसके बाद मनिका थाना से पुलिस प्रशासन की टीम उक्त स्थान पर पहुंचे और मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मामले की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि युवक विमलेश उरांव की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी युवक ने फांसी किस कारण से लगाया इसका पता नहीं है। मौके पर मनिका पुलिस प्रशासन के द्वारा मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांच पड़ताल की जा रही थी।

## हाइड्रा के चपेट में आने से घायल रौशन के मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के चकला स्थित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट गेट के सामने 27 मार्च को हाइड्रा के चपेट में गंभीर रूप से घायल रोशन कुमार (12) के इलाज के दौरान रांची में हो गई। मृत बालक की दादी ने पुलिस के समक्ष आवेदन दिया था और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। प्राप्त आवेदन के आलोक में चंदवा थाना कांड संख्या 88/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला कंपनी में कार्य कर रहे प्रतिनिधियों और अज्ञात हाइड्रा चालक पर किये जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस मामले की जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में दो घायलों को रांची ले जाने के क्रम हुई मौत मृतकों की संख्या हुई तीन

**बालूमाथ।** बालूमाथ लातेहार मार्ग पर दिरीदाग ग्राम के समीप बुधवार की रात सड़क हादसे में घायल 4 लोगों में से दो की मौत रावी रिम्स ले जाने के क्रम में हो गई। इस प्रकार मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। ज्ञात हो कि इस सड़क हादसे में बालू ग्राम अंतर्गत बर टोला निवासी बलदेव उरांव का पुत्र हीरालाल ऊरांव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी जबकि दुसरा पुत्र भुनेश्वर उराव एवं उसके दो बहु मालती व मालती देवी तथा बालूमाथ थाना क्षेत्र के मारंग लोइया पंचायत अंतर्गत बारा ग्राम निवासी हदीस अंसारी का पुत्र मोबिन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया था। जिसमें भुनेश्वर उरांव एवं मोबीन अंसारी की देर रात रांची रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई। इस सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक का लहर है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं बालूमाथ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत परीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। इस तरह भुवनेश्वर उरांव के दोनों पुत्र की मौत इस हादसे में हो गई। वहीं दोनों बहुवे गंभीर रूप से घायल है। जिसका ईलाज रांची रिम्स में किया जा रहा है।

## चंदवा में एनआईए की टीम ने चार घंटे तक की छापेमारी

- रांची जिला के एक थाना में दर्ज मामले के अनुसंधान करने चंदवा पहुंची थी टीम

**चंदवा।** टेरर फंडिंग और उग्रवादी संगठन के विरुद्ध लातेहार जिले में एनआईए की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार की सुबह एनआईए की एक टीम चंदवा के डैमटोली स्थित उदय कुमार के घर में दबिश देते हुए करीब चार घंटे तक छापेमारी की। इस दौरान उदय कुमार से पूछताछ होती रही। सूत्रों ने बताया कि उक्त पूछताछ रांची जिला के किसी थाने में दर्ज मामला से संबंधित है। एक बड़े उग्रवादी नेटवर्क के तलाश में जुटी एनआईए की टीम गुरुवार की अहले सुबह डैमटोली पहुँची और उदय कुमार के घर को चारों तरफ से घेर लिया। अंदर उदय कुमार से पूछताछ जारी थी इस दौरान घर के अंदर जाने और बाहर निकलने पर रोक थी। करीब चार घंटे की पूछताछ के बाद एनआईए की टीम वापस लौट आयी। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के बाद एनआईए की टीम एक मोबाइल को अपने साथ ले गई है। डैमटोली में छापेमारी के बाद से चर्चाओं का माहौल गर्म है।

## बाजार भूमि में बनाए जा रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के दर्जनों ग्रामीणों ने बालूमाथ अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर बाजार व केसरे ए हिंद की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि बालूमाथ मुख्यालय के सरकारी भूमि केसरे हिन्द, सर्व साधारण मंगल साप्ताहिक बाजार भूमि, धार्मिक स्थल की भूमि में अतिक्रमण कर बड़े-बड़े मकान बनाए गए हैं। तथा अभी भी बनाए जा रहे हैं। इस कार्य को रुकवाने एवं अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया है। आवेदन में कहा गया है कि बालूमाथ खाता संख्या 563 प्लॉट नंबर 1270 रकवा 10 डिसमिल, एवं खाता नंबर 338 प्लाट 950 मंगल साप्ताहिक बाजार की भूमि है। आदिकाल से यह भूमि बाजार ताड के नाम पर प्रसिद्ध है। इसी भूमि में मोहम्मद मोइन पिता नान्हू मियां एवं उसका दामाद मोहम्मद अताउल्लाह द्वारा मकान बना रहा है। ग्रामीणों द्वारा रोकने को कहा गया पर काम बंद नहीं किया। और जबरन मकान बनाने का कार्य चालू रखे हुए हैं। ग्रामीणों ने अतिक्रमण को तत्काल रोकते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने भी अंचलाधिकारी से उपरोक्त जमीन पर जांच कर अविलंब अतिक्रमण रोकने को कहा है। आवेदन में मोहम्मद अशफाक अंसारी, चंदन कुमार, दिनेश साव, संतोष कुमार, विकी कुमार रितेश कुमार ममता देवी, योगेंद्र कुमार समेत कई लोग का हस्ताक्षर मौजूद है। इधर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने हल्का कर्मचारी को जांच प्रतिवेदन समर्पित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# कुरा के प्रधानाचार्य पर गबन का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के ईचाक पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय कुरा (उत्तर) के प्रधानाचार्य रीता कुमारी पर विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावकों ने लाईब्रेरी में रखे किताब व कुर्सी बेचने व पढ़ाई ढंग से नहीं कराने का आरोप लगाया है। वहीं अभिभावक पंचम प्रजापति ने बताया कि स्कूल में मेरे दो बच्चे पढ़ते हैं। जिनका नाम सिमरन कुमारी और रंजीत प्रजापति है जो कक्षा सात में पढ़ता है। लेकिन बच्चों को 1 से 20 तक का पहाड़ा भी मालूम नहीं है यहां तक कि बच्चों से मुख्यमंत्री का नाम पुछे जाने पर भी नहीं बता पाते है। उन्होंने आगे बताया कि स्कूल में पढ़ाई नहीं होती है यहां स्कूल के शिक्षक आते हैं और आराम से कुर्सी में बैठकर नींद का लुफ्त उठाते हैं और विद्यालय से लगभग समय छुट्टी पर रहते है। आगे उन्होंने बताया कि स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा किताब कॉपी के साथ साथ कुर्सी टेबल को भी कबाड़ी वाले को बुला कर बेच दिया गया है। साथ ही साथ मध्यान भोजन में भी भारी अनियमितता बरती गई है और करोना काल में जो बच्चों को पैसा मिलना था वह भी पैसा स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा बंदरबांट कर दिया गया है जब हम लोग इस विषय में पूछने जाते हैं तो उनके द्वारा हम लोगों के ऊपर भड़क जाती है। केस में फंसा देने का नाम लेती है और कहती है कि आप लोगों को जहां जाना है जाइए मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा। वहीं छात्र पूजा कुमारी व आदर्श गुप्ता समेत अन्य छात्रों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा कबाड़ी वाले को बुलाकर टेबल कुर्सी और किताब कॉपी को बेच दिया गया है। यहां तक की हम लोगों को सही ढंग से पढ़ाया भी नहीं जाता है। मध्यान भोजन भी नियमित रूप से नहीं मिलता है साथ ही साथ करोना काल का पैसा भी हम लोगों को नहीं मिला है।


जानकारी देते छात्र व अभिभावक।

### प्रधानाचार्य सभी आरोप बेबुनियाद बताया

प्रधानाचार्य रीता कुमारी ने बताया कि यह बात सही है कि हमने स्कूल का टुटा हुआ टेबल कुर्सी बेचा है। लेकिन जो अन्य आरोप मेरे ऊपर लगाए गए हैं वो सभी आरोप बेबुनियाद हैं। वहीं इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार प्रिंस कुमार से पुछे पर कहा कि मामला हमारे संज्ञान में आ चुका है। मामले पर त्वरित जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## सिकेश सिंह का हुआ अंतिम संस्कार


सिकेश के पिता पप्पू सिंह।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला नाका के समीप मंगलवार की देर शाम छिपादोहर संत मरियम स्कूल से नौवीं क्लास के परीक्षा देकर लौट रहे छात्र-छात्राएं से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें आधे दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही कुटमु के तड़ियाही टोला निवासी पप्पू सिंह के इकलौते पुत्र सीकेश सिंह की मौत बरवाडीह अस्पताल ले जाने के दौरान हो गई थी, बताते चलें सिकेश सिंह के पिता पप्पू सिंह हैदराबाद काम करने गए थे, बृहस्पतिवार को घर पहुंचने के बाद अपने बेटे का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान परिजन एवं दर्जनों छात्र-छात्राएं जो साथ में पढ़ाई करते थे सभी का रो रो कर बुरा हाल है। बताते चलें पिता पप्पू सिंह माता राधा देवी, एवं 7 वर्षीय बहन रेशमी कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। रोते बिलखते मां राधा देवी ने कहा कि पुलिस प्रशासन तेज गति से वाहन चलाने वाले पर सख्ती से कार्रवाई करें नहीं तो आज सड़क दुर्घटना में मेरे लड़के की मौत हुई है, ना जाने ऐसी तेज गति से वाहन चलाने एवं शराब के नशे में वाहन चलाने से ऐसे कई लड़कों का असमय सड़क दुर्घटना में मौत हो जाती है। इसके लिए पुलिस प्रशासन समय समय पर शक्ति के साथ सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से कार्य करें तो शायद कई लोगों का असमय मौत होने से बचाया जा सकता है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, विससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह समेत कई ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि ने मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना किए।

# खड़ी ट्रक में मारी टक्कर, दो की मौत


मृत युवक।

### बाइक सवारों ने नहीं पहना था हेलमेट

बताया जाता है कि बाइक पर सवार दोनों लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर के बाद दोनों के सिर में ही ज्यादा चोट लगी। जिसके कारण दोनों की मौत हो गई है। लातेहार पुलिस विभाग और परिवहन विभाग के द्वारा लगातार अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बाइक सवार को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की चेतावनी भी दी जा रही है। कई बार तो परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वाले लोगों के खिलाफ जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डालकर बिना हेलमेट पहने ही बाइक चलाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** जिले के महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय में तेज रफ्तार बाइक चालक असंतुलित होकर सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराया। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। मृतकों में अमरदीप टोप्पो और अतुल खलखो शामिल है। दोनों आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। अमरदीप टोप्पो और अतुल खलखो महुआडांड़ से बाइक पर सवार होकर बहेराटोली जा रहे थे। इस दौरान रफ्तार तेज रहने के कारण असंतुलित होकर बाइक सड़क के किनारे एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाईक पर सवार अतुल खलखो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं घटना के बाद तत्परता दिखाते हुए आसपास के लोगों ने घायल अमरदीप को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर दोनों के शवों को कब्जे में ले लिया। गुरुवार की सुबह शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया है। ससुराल आया था अमरदीप बताया जाता है कि अमरदीप टोप्पो बोकारो जिले के गोमिया का रहने वाला था। वह दो दिन पहले ही अपने ससुराल बहेराटोली आया था। बुधवार को किसी काम से वह अतुल खलखो के साथ महुआडांड़ आया था। काम खत्म करने के बाद दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई। मृतक अतुल खलखो दसवीं का छात्र था। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

एक नजर में

## तत्कालीन सीओ दीपाली भगत ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी को अंचल प्रभार सौंपा


पदभार लेती बीडीओ प्रतिमा कुमारी।

**बारियातू।** तत्कालीन सीओ दीपाली भगत ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी को अंचल प्रभार सौंपा। तत्कालीन सीओ दीपाली भगत ने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार अंचलाधिकारी का प्रभार प्रतिमा कुमारी को सौंपा। योगदान के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने पत्रकारों को बताया कि आज उपायुक्त के निर्देश पर सीओ का प्रभार ली हूं। अब मेरे उपर दोहरा प्रभार है मेरा लक्ष्य प्रखंड का चहुमुखि विकास के साथ-साथ अंचल संबंधित जो भी समस्या हो उसे आपसी समन्वय स्थापित कर विकास का एक लंबा लकीर खिंचुगी। मौके पर, सीआई सुरेश राम, अजय मुंडा, हल्का कर्मचारी शोएब अखतर, अमित कुमार, रामबिहारी उरांव अंचल अमीन संजय यादव, मनरेगा बीपीओ रवी कुमार यादव, अनुसेवक अबदुल बाकी, बिंदेश्वर राम सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहे।

## चंदवा सीएचसी में मनाया गया स्वास्थ्य पखवाड़ा दिवस, दिलाई गई स्वच्छता की शपथ




**चंदवा।** चंदवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को स्वास्थ्य पखवाड़ा दिवस मनाया गया। इस मौके पर वृक्षारोपण एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चियों बीच पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु कुमारी व पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धनवंती कुमारी के प्राप्त किया। दोनों को पुरस्कृत सीएचसी प्रभारी नंद कुमार पांडेय ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सीएससी प्रभारी नंद कुमार पांडे ने कहा कि प्रत्येक मानव के जीवन में स्वच्छता का पहला स्थान होना चाहिए। जब हम सभी स्वस्थ होंगे और आसपास का वातावरण स्वच्छ रहेगा तभी अच्छे समाज का निर्माण होगा। श्री पाण्डेय के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया और ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने की बात कही साथ ही स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। मौके पर डॉ. प्रकाश बड़ाईक, मीरा केसरी, विनीता देवी, प्रवीण कुमार उर्फ भोला, कृष्णकांत कुमार, नेहा सरमीन, सुमित कुमार, रोशन कुमार, त्रिलोकी सिंह, सुमेन कुमार, जोशीला लाकड़ा, सुषमा कुमारी, उर्मिला कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## प्रांतीय यादव महासभा द्वारा जिला स्तरीय शताब्दी समारोह मनाने की तैयारी को लेकर प्रचार-प्रसार जोरों पर


प्रचार प्रसार करते यादव समाज के लोग।

**बारियातू।** प्रांतीय यादव महासभा द्वारा जिला स्तरीय अयोजित 30 अप्रैल को शताब्दी समारोह मनाने की तैयारी को लेकर प्रचार-प्रसार जोरों पर भव्य तरीके से शताब्दी समारोह मनाने के लिए यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गाँव मे समाज से जन संपर्क अभियान चलाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल यादव ने बताया की यादव महासभा के सौ वर्ष पूर्ण हो जाने के अवसर पर जिला स्तरीय शताब्दी समारोह कार्यक्रम अयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार बारियातू पंचायत से प्रारंभ किया गया है। अपने समाज के जन-जन तक जाकर यदुवंशी भाइयों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने की अपील किया जा रहा है साथ ही बताया की इसे गंभीरता से लेने की अवश्यकता हैं। यह समारोह अपनी सामाजिक और संगठनिक एकता को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता हैं। वहीं रेजांगला वीर शहीद सपूतों के नाम पर साथ में कलश भी अपने साथ लेकर चल रहे थे. प्रचार टीम में मुख्य रूप से महेंद्र यादव, संजय यादव, राजन यादव, गंगा यादव, भुनेश्वर यादव, तुलेश्वर यादव, प्रवेश यादव, लवकुश यादव, सहित कई समाज के लोग शामिल थे।

## सरना स्थल की घेराबंदी के कार्य को रद्द करवाने की मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा आवेदन


मांग करते ग्रामीण।

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत के सेरेगड़ा गांव के ग्रामीण व बुकरू गांव के ग्रामीणों ने फर्जी ग्राम सभा करके स्वीकृति दिए गए सरना स्थल की घेराबंदी के कार्य को रद्द करवाने की मांग को लेकर उपायुक्त के नाम आवेदन सौंपा है। सेरेगड़ा के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि तीन अप्रैल को ग्राम प्रधान महेश राणा के अध्यक्षता एवं मुखिया निलिमा तिर्की के सानिध्य में आमसभा का बैठक किया गया था जिसमें सेरेगड़ा टोला मननडीह एवं टोला जतराटांड़ में सरना स्थल का घराबंदी का कार्य स्वीकृत हुआ है जिसके लाभूक समिति का गठन होना है। इस बावत ग्राम सभा की कार्यवाही पंजी जब पंचायत सेवक अरविंद प्रसाद के पास जमा करने के लिए जाया गया तब पंचायत सेवक के द्वारा 50,000/- का मांग किया गया। दूसरी ओर पुनः आमसभा की गई है और पूर्व नियोजन कार्यक्रम के तहत पूर्व में किए गए आम सभा को निरस्त करने एवं दुबारा असंवैधानिक तौर पर किए गये आमसभा को मान्यता देने का असंवैधानिक प्रकरण चल रहा है, जो अति संवेदनशील व असंवैधानिक प्रकरण है। आमसभा को निरस्त करते हुए पुर्व में ही संवैधानिक तरीके से किए गये आमसभा को मान्यता देने की बात कही। मौके पर लालदेव गंझू, हुलास गंझू, कार्तिक गंझू, अमनदीप गंझू, कोमल गंझू समेत कई लोग उपस्थित थे।

# प्रेम प्रसंग मामले में लालू भुइयां की हुई थी हत्या पुलिस ने महज 72 घंटे में किया खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते पुलिस प्रशासन।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के भाटचतरा चैनपुर जंगल से बारियातू निवासी लल्लू भुइयां की शव बरामद नौ अप्रैल को बरामद की गई थी। मामला को पुलिस ने महज 72 घंटे के अंदर उदभेदन मृतक के पत्नी रितवा देवी व प्रेमी पपु कुमार यादव बेसरा ग्राम निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया की सुबह 9 अप्रैल करीब सात बजे बारियातू थाना को सूचना मिली की ग्राम भाटचतरा स्थित चैनपुर जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर बारियातू थाना प्रभारी शस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो जंगल में शव पड़ा हुआ था। बरामद शव बारियातू बस्ती लल्लू भुइयां का है। मृतक के पत्नी के फर्द बयान के आधार पर बारियातू थाना कांड संख्या29/23 धारा 302 /201 /102 बी भादवि दर्ज किया गया। कांड के संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लातेहार के निदेर्शानुसार कांड का उद्भेदन हेतु बारियातू थाना के टीम का गठन किया गया। कांड अनुसंसाधन के क्रम में तकनीकी शिक्षा एवं सूचना के आधार पर मृतक की पत्नी रितवा देवी से कड़ाई से पूछताछ किया गया तो वह अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसके द्वारा ही अपने पति लल्लू भुइयां की हत्या करवाया गया है। मृतक की पत्नी द्वारा बताई गई उसका पति लल्लू भुइयां काफी शराब पीता था तथा शराब के नशे में आकर हमेशा घर में लड़ाई झगड़ा करते रहता था रितवा देवी को देवी पति लल्लू भुइयां का संपर्क करीब 1 वर्ष पूर्व पप्पू कुमार यादव ग्राम बेसरा से मजदूर बाहर भेजने को लेकर हुई थी। इसी बीच लल्लू भुइयां एवं रितवा देवी के बीच प्रेम प्रसंग था। इस बीच मजदूर भेजने को लेकर पैसा लेन देन को लेकर पप्पू कुमार एवं मृतक के बीच आपस में विवाद चल रहा था। मृतक बराबर अभी पप्पू कुमार यादव से बकाया राशि 12000 की मांग करते रहता था। परंतु पप्पू कुमार पैसा नहीं देना चाहता था। इसी बीच रितवा देवी एवं पप्पू कुमार यादव की प्रेम प्रसंग की जानकारी मृतक को मिला तो वह रितवा देवी के साथ मारपीट करते रहता था। अपने पति के मारपीट से तंग आकर रितवा देवी अपने पति की हत्या करने की योजना पप्पू कुमार यादव को बताई. जिसके बाद प्रेमी पपु कुमार हत्या करने के लिए तैयार हो गया। योजना के तहत मृतक 8 अप्रैल को अपने बहन की घर शादी मे कुशमाहा गया था। वहां जाने की जानकारी पपु को फोन से दिया गया, उसके पश्चात अभियुक्त पपु ने भाटचतरा बाजारटांड पहुंचा। लालु का पीछा करते हुए भाटचतरा जंगल चैनपुर मे डंडे से मारकर हत्या कर दी। छापामारी दल मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक बालूमाथ अंचल शशि रंजन, पुअनि थाना प्रभारी मुकेश चौधरी पुअनि बिनेश्वर महतो, पुअनि दीपक नारायण सिंह, पुअनि रवि कुमार, सअनि बालेश्वर गंझू एवं शस्त्र बल मौजूद थे।

# ऑडिट के नाम पर हो रही है सिर्फ खानापूर्ति

- नाम नहीं छापने की शर्त पर कई शिक्षकों ने खबर मन्त्र को दी जानकारी
- बरवाडीह बीआरसी में वर्षो से जमें हुए कर्मियों की कार्यप्रणाली भी जांच के दायरे में

## एमडीएम ऑडिट के नाम पर शिक्षकों से वसूली का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में हो रहे मध्यान भोजन के सोशल ऑडिट में राजधानी रांची से आई हुई ऑडिट टीम के द्वारा शिक्षकों से वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया मिली जानकारी के अनुसार रांची से आई हुई सोशल ऑडिट की टीम को किस विद्यालय से कितना पैसा लेना है, इसकी जानकारी बीआरसी के कर्मी के द्वारा दी जाती हैं। टीम मेंबर को बता दिया जाता है कि कौन से विद्यालय के शिक्षक बिना किसी शिकवा-शिकायत के पैसे दे सकता है। इसका मुख्य कारण है कि बरवाडीह बीआरसी में वर्षो से जमें हुए कुछ कर्मी हर लेन देन में घुसे हुए होते है। इसकी शिकायत पिछले कई वर्षो से होती आ रही है, पर ऊंची पैरवी के कारण इन्हें किसी प्रकार की कारवाई का भय नहीं होता है, तभी तो ऑडिट टीम के द्वारा अब तक किए गए विद्यालयों की ऑडिट में किसी प्रकार की त्रुटि या कमियां उजागर नहीं हो पाई हैं। जबकि यह ऑडिट सत्र 2018/19 से 2020/21 तक की हो रही हैं। जिसमें एमडीएम रिपोर्ट के साथ दैनिक व्यय पंजी, केशबूक व पासबुक इत्यादि की जांच की जाती है। जहां कई शिक्षकों ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर खबर मंत्र को बताया कि जरूरी कागजातों की कमी का डर दिखाकर प्राथमिक विद्यालयों से पंद्रह सौ से दो हजार रुपए और मध्य विद्यालयों से तीन-तीन हजार रुपए तक की वसूली की गई हैं। जबकि यह ऑडिट प्रखंड संसाधन केंद्र यानी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय के समीप ही की जा रही थी। कई शिक्षकों ने यह भी बताया कि सारे कागजी रिपोर्ट सही होने के बावजूद भी खर्चा पानी के नाम पर उगाही की गई है।

### विद्यालयों में एमडीएम गड़बड़ी की शिकायतें हो गई आम

जबकि विद्यालयों में अक्सर निर्धारित मेन्यू का उलंघन करने की शिकायत आम हो गई है। कई विद्यालयों में घटिया खाना परोसा जाता है। कही अंडा और फल गायब रहते हैं। ऐसी रिपोर्ट अक्सर समाचार पत्रों में देखने और सुनने को मिल जाते है। खबर मंत्र ने भी बीते दो माह पूर्व एमडीएम में अंडा गायब रहने की ग्राउंड रिपोर्ट प्रकाशित की थी पर मामले को लीपापोती की गई।

### मेरी अनुपस्थिति में हुई ऑडिटः बीइइओ

पूरे मामले के संबध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद ने कहा कि सोशल ऑडिट के पहले दिन टीम ने हमसे मुलाकात नहीं की। दूसरी बार मैं आकस्मिक अवकाश में था तब मेरी अनुपस्थिति में ऑडिट की गई। तीसरी बार ऑडिट कराने के लिए शिक्षक काफी कम संख्या में पहुंचे थे। जब मैं कार्यालय पहुंचा तो एमडीएम ऑपरेटर के द्वारा जानकारी मिली की शिक्षको को जिला में बुलाकर ऑडिट की जा रही है। बाकी लेन देन की शिकायत की जानकारी अभी तक हमें नहीं मिली है।

# आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में सुधार को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान ने किया धरना-प्रदर्शन

## कार्यकर्ता को झूठे केस में फंसाने का आरोप लगा सेंगेल अभियान ने किया थाने का घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में सुधार को लेकर गुरुवार को आदिवासी सेंगेल अभियान ने पुराना समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित हुई। धरना प्रदर्शन कर प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। धरना कार्यक्रम को संबोधित सेंगेल नेताओं ने कहा कि आदिवासी स्वशासन व्यवस्था आदिवासी गांव समाज को बबार्दी और गुलामी की जंजीरों में जकड़ने के लिए सर्वाधिक दोषी हैं। आदिवासी स्वशासन व्यवस्था या ट्राइबल सेल्फ रुल सिस्टम के नाम पर वंशानुगत मांझी-परगना की नियुक्त



धरना-प्रदर्शन करते व नगर थाने का घेराव करते आदिवासी सेंगेल अभियान के सदस्य।

व्यवस्था जनतंत्र, संविधान, कानून और मानव अधिकारों को नहीं मानने वाला बताया है। अंततः लगभग सभी आदिवासी गांव समाज में नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, आदिवासी महिला बिरोधी मानसिकता,राजनीतिक कुपोषण आदि जारी है। विभिन्न सामाजिक कुरितियां पर रोक लगाने एवं सीएनटी एसपीटी कानून लागू करने का मांग किया। इस अवसर पर राज्य में कुरमी-महतो जाति को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने का भी विरोध किया। इसके बाद सेंगेल कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद चौक जाकर भीम प्रसाद मंडल और वंशागुनत माझी परगना का पुतला दहन किया। अंत में नगर थाना पहुंचे जहां सेंगेल कार्यकर्ताओं ने थाना का घेराव किया। थाना प्रभारी से कार्यकर्ता बरियड़ हेंब्रम पर दर्ज झूठे मामले की शिकायत पर निर्दोष बताते हुए लिखित आवेदन दिया। जिसके बाद थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने उचित कारवाई का आश्वासन दिया। गौरतलब हो कि सामाजिक कार्यकर्त्ता अपने आप को कहने वाली निर्मला मुर्मू ने सेंगेल कार्यकर्त्ता बरियार हेम्ब्रम के खिलाफ नगर थाना में यू-ट्यूब पर इसाई समुदाय के लोगों को आतंकित करने के लिए वीडीओ अपलोड़ करने को लेकर नगर थाना में आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। जिसको लेकर सेंगेल सदस्यों ने ईसाई समुदाय के द्वारा प्रलोभन देकर भोले-भाले आदिवासी समुदाय को धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए बदले की भावना से साजिशन झूठे केस में फंसाने का आरोप अभियान के युवा मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष तिलका मुर्मू ने लगाया। प्रदर्शन में सेंगेल अभियान के संताल परगना के सभी 6 जिलों के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सेंगेल की तरफ से संताल परगना जोनल हेड अमर मरांडी, जोनल संयोजक बर्नाड हांसदा, सेंगेल युवा-छात्र मोर्चा के केंद्रीय संयोजक तिलका मुर्मू, सेंगेल प्रमंडल अध्यक्ष कमिश्नर मुर्मू, सेंगेल जोनल परगाना बरियड़ हेम्ब्रम मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### अंबेडकर जयंती पर एसपी कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन

**दुमका।** एसपी कॉलेज के हिंदी विभाग में अंबेडकर जयंती के पूर्व गुरूवार को विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। विचार गोष्ठी का विषय वस्तू साहित्य पर अंबेडकर के विचार का प्रभाव रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने की। दो सत्रों में विभाजित इस कार्यक्रम के एक भाग में कॉलेज छात्रों ने डॉ अंबेडकर के जीवन और विचार संबंधी सांस्कृतिक एवं वैचारिक प्रस्तुति की गई। इन प्रस्तुतियों में सपना कुमारी ने नृत्य, अर्जुन कुमार दास ने कविता, तबस्सुम परवीन, नूरी खातून, कोमल कुमारी, दिव्य ज्योति कुमारी ने समूह गायन एवं प्रियंका तुरी, जहीर अंसारी और रितिक कुमार ने भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में कॉलेज के विभिन्न विभागों के शिक्षकों के वैचारिक उद्बोधन का आयोजन हुआ। इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे

### एसकेएमयू के बी फार्मा समेत विभिन्न विषयों का परीक्षाफल हुआ जारी

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विभिन्न परीक्षाओं का परीक्षाफल गुरूवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बीएससी एमएलटी द्वितीय वर्ष परीक्षा 2022, बीएससी ऑफ्थेल्मिक द्वितीय वर्ष परीक्षा 2022, बीएससी ऑफ्थेल्मिक द्वितीय वर्ष परीक्षा 2021, बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष परीक्षा 2022, बीपीटी सेमेस्टर 5 परीक्षा 2020, बी फार्मा सेमेस्टर 3 एवं सेमेस्टर 5 के परीक्षा 2020 एवं बी फार्मा सेमेस्टर 2 के परीक्षा 2021 का परीक्षाफल घोषित हुआ।

### भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत सेवा शुरु

**दुमका।** भीषण गर्मी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने राहगीरों के बीच शरबत, चना, गुड एवं फल सेवा की शुरूआत की। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। करीब 7 हजार से ज्यादा लोगो ने सेवा का लाभ उठाया। प्रेरणा शाखा यह सेवा 15 वर्षों से लगातार करती आ रही है। गर्मी में लगातार दो महीनों तक सेवा की जाएगी। गुरूवार को साईं मंदिर के बाहर और शनिवार को फूलों झानो अस्पताल के सामने शरबत एवं फल वितरण होगा।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संघ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बिजली विभाग के राज्य स्तरीय संघ की बैठक गुरुवार को जनपुस्तकालय भवन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड विद्युत विभाग में आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले कर्मचारी लगातार वेतन एवं अन्य सुविधाओं के लिये आंदोलन कर रहे है। इन कर्मचारियों ने पिछले दिनों लेबर कोर्ट में केस भी किया था लेकिन अब तक कर्मचारियों को वेतन और सुविधाएं नहीं मिली। अब इस मामले में राज्य स्तरीय संघ ने आंदोलन का जिम्मा ले लिया हैं इस आंदोलन की शुरूआत राज्य स्तरीय संघ ने किया है। झारखंड विद्युत दिवस कर्मी संघ के प्रदेश सचिव सुधाशुं पांडे और महामंत्री दिनेश सिंह ने विद्युत विभाग के आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारियों के साथ बैठक किया और राज्य स्तर पर इस मुद्दे को उठाने का एलान कर दिया। महामंत्री दिनेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के क्षेत्र में इतना शोषण कर्मचारियों के साथ हो रहा है जिसे रोकने के लिये संघ काम करेगा। वहीं प्रदेश सचिव सुधाशु पांडे ने कहा कि मजदूरों की समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा क्योंकि पंजीकृत संघ की आवश्यकता है।

## पांच-पांच किलो के दो आइइडी बरामद, विस्फोट में पशु की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसकी सूचना मिलने के बाद से 11 जनवरी 2023 से चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित



किया जा रहा है। इसी क्रम में 13 अप्रैल को संचालित अभियान के दौरान सुबह लगभग 08.00 बजे गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम हाथीबुरू जंगल के आसपास में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से आइइडी विस्फोटक लगाया गया, जिसकी चपेट में आने से एक पशु की मृत्यु हो गई। सुरक्षाबलों द्वारा सर्च अभियान में ग्राम हाथीबुरू जंगल के आसपास के क्षेत्रों से पांच-पांच किलो आइइडी विस्फोटक बरामद किया गया। जिसे सुरक्षा बलों एवं बम निरोधक दस्ता के सहायता से सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर विनिष्ट कर दिया गया।नक्सलियों के विरूद्ध संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

## आजसू ने निकाला न्याय मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** आजसू पार्टी जिला कमेटी ने गुरुवार राज्यव्यापी न्याय मार्च रैली अंबेडकर चौक से निकाल समाहरणालय तक पहुंची। रैली का नेतृत्व को जिला अध्यक्ष सुजीत मुर्मू ने किया। न्याय मार्च निकाल आजसू ने उपायुक्त को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांगों में खतियान आधारित स्थनीयता एवं नियोजन नीति लागू करने, जातीय जनगणना एवं पिछडों को आबादी के अनुसार आरक्षण लागू, पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजातियां की सूची में शामिल करने, सरना धर्म कोड लागू करने, बेरोजगार को रोजगार, राज्य की संसाधनों की लूट बंद करने, झारखंड आंदोलकारियों को सम्मान देने का मांग किया। न्याय




न्याय मार्च निकालते आजसू पार्टी के सदस्य।

मार्च रैली में प्रधान सचिव राजू गुप्ता, संगठन सचिव जयदेव मंडल, जिला उपाध्यक्ष लल्लन मिश्रा, जिला व्यावसायिक संघ अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, जिला व्यवसाय संघ सचिव संतोष सिंह, बासुकीनाथ नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश पंडा, जिला कोषाध्यक्ष कुमार राज, जिला मीडिया प्रभारी विश्वजीत आनंद, जिला अध्यक्ष एसटी मोर्चा अनिल टूडू, जिला आजसू छात्र संघ अध्यक्ष गोकुल यादव, जिला महिला अध्यक्ष संगीता मरांडी, जिला महिला सचिव बाहाफुल हेम्ब्रम आदि मौजूद थे।

## संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व निकाली बाइक रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती से पूर्व गुरुवार को एसपी कॉलेज के परिसर से भीम आर्मी सेना ने बाइक रैली निकाली। इस दौरान सीओ यामुन रवि दास एवं प्रभारी डीडब्लूओ संजय कच्छप ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना किया। रैली एसपी कॉलेज से होते हुए सिदो कान्हु चौक, टिन बाजार चौक, वीर कुंवर सिंह चौक, नगर पर्षद चौक, अंबेडकर चौक में माल्यार्पण करते हुए पुनः संत जोसेफ स्कूल, प्लस टू नेशनल स्कूल, टावर चौक होते हुए एसपी कॉलेज में वापस आकर रैली को समापन किया गया। इस अवसर पर सीओ श्री रवि दास ने कहा कि डॉ अम्बेडकर स्वतंत्र भारत के सामाज सुधारक थे, उन्होंने भारत में सामाजिक असमानता, जाति व्यवस्था को पूर्ण रुप से समाप्त करने में योगदान दिया। वह स्वतंत्र भारत संविधान के निमार्ता भी बने। उन्होंने कहा कि उनसे प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए रास्ते में चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने जातिगत व्यवस्था और भेदभाव के खिलाफ एवं निम्न जाति के लोगों को मूल अधिकार दिलाने के लिए संघर्षगाथा को बताया। प्रभारी डीडब्लूओ ने कहा कि भारत में सामाजिक भेदभाव और जातिवाद को जड़ से हटाने के अभियान के लिए जीवन संघर्ष किया।

## अधिवक्ता संघ ने नकल पर्चा निकालने में व्याप्त भ्रष्टाचार से बंदोबस्त पदाधिकारी को कराया अवगत

**दुमका।** बंदोवस्त विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने बंदोवस्त पदाधिकारी सुनील कुमार से गुरूवार को मिले। संघ सचिव राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बंदोवस्त पदाधिकारी से मिल रैयतों को जमीन का नकल पर्चा निकालने में हो रही देरी, कार्यालय कर्मी के मनमाने तरीके से नकल देने के लिए अवैध वसूली और केस फाईल के नकल में विलंब होने से अधिवक्ताओं को हो रही परेशानी से अवगत कराया। संघ सचिव ने बंदोवस्त पदाधिकारी को बताया कि कार्यालय के मुख्य पेशकार द्वारा नकल समेत अन्य कागजात मुहैया कराने में मोटी रकम में वसूली की जाती है। वर्ष 2018 से लेकर 2020, 2022 तक के नकल अब तक अधिवक्ताओं को मुहैया नहीं कराया गया। साथ ही सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी शादा नुसरत के कार्यालय में अनुपस्थिति और मनमाने रवैये से नकल समेत अन्य कागजात मिलने में रैयतों एवं अधिवक्ताओं को हो रही परेशानी से अवगत कराया। सचिव ने बंदोवस्त पदाधिकारी को बताया कि इसका हालिया उदाहरण कार्यालय परिसर में नकल नहीं मिलने से नाराज दिव्यांग रैयत का धरना प्रदर्शन करना है। इसके बाद रैयत को नकल विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया। ऐसे में अधिवक्ताओं ने भी बंदोवस्त कार्यालय के कर्मी से कार्यशैली के खिलाफ धरना करने की बात कही।

## दिव्यांशु को मिली प. सिंहभूम अंडर-16 क्रिकेट टीम की कमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में 16 अप्रैल से कोडरमा में शुरू हो रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिमी सिंहभूम टीम की घोषणा कर दी गई है। दिव्यांशु यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है। लगभग दो सप्ताह तक बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर चले कैंप एवं अभ्यास मैच के बाद सज्जन शर्मा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय जूनियर चयन समिति ने टीम को अंतिम रुप दिया है। घोषित टीम में दिव्यांशु यादव (कप्तान), आमर्त्य चौधरी, अनिश कुमार दास, ह्तिक सेठ, अमित राज सिंहदेव, साकेत कुमार सिंह, आदित्य चौधरी, अर्चित अगस्तिन कुजूर, सत्यम सिंह, शुभम ओझा, पीयूष त्यागी , कार्तिक कृष्णा, ललित सिंह भोज, जैनुल हक, इश्तेखार आलम को शामिल किया गया है। जबकि कोच सह मैनेजर प्रणय कुमार बनाए गए है। अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिमी



सिंहभूम की टीम 15 अप्रैल को अहले सुबह पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से कोडरमा के लिए प्रस्थान करेगी जहां पश्चिमी सिंहभूम का पहला मैच रामगढ़ से 16 अप्रैल को, दूसरा मैच मेजबान कोडरमा से 18 अप्रैल को तथा अंतिम लीग मैच 20 अप्रैल को चतरा से खेला जाना है। ग्रुप लीग मैच की समाप्ति के बाद अगर टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर रहती है तो सुपर डिवीजन के मुकाबले 23 एवं 24 अप्रैल को कोडरमा में ही खेले जाएंगे जबकि फाईनल मैच 27 अप्रैल को हजारीबाग में खेला जाएगा।

# नीतीश की मुहिम पर बोली भाजपा- घर संभल नहीं रहा, देश संभालेंगे

## गिरिराज सिंह ने कहा- 2024 में पीएम पद खाली नहीं, यहां नौकरी मांगने पर लाठी मिलती है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** पटना में गुरुवार को भाजपा नेताओं ने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला है। विपक्ष को एकजुट करने की उनकी मुहिम पर तंज कसा। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि उनसे अपना राज्य तो संभल नहीं रहा है। देश कैसे संभालेंगे। जो भ्रष्टाचार के आरोपी हैं, जिनपर सीबीआई और ईडी की छापेमारी चल रही है, उन्हें एकजुट करने के प्रयास में नीतीश कुमार लगे हुए हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि 2024 के लिए देश में पीएम का पद खाली नहीं है। नीतीश कुमार के राज में अभ्यर्थियों को नौकरी मांगने पर लाठी खानी पड़ रही है। जबकि आज लगभग 71 हजार सरकारी नौकरियों का नियुक्ति पत्र दिया गया है। दोनों ही नेता आज पटना में पीएम मोदी के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां नीतीश कुमार पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने के लिए कांग्रेस का दरवाजा खटखटा रहे हैं। अब देश ने तय कर लिया है कि 2024 में प्रधानमंत्री का पद खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम में विश्वास करते हैं। नौकरी और रोजगार कई गुणा बढ़ गया है। आज लगभग 71 हजार



सरकारी नौकरियों का नियुक्ति पत्र दिया गया है। नीतीश कुमार के राज्य में अभ्यर्थियों को लाठी खानी पड़ रही है। बिहार में शिक्षकों की नौकरी खत्म कर दी गई। अब उन्हें नए सिरे से परीक्षा देनी पड़ेगी। रोम जल रहा है और नीरो बंसी बजा रहे हैं। सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि बिहार में तीन उपचुनाव हुए, सात पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही थी। गोपालगंज में भी उन्हें हराया, कुढ़नी में भी उन्हें हराया और मोकामा की सीट पर बीजेपी 64000 वोट लाई। जो अपने राज्य के अंदर बीजेपी का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, वह देश में क्या कर पाएंगे? जो भ्रष्टाचार के आरोपी हैं, जिनपर सीबीआई और ईडी की छापेमारी चल रही है, उन्हें एकजुट करने के प्रयास में नीतीश कुमार लगे हुए हैं। साथ ही कहा कि भाजपा ने कभी यह नहीं कहा कि दो करोड़ सरकारी नौकरी देंगे। कोई नहीं दे सकता। लेकिन दिसंबर 2023 तक 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। 4 रोजगार मेला हो चुका है, जिसमें 2.5 लाख लोगों को नौकरी मिल चुकी है। आने वाले दिनों में 7-8 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। मोदी ने कहा कि एक ओर नरेंद्र मोदी जैसा ईमानदार व्यक्ति है, दूसरी ओर भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे हुए लोग एक हो रहे हैं। ईमानदार का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। चाहे वह लाख कोशिश कर ले। जो लालू परिवार भ्रष्टाचार में घिरा है, जो सजायाफ्ता हो गए, जिनके घर के चार-चार लोगों को सीबीआई और ईडी पूछताछ के लिए बुला रही है। जो भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं, उन्हें एकजुट होने का काम नीतीश कुमार कर रहे हैं।

## एक नजर में

### भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी ने दो नेपाली तस्करों को किया गिरफ्तार

**किशनगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो नेपाली तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। सीमा चौकी फतेहपुर के गस्ती दल (पेट्रोलिंग) सहायक उप निरीक्षक-रणजीत सिंह के नेतृत्व में सीमा क्षेत्रों पर गस्ती के दौरान अन्तराष्ट्रीय सीमा से लगभग 300 मीटर भारत की तरफ अवैध रूप से तस्करी की जा रही 102 बोतल (हर बोतल में 250-300 एमएल) बीयर और शराब के साथ एक मोटर साइकिल को जब्त किया, एवं तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान लक्ष्मण प्रसाद सिंह, पिता-गंदुल प्रसाद सिंह गनगाई, सा०-मिर्धी डांगी, वार्ड संख्या-05 जिला-मोरांग, किरन कुमार, पिता-झगरू लाल गनगाई, ग्राम-मिर्धी डांगी, मोरांग, नेपाल के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्करों को आवश्यक पूछताछ के बाद फतेहपुर थाना को सौंप दिया गया।

### बेगूसराय में भीषण अगलगी में तीन सौ घर जलकर राख, करोड़ों की क्षति

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में गुरुवार की दोपहर भीषण अगलगी में करीब तीन सौ से अधिक घर जलकर राख हो गए। घटना चकिया सहायक थाना क्षेत्र के मल्हीपुर दक्षिणी पंचायत स्थित सिमरिया घाट बिंद टोली की है। इस घटना में जहां एक बच्चा झुलस कर घायल हो गया, वहीं करोड़ों की संपत्ति जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार की दोपहर जब सभी लोग अपने-अपने काम में लगे हुए थे। इसी दौरान वार्ड संख्या-12 में स्थित ट्रांसफार्मर से निकली बिजली की चिंगारी से शंभू महतो के फूंस की घर में आग लग गई। इसके बाद देखते ही देखते आग पूरब दिशा की ओर बढ़ने लगी। इसके बाद आज तेजी से बढ़ते हुए वार्ड संख्या 12 को जलाकर वार्ड संख्या 13 एवं 14 को भी अपने कब्जे में ले लिया।

### गोलीकांड के नामजद आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कट्टा बरामद

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थाना के थानाध्यक्ष दरबारी चौधरी के नेतृत्व में टीम गठन कर गुप्त सूचना के आधार पर गंगा बीघा गांव में छापेमारी कर गोलीकांड में नामजद प्राथमिकी आरोपित रंजन कुमार उर्फ रंजन यादव को गिरफ्तार किया। रंजन से पूरी घटना के बारे में पुलिस ने कड़ी पूछताछ की।जिसमें रंजन ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया। बताया कि गांव के ही प्रदीप ने इस घटना में गोली चलाई थी और हथियार को अपने घर में कहीं छुपा कर रखा था। पुलिस ने रंजन के बताए हुए जगह के आधार पर गंगाबीघा गांव में प्रदीप कुमार के घर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उसके घर से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घटना के दिन से ही प्रदीप अपने गांव से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पेज 1 का शेष

### रांची के पूर्व डीसी...

**हजारीबाग में भरत प्रसाद के यहां भी छापा :** हजारीबाग बगोदर मार्ग बीएसएफ मेरु चौक में प्रज्ञा केंद्र संचालित करने वाले भरत प्रसाद के आवास और परिसर में संचालित एसबीआई शाखा में भी इडी की छापेमारी हुई। वहीं बिहार के गोपालगंज जिले में भी इडी की टीम गुरुवार को छापेमारी की। गोपालगंज जिले कुचायकोट थाना क्षेत्र के बनतैल गांव में ईडी के अधिकारियों ने परिजनों को अपने कब्जे में लेकर हुई। जिनके यहां छापेमारी हुई वह धनबाद जिले में एसडीपीओ पोस्टेड हैं। **वैभव मणि और घासीराम पिंगुआ से ही हो चुकी है पूछताछ :** इडी ने पहले ही तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी और घासीराम पिंगुआ से पूछताछ कर चुकी है और इसमें आधा दर्जन से ज्यादा अंचलाधिकारी इडी जांच की जद में हैं। यह सभी हेर-फेर आइएएस छवि रंजन के रांची डीसी के कार्यकाल में हुआ है। गौरतलब हो कि इडी रेड में जमीन संबंधी जालसाजी को लेकर कई बड़े खुलासे हुए हैं।

### रांची में मुंडा ने...

मौके पर श्री मुंडा और विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश विकास के रास्ते पर चल रहा है। सबसे अधिक 239 अभ्यर्थियों को रेलवे में नौकरी मिली है। 146 अभ्यर्थियों को रांची रेलवे और 93 अभ्यर्थियों को चक्रधरपुर डिवीजन में नौकरी मिली है। इस दौरान डीआरएम प्रदीप गुप्ता, एडीआरएम, सीपीआरओ निशांत कुमार सहित रेलवे और अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे। **26000 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू :** अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार युवाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा है कि 26000 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है। जल्द ही उन शिक्षकों की भी नियुक्ति होगी। **इन विभागों में भी मिली नौकरी :** रोजगार मेले में रांची और चक्रधरपुर रेलवे डिवीजनों के अलावा पोस्टल डिपार्टमेंट (07), झारखंड रूरल बैंक (6), पीएनबी (5), नाबार्ड और रक्षा मंत्रालय के स्टोर डिपार्टमेंट (4-4), जीएसआई (2), सीआरपीएफ, इएसआईसी, सीएसई, यूबीआई, एनबीएस (1-1) में ज्वाइनिंग लेटर बांटे गये। पीएम के प्रोग्राम से झारखंड की टीम ऑनलाईन जुड़ी हुई थी। पीएम के हाथों शुभारंभ होने के बाद रांची में नियुक्ति पत्र दिये गये।

### तीन जिले...

सीएम ने कहा कि निजी तथा वन क्षेत्र की भूमि पर कौन से वनोपज का कितना वृक्ष है तथा उन वृक्षों के उत्पादों का उपयोग किस समूह द्वारा किया जा रहा है, इसका डेटाबेस तैयार करें। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के 12 जिलों में लाह प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही, राज्य में मेडिसिन प्लांट जैसे चिरईता, जामुन, अश्वगंधा, आंवला इत्यादि को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रथम फेज में रांची, गुमला तथा दुमका जिला में वनोत्पाद तथा कृषि उपज हब का निर्माण किया जा रहा है। **किया जा रहा है क्षमतावर्द्धन :** मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि लैम्प्स-पैक्स के लेवल पर ग्रामीण लोगों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य के ए ग्रेड वाले लैम्प्स-पैक्स की संख्या को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। वनोपज राज्य सहकारी संघ लि निरंतर जिला संघ के साथ बैठक आयोजित कर कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है। बैठक में कृषि मंत्री बादल, अपर मुख्य सचिव एल ख्यानग्ते, प्रधान सचिव वंदना डाडेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, व अन्य अधिकारी समेत सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अतीक अहमद का...

**अतीक ड्रोन के जरिये पकिस्तान से मंगाता था हथियार :** पुलिस ने कोर्ट में जो अतीक अहमद को कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए अर्जी दी थी, उसमें माफिया के पाकिस्तानी कनेक्शन की बात सामने आयी है। यह भी बताया गया है कि वह किस तरह से हथियार मंगाता था। कोर्ट में पुलिस की तरफ से दी गई कस्टडी रिमांड अर्जी से अतीक अहमद और अशरफ का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। अतीक और अशरफ के पास पाकिस्तान से असलहे कारतूस आते थे। **उमेश पाल की मां और पत्नी बोलीं, सीएम ने निभाया फर्ज :** उमेश पाल हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों असद और गुलाम के मारे जाने पर उमेश पाल की मां और पत्नी ने संतोष जताया। मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें पहले से ही सीएम पर भरोसा है। वह हमारे साथ न्याय कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेटी के सुहाग के कातिलों को सजा दिलवायी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि इस कार्रवाई से पति की आत्मा को शांति मिलेगी। मैं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। वह मेरे पिता समान हैं। मुझे न्याय मिल रहा है।

स्पीड न्यूज

## सेना, वायुसेना ने पूर्वी सेक्टर में अभ्यास किया

**नयी दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना और वायुसेना के सामरिक बलों ने पूर्वी सेक्टर में एक बहु-क्षेत्रीय अभ्यास किया। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य निर्दिष्ट क्षेत्रों में संयुक्त योजनाओं पर काम कर इनकी पुष्टि करना था। उन्होंने बताया कि यह अभ्यास पिछले सप्ताह हुआ था।

## सड़क हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत

**होशियारपुर (पंजाब)।** जिले के खुरालगढ़ साहिब में बैसाखी मनाने जा रहे सात श्रद्धालुओं की गुरुवार को तड़के एक ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल लोग हो गए। गढ़शंकर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दलजीत सिंह ने बताया कि जान गंवाले वालों में अधिकतर लोग उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मस्तान खेड़ा के रहने वाले हैं।

## कराची में आग से चार दमकलकर्मियों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में गुरुवार को एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से कम से कम चार दमकलकर्मियों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय जिला उपायुक्त ताहा सलीम ने बताया कि न्यू कराची में घनी आबादी वाले औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कारखाने में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। मामले की जांच की जा रही है।

## आंध्र प्रदेश में हत्या के दोषी 5 को उम्रकैद

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा की एक अदालत ने कोविड लॉकडाउन की पहली और दूसरी लहर के दौरान शहर के आसपास की वृद्ध महिलाओं की हत्या कर उन्हें कोविड से हुई मौतों का रूप देने के जुर्म में पांच लोगों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विजयवाड़ा महिला सत्र अदालत की न्यायाधीश आई. शैलजा देवी ने वेलपुरी प्रभु कुमार (22), सुनकारा गोपी राजू (22), पोनमला चक्रवर्ती (21), मोरम नागा दुर्गा राव (21) और मैडी फणींद्र कुमार (20) को सजा सुनाई और सभी पर 1,300-1,300 रुपये का जुर्माना लगाया।

## पालघर हत्या मामले में एक और गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 15 साल पहले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसे मिला कर हिरासत में लिये गये लोगों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ताजा गिरफ्तारी ठाणे जिले के मीरा भायंदर इलाके से हुई है। इससे पहले इसी मामले में पिछले महीने उत्तराखंड से दो भाईयों को पकड़ा गया था।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में अभिषेक बनर्जी से पूछताछ करेगी इडी और सीबीआइ

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को सीबीआई और ईडी को तृणमूल कांग्रेस के निष्कासित नेता कुंतल घोष के आरोपों के सिलसिले में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से पूछताछ की अनुमति दे दी। बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार घोष ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियां उस पर घोटाले में अभिषेक बनर्जी का नाम लेने का दबाव बना रही हैं। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने ईडी और सीबीआई को अनुमति दी कि यदि केंद्रीय एजेंसियों को जरूरी लगता है तो वे इस मामले में कुंतल घोष से भी पूछताछ कर सकती हैं। घोष शिक्षक भर्ती घोटाले में न्यायकि हिरासत में है। उसने आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियां उस पर सांसद अभिषेक बनर्जी तथाअन्य बड़े नेताओं के नाम घोटाले से जोड़ने का दबाव बना रही हैं।

# अतीक अहमद को छुड़ाने की थी साजिश

## उप्र में अपराधियों के खिलाफ आगे भी ऐसी ही कार्रवाई होगी : डीजी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** सरकार की अपराध और अपराधियों व माफियाओं पर कार्रवाई की मंशा है। सरकार शुरू से ही जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रदेश के झांसी जनपद में उमेश पाल और दो सुरक्षा कर्मियों के हत्याकांड में शामिल पांच-पांच लाख के इनामी आरोपित असद और गुलाम को उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुठभेड़ में मार गिराया है। यह जानकारी गुरुवार को विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर दी। इस दौरान एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश में उपस्थित रहें।

**▸▸ झांसी एनकाउंटर करने वाली एसटीएफ टीम को डीजी प्रशांत कुमार ने दी बधाई**

विशेष डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि 24 फरवरी को प्रयागराज में बड़ी घटना घटित हुई थी। जिसमें महत्वपूर्ण गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में हमारे दो बहादुर पुलिस कर्मी भी शहीद हो गए थे। इस जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले पांच लोगों की पहचान कर ली गई थी। स्थानीय व मुख्यालय शासन स्तर से उन पर इनाम घोषित हुए थे।

**अरमान, असद, गुड्डू, शाबिर पर पांच-पांच लाख रुपये का था इनाम :** उन अपराधियों में अरमान, असद, गुड्डू, शाबिर पर पांच-पांच लाख का इनाम था। इनामी आरोपितों की धरपकड़ के लिए यूपी पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया था।



प्रशांत कुमार ने बताया कि आरोपितों की तलाश में लगातार एसटीएफ व सिविल पुलिस की टीमें फॉलो कर रही थी। इस घटना के सम्बंध में पुलिस की टीमें दो महत्वपूर्ण जगहों पर गई थी। इस दौरान साबरमती व बरेली गई टीमों द्वारा जब उमेश पाल हत्याकांड के जेल में बंद आरोपित अतीक और अशरफ को प्रयागराज लाये जाने पर उन्हें छुड़ाए जाने की सूचना मिली। इस इनपुट पर एसटीएफ की टीमों ने इस साजिश को नाकाम करते हुए प्रयागराज हत्याकांड की घटना में शामिल दो इनामी आरोपितों को आज लगभग साढ़े 12 से एक बजे झांसी में घेर लिया। यहां दोनों तरफ से गोलियां चली और एसटीएफ की टीम ने 24 फरवरी को प्रयागराज में जिन आरोपितों को जघन्य अपराध करते हुए सबने देखा था उनमें असद व गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया।

**ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर व पिस्टल बरामद :** आरोपियों के पास से अत्याधुनिक हथियार ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर व पिस्टल बरामद हुए हैं। अतीक अहमद के बेटे असद अहमद और गुलाम का एनकाउंटर करने वाली एसटीएफ की टीम में कुल 12 सदस्य शामिल थे। टीम में दो डिप्टी एसपी, दो कमांडो, दो इंस्पेक्टर, एक एसआई और पांच हेड कॉन्स्टेबल शामिल थे। विशेष डीजी लॉ एंड आर्डर ने कहा कि आगे भी अपराध व अपराधियों के प्रति अनुपालन में हमारी एसटीएफ, एटीएस व सिविल पुलिस ऐसी ही कार्यवाही करती रहेगी। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से एसटीएफ की टीम में शामिल सभी साथियों के कठिन परिस्थितियों में एक अच्छे ऑपरेशन को अंजाम दिए जाने पर धन्यवाद दिया।

### अखलाक की बेटी से होना था असद का निकाह



**मेरठ।** झांसी में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए माफिया अतीक अहमद के बेटे असद ने अपने फूफा डॉ. अखलाक अहमद के घर पर फरारी काटी थी। मेरठ से असद ने आर्थिक सहायता भी ली थी। अखलक की बेटी से असद का निकाह भी होना था। मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के भवानी नगर में माफिया अतीक अहमद की बहन रहती है। अतीक और उसके बेटे मेरठ में लगातार आते रहते थे। मेरठ के रार्धना के पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे के साथ असद की फोटो वायरल हुई थी।

## राहुल गांधी की याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला

**सूरत/अहमदाबाद।** गुजरात की सूरत कोर्ट 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर 2019 के मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। कोर्ट से 2 साल की सजा सुनाने और संसद की सदस्यता रद्द किये जाने के बाद राहुल गांधी ने अपनी सजा को चुनौती दी है। इस याचिका गुरुवार को आज अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुना। सूरत की अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से विभिन्न जजमेंट के आधार पर दलील दी गई। अदालत ने शिकायतकर्ता और बचाव पक्ष की दलीलें सुनीं। राहुल गांधी की लीगल टीम ने गुरुवार को नए दस्तावेज कोर्ट में पेश कर जवाब देने के लिए समय मांगा। इसके बाद फरियादी पक्ष के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इस तरह कोर्ट का समय क्यों बर्बाद किया जा रहा है। अदालत ने इस पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाने की घोषणा की है।

# शाह से मिले मांझी, नये समीकरण की अटकलें

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस घटनाक्रम के बाद राज्य में नए सियासी समीकरण बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मांझी ने शाह से यह मुलाकात ऐसे समय में की है, जब जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ गठबंधन बनाने के अपने प्रयास के तहत राष्ट्रीय राजधानी में हैं, जहां वह कई विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं।

हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने किसी भी तरह की अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की और अपने इस दावे को दोहराया कि नीतीश में देश का प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण हैं। मांझी ने कहा कि उन्होंने नीतीश के साथ बने रहने की शपथ ली है। भाजपा के साथ हाथ मिलाने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि उसने हम जैसे छोटे दलों के अस्तित्व के खिलाफ बोला है।दलित नेता मांझी के बेटे राज्य में राजद-जद(यू)-कांग्रेस और वामपंथी दलों की महागठबंधन सरकार में मंत्री हैं। मांझी की शाह से मुलाकात, दशरथ मांझी को

### बिहार में होबे खेला



भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की हम की मांग की पृष्ठभूमि में हुई है। उल्लेखनीय है कि दशरथ मांझी ने पहाड़ की दो दशक तक खुदाई कर एक मार्ग बनाया था। उनकी इस उपलब्धि पर एक फिल्म भी बनी है। शाह के साथ अपनी बैठक के बाद हम प्रमुख, नीतीश से मिलने भी पहुंचे ताकि ऐसी किसी भी धारणा को दूर किया जा सके कि वह फिर से अपना रुख बदल सकते हैं। वहीं, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बिहार में छोटे दलों को साधने में जुटी हुई है। जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सभी गुण हैं और वह 2024 में बदलाव लाने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने का ईमानदार प्रयास कर रहे हैं। वह जहां भी हैं, मैं उनके साथ हूं। उल्लेखनीय है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में जद(यू) की करारी हार के बाद नीतीश कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए चुने गए जीतन राम मांझी ने 2015 में उन्हें (नीतीश को) कुर्सी सौंपने को कहे जाने पर बगावत कर दी थी और भाजपा से हाथ मिला लिया था।

## जलसंकट से निपटने को देश के 150 जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने देश भर में जल संकट वाले 150 जिलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं ताकि कैच द रेन कार्यक्रम के तहत काम का जायजा लिया जा सके। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कैच द रेन कार्यक्रम वर्षा जल के संचय और संरक्षित करने पर केंद्रित है। अधिकरियों ने एक आधिकारिक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि नोडल अधिकारी वर्षा जल संचयन, संरक्षण उपायों सहित विभिन्न पहलुओं के कार्यान्वयन के समन्वय के लिए संबंधित जिलों का दौरा करेंगे। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस संबंध में, भारत सरकार के अधिकारियों को पानी की कमी वाले चिन्हित 150 जिलों में जेएसए: सीटीआर-2023 के तहत कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय नोडल अधिकारी (सीएनओ) नियुक्त किया जाता है, साथ ही उन्हें जिलों का दौरा करने के निर्देश दिए जाते हैं। केंद्रीय नोडल अधिकारी राज्य और जिला टीमों के अलावा तकनीकी अधिकारियों की टीम के साथ काम करेंगे।पानी की कमी का सामना करने वाले जिले अंडमान निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और तमिलनाडु आदि में हैं।

# शाहरुख की फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी की आने वाली फिल्म डंकी में शाहरूख खान और तापसी पन्नू की मुख्य भूमिका है। शाहरुख खान की फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी एक फ्रेम में नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान को ग्रीन रंग की टी शर्ट पहने देखा जा सकता है, वहीं उन्हें कंधे पर एक बैग टांगा हुआ है। बताया जा रहा है कि




फिल्म डंकी ऐसे प्रवासियों पर आधारित कहानी है जो यूएस या कनाडा में शिफ्ट होना चाहती है। फिल्म डंकी इसी साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

### 'जरा हटके जरा बच के' में नजर आयेगी विक्की और सारा की जोड़ी

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान और अभिनेता विक्की कौशल की जोड़ी फिल्म जरा हटके जरा बच के में नजर आयेगी।यह एक फैमिली फिल्म है। इसमें विक्की इंदौर के युवा के रोल में हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए हिंदी को इंदौरी टोन में बोलने का लहजा भी सीखा है। सारा का किरदार प्रॉपर इंदौर से नहीं रखा गया है।







सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल, 2023 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" अर्थात "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरुकता" रखा गया है।

अग्निकांड एक भयावह प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार!

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि आग की विभीषिका के प्रति वे सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरुकता" रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार!

PRNO : 295105 (IPRD)23-24

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार

EAR LOBE REPAIR
HLCCS — SKIN, HAIR, COSMETICS AESTHETIC AND LASER CENTER
(कटे हुए कान को ठीक करवाएँ)




- बिना टांके (Stitches) के कान ठीक किये जाते है।
- किसी प्रकार का दर्द नहीं होता है।
- किसी प्रकार का कोई परहेज नहीं करना पड़ता है।
- 100% प्रतिशत पक्का Treatment
- किसी प्रकार का कोई भी साईड इफेक्ट नहीं होता है।

Mob. 09334334935, 09431529553
हरमु बाई पास रोड, पुरुण विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट अरगोड़ा, राँची 834002

SN संजीव नेत्रालय
सुपरस्पेशलिटी रेटिना हॉस्पिटल
डिमना रोड, उलिडीह थाना के बगल में, मानगो, जमशेदपुर - 831012.
मोबाईल नं॰ : 7283008800 / 9297992288

संजीव नेत्रालय एक नजर में: संजीव नेत्रालय विगत 16 वर्षों से भी अधिक समय से चाईबासा, चक्रधरपुर एवं पिछले 4 वर्षों से जमशेदपुर में अर्थात पुरे कोल्हान एवं इसके बाहर के नेत्र मरीजों में एक सर्वश्रेष्ठ नेत्र सेवा प्रदाता के रूप में विख्यात है, जहाँ 20 वर्षों से अधिक समय से 1.50 लाख सफल नेत्र ऑपरेशन करने वाले डॉ॰ संजीव कुमार तिरिया एवं उनकी अनुभवी सर्जनों के साथ प्रतिबद्ध डाक्टरों की टीम द्वारा हर वक्त अपने मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर रहते हैं। जिनमें दर्द रहित मोतियाबिन्द सर्जरी, एडवान्स विट्रियो रेटिना सर्जरी, काला मोतिया का ऑपरेशन एवं चिकित्सा, आँखों की जाँच, चश्मे एवं कान्टेक्ट लेंस के लिए दृष्टि परिक्षण के अलावा सभी तरह के जटिल से जटिल नेत्र रोग के समाधान की सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध है। कोल्हन का एक मात्र आँख का अस्पताल जहाँ रेटिना का अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा आँखों का पर्दा का अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही साथ अत्याधुनिक लेजर मशीनों के द्वारा पर्दा का लेजर ट्रीटमेंट भी किया जाता है। संजीव नेत्रालय में अंतराष्ट्रीय स्तर के एडवांस्ड तकनीक के मशीन द्वारा सभी प्रकार की जाँच एवं ऑपरेशन की जाती है, जिससे मरीजों को ऑपरेशन के पश्चात् आँखों की रौशनी वापस आने में काफी सहायक होती है। संजीव नेत्रालय में फैको पद्धति के द्वारा मोतियाबिन्द का सफलता पूर्वक ऑपरेशन करने के कुछ ही घंटों में छुट्टी लेकर मरीज अपने घर जा सकते हैं। संजीव नेत्रालय हर साल शहर के अलग-अलग स्थानों पर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन करते है जिसमें हजारों मरीजों का नेत्र जाँच एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत ऑपरेशन करवाने का सुविधा उपलब्ध कराती है। संजीव नेत्रालय हर साल 12 हजार से भी ज्यादा आँखों के सफलता पूर्वक ऑपरेशन करते आ रहा है जो अपने आप में एक उपलब्धि है क्योंकि वहां के अनुभवी डॉक्टर, टेक्निशियन एवं सपोर्ट स्टाफ की टीम निरंतर तत्पर रहतें हैं कि कैसे मरीजों को बेहतर से बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान कर सकें। आँखों से संबंधित कोई भी जानकारी के लिए अस्पताल के वेबसाईट www.sanjeevnetralaya.org पर विजिट कर सकते हैं।



डॉ. संजीव कुमार तिरिया
एमबीबीएस एमएस, नेत्र रोग विशेषज्ञ (एम्स न्यू दिल्ली) : जो पटना मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के पश्चात् एम्स नई दिल्ली से एमडी (ऑफ्थल्मोलॉजी) करने के अलावा नेपाल के लहान आई हॉस्पीटल से एन्टीरिया सीगमेन्ट सर्जरी में फेलोशिप भी किये हैं। आँख से संबंधित किसी भी बिमारी का ईलाज का अनुभव 20 वर्षों से अधिक का है एवं अब तक उन्होंने 1.5 लाख से अधिक आँख से संबंधित रोगों का सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर चुके हैं। ये अपने आप में एक सम्मानजनक बात है जिनका सेवा अब पूरे कोल्हान क्षेत्र को मिल रहा है।




जमशेदपुर वासियों के लिए संजीव नेत्रालय लाया है आई चेक-अप की सुविधा अब आपके घर पर

डिमना रोड, उलिडीह थाना के बगल में, मानगो स्थित संजीव नेत्रालय 14 अप्रैल को अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है उक्त अवसर पर शहर के आँख के मरीजों को विशेष सहायता देने के लिए एक स्किम "आपके घर तक" लॉच किया जा रहा है। बहुत सारे मरीज जो अधिक उम्र के हैं और चलने फिरने में असमर्थ हैं एवं जिन मरीजों के पास समय का अभाव है वैसे मरीजों के लिए उनके घर पर ही जाकर संजीव नेत्रालय की टीम के द्वारा आँख की जांच की जायेगी तत्पश्चात् अगर जरूरी हुआ तो उन्हें अस्पताल पर भी बुलाया जा सकता है और उसके लिए उन्हें अलग से नम्बर लगाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी वे मरीज सीधे अस्पताल आकर डॉक्टर से सम्पर्क कर सकते हैं, इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए मरीज को अग्रिम बुकिंग कराना आवश्यक होगा एवं उन्हें अस्पताल से अग्रिम बुकिंग अथवा मोबाईल नं॰ 7283008800 / 9297992288 पर सम्पर्क की जा सकती है।

Associates for Cashless Services
- ADITYA BIRLA HEALTH INSURANCE
- AYUSHMAN BHARAT JAN AROGYA YOJANA
- APOLLO MUNICH HEALTH INSURANCE COMPANY LIMITED
- BAJAJ ALLIANZ
- BHARTI AXA GENERAL INSURANCE + FHPL TPA
- CHOLA MS GENERAL INSURANCE
- ERICSON INSURANCE TPA PRIVATE LIMITED
- EAST WEST PTA
- ESIC HOSPITAL, ADITYAPUR
- FAMILY HEALTH PLAN (TPA) LIMITED
- FUTURE GENERAL HEALTH INSURANCE
- HEALTH INSURANCE TPA
- HEALTH INDIA TPA PVT. LTD.
- HDFC ERGO GENERAL INSURANCE COMPANY Ltd.
- HERITAGE HEALTH INSURANCE TPA PVT. LTD.
- ICICI LOMBARD
- IFFCO TOKIO GENERAL INSURANCE
- MD INDIA TPA
- MEDI ASSIST TPA
- SAFEWAY INSURANCE TPA PVT. LTD.
- STAR HEALTH GENERAL INSURANCE
- TATA AIG (TPA FHPL)
- UNITED HEALTHCARE INDIA PAREKH
- UNIVERSAL SAMPO GENERAL INSURANCE CO. LTD.
- VIPUL MEDCORP TPA PVT. LTD.
- VIDAL TPA

ADVT.